

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विरासत का नायाब तोहफा हैं विंटेज कारें व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -200, पृष्ठ -16+4, मूल्यः - 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अयोध्या, रविवार, 25 फरवरी 2024




**आज का मौसम** 27.0° अधिकतम तापमान | 13.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 37 सूर्यास्त 06 : 07


दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी... 2


## यात्री बसों, भारी वाहनों में भी लगानी होगी सीट बेल्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईआरएफ का राजमार्ग मंत्रालय से अनिवार्य करने का अनुरोध

सड़क सुरक्षा के वैश्विक निकाय इंटरनेशनल रोड फेडरेशन (आईआरएफ) ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) से सड़क दुर्घटनाओं में हताहतों और घायलों को कम करने के लिए यात्री बसों और स्कूल बसों सहित सभी भारी वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य करने का आग्रह किया है।

आईआरएफ के मानद अध्यक्ष केके कपिला ने मंत्रालय को लिखे पत्र में कहा कि बसों में सीट बेल्ट उपलब्ध कराने की तत्काल जरूरत है, जिसे अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल दहला देने वाली यात्री बस दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें निर्दोष लोगों की जान चली गई। उनमें से कई लोग बच गए होते, अगर उन्होंने सीट बेल्ट लगा रखी होती। कपिला ने बताया कि 2021 के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका में बस हादसों में केवल 14 व्यक्तियों की जान गई। 2022 में चीन में 215 मौतें हुईं। उन्होंने बताया कि विकासशील और विकसित दोनों देशों ने बसों जैसे सार्वजनिक परिवहन के लिए कड़े सुरक्षा मानकों को अपनाकर उल्लेखनीय परिणाम हासिल किए हैं।

### उप्र पुलिस में 60,244 पदों के लिए 17-18 फरवरी को हुई परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

# सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त, छह माह बाद फिर से होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- पेपर लीक होने के प्रकरण की एसटीएफ करेगी जांच
- अभ्यर्थियों को मिलेगी रोडवेज बस में मुफ्त यात्रा सुविधा

**अमृत विचार :** पेपर लीक होने की खबरों के बीच शासन ने उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए हुई परीक्षा-2023 को निरस्त कर दिया है। 17 व 18 फरवरी को आयोजित इस परीक्षा में 48 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। परीक्षा के संबंध में जारी एसटीएफ की जांच और अब तक की कार्रवाई की समीक्षा करते हुए शनिवार को मुख्यमंत्री के निर्देश पर यह फैसला किया गया। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि युवाओं की मेहनत से खिलवाड़ और परीक्षा की शुचिता से समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। ऐसे अराजकतत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई होनी तय है।

शासन ने पुलिस भर्ती बोर्ड को यह निर्देश दिए हैं कि जिस भी स्तर पर लापरवाही बरती गई है, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शासन ने प्रकरण की जांच एसटीएफ से कराए जाने का फैसला किया है। दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। शासन ने छह माह में पुनः परीक्षा आयोजित करने तथा उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों से अभ्यर्थियों को निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए हैं।

## आरओ/एआरओ परीक्षा की शिकायतों की होगी जांच

- मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने 27 फरवरी तक मांगे साक्ष्य

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उप्र. लोक सेवा आयोग द्वारा बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 से जुड़ी शिकायतों की जांच कराने का निर्णय लिया है।

इस संबंध में अपर मुख्य सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक डॉ देवेश चतुर्वेदी ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक बीते 11 फरवरी को आयोजित की गई समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) परीक्षा - 2023 के संबंध में शासन को संज्ञान में लाए गए तथ्यों एवं शिकायतों के दृष्टिगत परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता के उद्देश्य में यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायतों का शासन स्तर पर परीक्षण किया जाए। आदेश में कहा गया है कि इस परीक्षा के संबंध में किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा इसकी शुचिता को प्रभावित करने वाले तथ्यों को संज्ञान में लाना चाहें तो वह अपना नाम तथा पूरा पता तथा साक्ष्यों सहित कार्मिक व नियुक्ति विभाग के ई-मेल आई.डी. secyappoint@nic.in पर 27 फरवरी तक उपलब्ध करा सकते हैं।









# कासगंज में अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्रॉली तालाब में पलटी, 23 की जान गई

### मृतकों में 13 महिलाएं और 9 बच्चे, ट्राली के पहिए की बैरिंग टूटने से हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



तालाब में डूबे लोगों को जेसीबी से बाहर निकालती पुलिस और ग्रामीण।

- एटा के गांव नगला कसा से स्नान मुंडन के लिए जा रहे थे गंगा घाट

**अमृत विचार :** कासगंज में गंगा स्नान के लिए जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बैरिंग टूटने से अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गई। हादसे में 23 लोगों की मौत हो गई जबकि 20 से अधिक घायल हैं। कमिश्नर, आईजी, डीएम, एसपी, राजस्व मंत्री ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना।

एटा जिले के थाना जैथरा क्षेत्र के गांव नगला कसा निवासी गौरव के छह माह के बेटे का मुंडन होना था। शनिवार को माघ पूर्णिमा पर बच्चे के मुंडन संस्कार को लेकर गौरव के परिवार में भारी उत्साह था। परिजनों, रिश्तेदारों के अलावा गांव के लोगों के साथ आसपास के गांव खिड़िया, रोरी, बरार के भी कुछ ग्रामीण ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा घाट कादरगंज जा रहे थे। ट्रैक्टर गौरव ही चला रहे थे। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के गांव ककराला के समीप पहुंचे कि अचानक ट्रॉली के पहिए का बैरिंग टूटने से ट्रॉली अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई और श्रद्धालु पानी में डूब गए। आसपास के ग्रामीणों ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची इससे पहले ही ग्रामीण ट्रॉली को सीधा करने का प्रयास करने लगे। बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने ट्रॉली को हटाया फिर डूबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। पुलिस भी मदद में जुट गई। लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया जहां एक-एक कर कई लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। दोपहर बाद तक मृतकों की संख्या 23 पहुंच गई। मृतकों में 13 महिलाएं, 9 बच्चे हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण एवं राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान को एटा के गांव कसा एवं कासगंज के गांव ककराला पहुंचने के निर्देश दिए। कमिश्नर रविंद्र कुमार, आईजी शलभ माथुर, डीएम सुधा वर्मा, एसपी अपर्णा रजत कौशिक भी मौके पर पहुंचे। सांसद राजवीर सिंह के अलावा विधायकों ने भी मौके पर और अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। घटना में 20 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं, जिनका उपचार चल रहा है।

> घटना दुखद है। शाम तक 23 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। एटा और कासगंज जिला प्रशासन पीड़ित परिवारों की मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। घटनास्थल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से पूरी जानकारी ली है। घायलों के इलाज के लिए हर पल नजर रखी जा रही है।
> – **रविंद्र कुमार**, मंडलायुक्त अलीगढ़।

# सीएम फ्लीट की एंटी-डेमो गाड़ी कार से टकराई, 15 लोग घायल

- अनियंत्रित एंटी-डेमो गाड़ी के सामने कुत्ता आने से हुआ हादसा
- कैंट के अर्जुनगंज क्षेत्र में देर शाम हुई दुर्घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराने के लिए ले जाते सुरक्षा और स्वस्थ्यकर्मी।

**अमृत विचारः** कैंट थानाक्षेत्र अंतर्गत अर्जुनगंज बाजार में मुख्यमंत्री सुरक्षा में चलने वाली एंटी-डेमो गाड़ी सामने जा रही कार से टकरा गई। हादसा शनिवार शाम एंटी-डेमो के सामने कुत्ते के आने के कारण हुआ। हादसे में 15 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। इसमें पांच पुलिसकर्मी और 6 अन्य कार सवार है। सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से ट्रामा सेंटर व राममनोहर लोहिया संस्थान रेफर कर दिया गया। सभी की हालत नाजुक बताई जा रही है।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के मुताबिक, यह दुर्घटना शाम लगभग 7:45 बजे हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेड़े की सुरक्षा के लिए इंटरसेप्टर और एंटी-डेमो वाहनों सहित जिला पुलिस के वाहन फ्लीट में चलते हैं। सभी वाहन चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से कालीदास मार्ग पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कैंट के अर्जुनगंज बाजार के पास फ्लीट के एंटी-डेमो वाहन के सामने एक कुत्ता आ गया था। उसे बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कई वाहनों से टकरा गई।

### ये हुए घायल

हादसे में पुलिसकर्मी राम सिंह, अवध नारायण, मो. सलीम, विजय प्रताप, शिवम यादव, विजय कुशवाहा और सिविलियल सुशीला पत्नी संतोष, प्रिया, अस्फाशा सिद्दीकी, हसनैन, खालिद आजम, कार्तिक त्रिपाठी, शाहनाज, एक अन्य अज्ञात महिला और मुस्तकीम शामिल हैं।

### प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी पहुंचे सिविल अस्पताल

हादसे की सूचना मिलते ही प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, डीजीपी प्रशांत कुमार, पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार सहित कई अधिकारी पहुंचे। हादसे के बारे में जानकारी हासिल किया। प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी ने सभी घायलों के बेहतर इलाज के इंतजाम का निर्देश दिया।

### एक नजर

#### आतंकवाद मामले में एनआईए ने चार के घर कुर्क किए

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने मादक पदार्थों की बिक्री से अर्जित आय से आतंकी गतिविधियों के वित्त पोषण के मामले में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में शनिवार को चार आरोपियों के आवास कुर्क किए। एनआईए ने एक बयान में कहा कि यह मामला मादक पदार्थों से अर्जित धन का इस्तेमाल जम्मू कश्मीर के हंदवारा-कुपवाड़ा क्षेत्र में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन द्वारा आतंकी गतिविधियों का वित्त पोषण करने के लिए किए जाने से संबद्ध है।

#### जेल वार्डर के भाई की सऊदी अरब में हत्या

**फतेहपुर।** चांदपुर थाने के बबई निवासी युवक की सऊदी अरब में हत्या कर दी गई। खबर आने के बाद परिजन बेहाल हैं। करीब एक माह में शव के आने की उम्मीद है। चांदपुर थाने के बबई निवासी श्याम बिहारी विश्वकर्मा का पुत्र विजय शंकर डेढ़ साल पहले सऊदी अरब की राजधानी रियाद कमाने गया था। सऊदी में वह ड्राइवर था। बहराइच जेल में वार्डर के पद पर तैनात भाई प्रेम शंकर ने बताया कि करीब 15 दिन पहले भाई की हत्या की खबर उसके मालिक ने दी। भाई की किसी वजह से तीन लोगों ने हत्या कर दी।

## दिल्ली में आप चार सीटों पर तीन पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों दलों में दिल्ली, गुजरात, गोवा, हरियाणा में बनी सीटों के बंटवारे पर सहमति
- पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर अलग अलग चुनाव लड़ने का फैसला

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को दिल्ली, गुजरात, गोवा और हरियाणा में सीट बंटवारे की घोषणा की जिसके तहत राष्ट्रीय राजधानी में आप चार और कांग्रेस तीन सीट पर चुनाव लड़ेगी। आम आदमी पार्टी गुजरात की भरूच और भावनगर सीट तथा हरियाणा की कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों पर दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव लड़ने का फैसला किया है, हालांकि चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस अपना प्रत्याशी उतारेगी।

विपक्षी गठबंधन ''इंडिया'' घटक दलों के बीच पिछले कुछ दिनों के भीतर सीट बंटवारे से जुड़ी यह दूसरी महत्वपूर्ण घोषणा है। गत 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे का ऐलान किया गया था। उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 पर चुनाव लड़ रही है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि कांग्रेस और आपका गठबंधन एक अवसरवादी गठबंधन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक ने आम आदमी पार्टी के नेता संदीप पाठक, सौरभ भारद्वाज और आतिशी के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सीट बंटवारे की घोषणा की।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी



**फतेहपुर।** श्री कृष्ण जन्मभूमि के मुकदमे की पैरवी से लौट रहे पक्षकार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी व्हाट्सएप कॉल के जरिये दी गई। फोन करने वाले ने खुद को पाकिस्तान के आतंकी संगठन का बताया है। वृंदावन श्रीमठ माहेश्वरी धाम मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर निवासी भृगुवंशी आशुतोष पांडेय ने बताया कि वह मथुरा के कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि बनाम शाही मस्जिद ईदगाह वाद के मुख्यवादी और पक्षकार हैं। वे शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई में हाईकोर्ट गए थे। वहां से शाम को मथुरा जा रहे थे। शाम आठ बजे उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने मुकदमा वापस न लेने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। एसएसआई संतोष कुमार ने बताया तहरीर की जांच की जा रही है। एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस के माध्यम से जांच कराई जा रही है।

## जुलाई से प्रभावी होंगे नए आपराधिक कानून : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

### अधिसूचना जारी

- आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम की लेंगे जगह
- हिट एंड रन मामलों के प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे

देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए अधिसूचित किए गए तीन नए कानून - भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम - एक जुलाई से लागू होंगे। हालांकि, 'हिंट एंड रन' से जुड़े मामलों से संबंधित प्रावधान तत्काल प्रभावी नहीं होंगे। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिल गई और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन कानून को अपनी सहमति दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी तीन अधिसूचनाओं के अनुसार, नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का उद्देश्य विभिन्न अपराधों को परिभाषित करके उनके लिए सजा तय करके देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

## जो भाजपा को हराना चाहते हैं वो हमारे साथ आएं : जयराम रमेश

**अमरोहा।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गठबंधन के विस्तार और इसमें बहुजन समाज पार्टी की एंट्री को लेकर बड़ा बयान दिया। कहा कि भाजपा को हराने के लिए मायावती के साथ आएं। इंडिया गठबंधन में मायावती का स्वागत है। शनिवार को जिले में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। दोपहर करीब तीन बजे यात्रा संभल के लिए रवाना हुई। उससे पहले जोया-संभल मार्ग पर स्थित डब्ल्यूटीएम डिग्री कॉलेज में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पत्रकार वार्ता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार किसानों को नजरअंदाज कर रही है। हमारी पार्टी इस पर गंभीर है।

# महायोजना 2031 : लखनऊ जिले की सीमा तक होगा एलडीए का विस्तार

### स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते हुए सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करें: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने रामनगर (वाराणसी), मुरादाबाद, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ के सुनियोजित विकास के लिए दिए महायोजना के विस्तार के निर्देश
- मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का होगा विस्तार नया बस टर्मिनल और बाईपास मार्ग बनेंगे



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को उच्च स्तरीय बैठक में जनपद वाराणसी के रामनगर, मुरादाबाद के गजरौला, हापुड़, रायबरेली, बरेली और लखनऊ की महायोजना 2031 का प्रस्तुतिकरण देखा। निर्देश दिए कि सभी जगह सुनियोजित विकास समेत विस्तार की मुकम्मल योजना बनाएं। कहा कि लखनऊ विकास प्राधिकरण का विस्तार संपूर्ण लखनऊ जनपद की सीमा तक हो। मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों का विस्तार करने के साथ नया बस टर्मिनल और बाईपास बने। उन्होंने स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर वाराणसी को केंद्र में रखते आस-पास के जिलों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास पर उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में सख्त निर्देश दिया कि महायोजना लागू करने में अब देर न हो। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद कर यथाशीघ्र लागू करें। लखनऊ विकास प्राधिकरण की सीमा को पूरे लखनऊ जनपद तक विस्तार दिया जाए। इन प्रयासों से राज्य राजधानी क्षेत्र में सुनियोजित और सुस्थिर विकास को गति मिलेगी। निर्देश दिया कि लैंड यूज के बारे में जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए। हर कोई आसानी से किसी भूमि की स्थिति जान सके। हर खसरे के बारे में अपडेट जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी को केंद्र में रखते हुए स्टेट कैपिटल रीजन की तर्ज पर सीमावर्ती जनपदों को जोड़कर एक रीजनल डेवलपमेंट प्लान तैयार करके विस्तृत कार्ययोजना तलब की। निर्देश दिया कि विकास प्राधिकरणों को नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। नगर निगम के बाहर विस्तार लेना होगा। इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले श्रमिकों को समीप में ही अवासीय सुविधा भी उपलब्ध कराने के प्रयास होने चाहिए ।

मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि मुरादाबाद (गजरौला) के नए मास्टर प्लान में औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों को और विस्तार दें। निर्देश दिया कि नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर जोन तय होने चाहिए। महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित होनी चाहिए। कहा कि रायबरेली में एम्स की सुविधा है। इसे इस बार महायोजना का हिस्सा बनाएं। नगर में नए टाउनशिप का विकास किया जाना चाहिए। तालाबों/पोखरों व अन्य जलाशयों का संरक्षण हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों की वर्तमान स्थिति व भविष्य की आवश्यकताओं का व्यापक अध्ययन होना चाहिए। वहां के पोटेंशियल को जरूर देखें। हर जनपद में कुछ न कुछ खास है, उसे प्रोत्साहित करें।

### कोई भी गांव और आबादी नहीं घोषित होगी ग्रीन लैंड

मुख्यमंत्री स्पष्ट निर्देश दिया है कि बहुत से गांव अब नगरीय महायोजना का हिस्सा बने हैं, यह ध्यान रखें कि इन गांवों को ग्रीन लैंड के रूप में घोषित न किया जाए। किसी भी सूरत में आबादी की भूमि ग्रीन लैंड नहीं होगी।

## बनभूलपुरा हिंसा का मुख्य आरोपी अब्दुल गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची पुलिस, बेटा और पत्नी अभी भी फरार



**अमृत विचार :** पुलिस ने बनभूलपुरा हिंसा के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस मलिक को लेकर शनिवार की शाम हल्द्वानी पहुंची, देर रात मेडिकल कराने के बाद रिमांड मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मलिक की पत्नी सोफिया और बेटे अब्दुल मोईद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा ने शनिवार को पुलिस बहुद्देश्यीय भवन में हुई प्रेस वार्ता में बताया कि बनभूलपुरा बवाल के मास्टर माइंड अब्दुल मलिक निवासी लाइन नंबर-8 आजाद नगर की गिरफ्तारी के लिए एसओजी समेत छह टीमें लगी हुई थीं। टीमें दिल्ली, हरियाणा, उप्र, गुजरात, बिहार, महाराष्ट्र में तलाश कर रही थीं।

## खेल डायरी

### सुमित नागल को दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला



**दुबई, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल को एटीपी 500 टूर्नामेंट दुबई चैंपियनशिप के मुख्य ड्रा के लिए वाइल्डकार्ड मिला है। टूर्नामेंट के क्वालीफायर शनिवार को शुरू हो गए और मुख्य ड्रा के मैच सोमवार से आरंभ होंगे। नागल का सामना पहले दौर में इटली के लोरेंजो सोनेगो से होगा, जिनकी मौजूदा विश्व रैंकिंग 49 है। इस 26 साल के भारतीय का यह साल शानदार रहा है, उन्होंने पिछले महीने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रा के लिए क्वालीफाई किया था, जिसमें वह कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुबलिक को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। वह 1989 के बाद ग्रैंडस्लैम में वरीय खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। इस महीने नागल ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 98 रैंकिंग हासिल की थी लेकिन पिछले हफ्ते एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट चेन्नई ओपन जीतने के बावजूद 101वें स्थान पर खिसक गये थे। दुबई चैंपियनशिप में रूस के दानिल मेदवेदेव शीर्ष वरीय हैं।

### कैमरन नोरी रियो ओपन के सेमीफाइनल में

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** गत चैंपियन कैमरन नोरी ने ब्राजील के थियागो सेबोथ वाइल्ड को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में पराजित करके रियो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त नोरी ने वाइल्ड को हराया। सेमी फाइनल में उनका सामना अर्जेंटीना के मरियानो नवोन से होगा जिन्होंने ब्राजील के जोआओ फोंसेका को हराया। इससे पहले अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में वह एक दूसरे के आमने-सामने होंगे। चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने सर्बिया के दुसान लाजोविच को हराया। सेमीफाइनल में उनके प्रतिद्वंद्वी सेबेस्टियन बेज होंगे, जिन्होंने ब्राजील के थियागो मोंटेइरो को पराजित किया।

### कलिंस्काया दुबई ओपन के फाइनल में

**दुबई, एजेंसी।** क्वालीफायर अन्ना कलिंस्काया ने इगा स्वियातेक को उलटफेर का शिकार बनाकर दुबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। कलिंस्काया ने स्वियातेक को सीधे सेटों में पराजित किया। यह एक वर्ष में पहला अवसर है जबकि स्वियातेक को सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। कलिंस्काया पहली क्वालीफायर हैं जिन्होंने शीर्ष 10 में शामिल तीन खिलाड़ियों को हराकर दुबई ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले उन्होंने येलेना ओस्टापेंको और कोको गाफ को हराया था। कलिंस्काया फाइनल में इटली की विश्व में 26वें नंबर के खिलाड़ी जैसमीन पाओलिनी से भिड़ेगी। पाओलिनी ने सेमीफाइनल में सोराना क्रिस्टिया को हराया।

### जेडन शॉ के दो गोल, अमेरिका ने गोल्ड कप में अर्जेंटीना को 4-0 से रौंदा



**कार्सन (अमेरिका), एजेंसी।** जेडिन शॉ के दो गोल से अमेरिका ने शुक्रवार रात कोनकाकॉफ महिला गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में अर्जेंटीना को 4-0 से शिकस्त दी। अमेरिका ने पहले 20वें मिनट तक 3-0 से बढ़त बना ली थी। उसके लिए 19 साल की शॉ ने 10वें और 18वें मिनट में गोल दागे जबकि अनुभवी एलेक्स मोर्गन ने 19वें मिनट में हेडर के जरिए तीसरा गोल किया। टीम के लिए अंतिम गोल लिंडसे होरान ने 77वें मिनट में पेनल्टी किक पर दागा। अमेरिका अब ग्रुप चरण के अंतिम मैच में सोमवार को मेक्सिको के सामने होगा, जिसने डोमिनिक गणराज्य को 8-0 से मात दी।

# स्पिन में फंसा भारत, बढ़त के करीब इंग्लैंड

## चौथे टेस्ट के दूसरे दिन भारत की पहली पारी लड़खड़ाई, 219 रन पर गवांए 7 विकेट

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**





**रांची, एजेंसी**

शोएब बशीर (84 रन देकर 4 विकेट) और टॉम हार्टली (47 रन देकर 2 विकेट) ने भारतीय बल्लेबाजों को अपने स्पिन में फंसाकर इंग्लैंड को चौथे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने की तरफ अग्रसर किया। भारत ने इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 7 विकेट पर 219 रन बनाए।

भारत अभी इंग्लैंड से 134 रन पीछे है। यशस्वी जायसवाल को छोड़कर अन्य बल्लेबाजों को स्पिनरों के लिए सामंजस्य बिठाने में परेशानी हुई। जायसवाल ने 117 गेंद पर 73 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 1 छक्का है। वह 55 रन पर पहुंचते ही 1 टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे अधिक रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बल्लेबाज बने। उन्होंने दो मैच में दोहरे शतक जमाए थे। भारत का स्कोर एक समय 7 विकेट पर 177 रन था, लेकिन इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल (58 गेंद पर नाबाद 30) और कुलदीप यादव (72 गेंद पर नाबाद 17) ने दिन के बाकी बचे 17.4 ओवर में कोई झटका नहीं लगने दिया। दोनों ने आठवें विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की है। भारत ने पहले सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (02) तथा दूसरे सत्र में शुभमन गिल (38), रजत पाटीदार (17) और रविंद्र जडेजा (12) के विकेट गंवाए। इंग्लैंड की तरफ से दूसरे सत्र में तीनों विकेट बशीर ने लिए। जायसवाल, सरफराज खान (14) और रविचंद्रन अश्विन (01) तीसरे सत्र में पवेलियन लौटे। इससे पहले इंग्लैंड की पारी का आकर्षण जो रूट का शतक रहा। वह 274 गेंद पर 10 चौकों की मदद से 122 रन बनाकर नाबाद रहे।

उन्होंने ओली रॉबिंसन (96 गेंद पर 58 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की। भारत के जडेजा ने 67 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में ही रोहित का विकेट गंवा दिया। जेम्स एंडरसन की ऑफ स्टंप से बाहर जाती गेंद रोहित के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर बेन फॉक्स के दस्तानों में समा गई। जायसवाल ने गिल के साथ दूसरे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की लेकिन 44 रन के अंदर 3 विकेट गंवाने से भारत फिर बैकफुट पर चला गया।

गिल शुरू में सतर्कता बरतने के बाद जब अपने अंदाज में बल्लेबाजी कर रहे थे तब बशीर की गेंद पर अंपायर ने उन्हें पगबाधा आउट दे दिया। जायसवाल जब 40 रन पर थे तब कप्तान बेन स्टोक्स ने उन्हें जीवनदान दिया। इस बल्लेबाज ने इसके बाद रॉबिंसन के खिलाफ कदमों का अच्छा इस्तेमाल किया और बशीर पर छक्का भी जमाया। पाटीदार फिर से मौके का फायदा उठाने में असफल रहे। वह बशीर की गेंद पर पगबाधा आउट होने से पहले अपनी पारी के दौरान किसी भी समय सहज नहीं दिखे। जडेजा ने हार्टली पर लगातार दो छक्के लगाए लेकिन बशीर ने अगले ओवर में उन्हें ओली पोप के हाथों कैच करा दिया।

बशीर ने जायसवाल को बड़ी पारी नहीं खेलने दी और नीची रहती गेंद पर उन्हें बोल्ड करके भारत को करारा झटका दिया। अपने पदार्पण टेस्ट मैच की दोनों पारियों में अर्धशतक जड़ने वाले सरफराज को भी रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। हार्टली की गेंद पर रूट ने स्लिप में उनका शानदार कैच लिया। हार्टली ने अश्विन को भी ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया। इंग्लैंड ने सुबह अपनी पहली पारी 7 विकेट पर 302 रन से आगे बढ़ाई।

जडेजा ने पहले सत्र में बाकी बचे तीन विकेट लेकर भारत को वापसी दिलाई। रूट के शतक और रॉबिंसन के अपने करियर के पहले अर्धशतक की मदद से इंग्लैंड पहले दिन लंच तक 112 रन पर 5 विकेट गंवाने के बावजूद चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रहा। इंग्लैंड ने इसके बाद 241 रन जोड़े।

## यशस्वी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने वाले 5वें भारतीय



**रांची, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे मैच के दूसरे दिन एक टेस्ट श्रृंखला में 600 या इससे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें भारतीय बन गए। पिछले साल वेस्टइंडीज दौरे पर पदार्पण करने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज जायसवाल ने मौजूदा 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में अपनी सातवीं पारी के दौरान यह उपलब्धि अंतिम सत्र में शोएब बशीर पर एक रन लेकर नाबाद 55 रन तक पहुंचने के बाद हासिल की। जायसवाल ने मौजूदा श्रृंखला के दूसरे और तीसरे टेस्ट में दो दोहरे शतक जमाये हैं। इस तरह 22 साल का यह खिलाड़ी एक टेस्ट श्रृंखला में 600 से ज्यादा रन बनाने के कारनामे में भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर, विराट कोहली, राहुल द्रविड़ और दिलीप सरदेसाई के साथ शामिल हो गया। पूर्व भारतीय कप्तान गावस्कर, कोहली और द्रविड़ ने अपने करियर में एक टेस्ट श्रृंखला में दो बार 600 से ज्यादा रन बनाए। वहीं सरदेसाई ने यह उपलब्धि 1970-71 में वेस्टइंडीज में हुई श्रृंखला में हासिल की थी। गावस्कर ने 1970-71 की इस श्रृंखला में ही 4 शतक और तीन अर्धशतकों से 774 रन जुटाकर एक टेस्ट श्रृंखला में किसी भारतीय बल्लेबाज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। गावस्कर ही एकमात्र भारतीय हैं जो एक टेस्ट श्रृंखला में दो मौकों पर 700 से ज्यादा रन जुटा सके हैं। 'लिटिल मास्टर' ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के भारत दौरे पर चार शतक और एक अर्धशतक से छह टेस्ट में 732 रन बनाये थे। एक टेस्ट श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज डॉन ब्रैडमैन के नाम है जिन्होंने 1930 में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट में चार शतकों से 974 रन बनाए थे।

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | | | 353/10 (104.5 ओवर) |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जाक क्रॉली बो आकाश दीप | 42 | 42 | 6/1 |
| बेन डकेट का जुरेल बो आकाश दीप | 11 | 21 | 1/0 |
| ओली पोप पगबाधा बो आकाश दीप | 00 | 02 | 0/0 |
| जो रूट नाबाद | 122 | 274 | 10/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो अश्विन | 38 | 35 | 4/1 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो जडेजा | 03 | 06 | 0/0 |
| बेन फोक्स का जडेजा बो सिराज | 47 | 126 | 4/1 |
| टॉम हार्टली बो सिराज | 13 | 26 | 1/1 |
| ओली रॉबिनसन का जुरेल बो जडेजा | 58 | 96 | 9/1 |
| शोएब बशीर का पाटीदार बो जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बो जडेजा | 00 | 04 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** 19, **विकेट पतन :** 1-47, 2-47, 3-57, 4-109, 5-112, 6-225, 7-245, 8-347, 9-349, 10-353, **गेंदबाजी :** मोहम्मद सिराज 18-3 -78-2, आकाश दीप 19-0-83-3, रवीन्द्र जड़ेजा 32 .5-7-67-4, रविचंद्रन अश्विन 22-1-83-1, कुलदीप यादव 12-4 -22-0, यशस्वी जायसवाल 1-0 -6-0

| भारत (पहली पारी) | | | 219/7 (73 ओवर) |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल बो बशीर | 73 | 117 | 8/1 |
| रोहित शर्मा का फोक्स बो एंडरसन | 02 | 09 | 0/0 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो बशीर | 38 | 65 | 6/0 |
| रजत पाटीदार पगबाधा बो बशीर | 17 | 42 | 4/0 |
| रविंद्र जडेजा का पोप बो बशीर | 12 | 12 | 0/2 |
| सरफराज खान का रूट बो हार्टले | 14 | 53 | 1/0 |
| ध्रुव जुरेल खेल रहे हैं | 30 | 58 | 2/1 |
| रविचंद्रन अश्विन पगबाधा बो हार्टले | 01 | 13 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 17 | 72 | 1/0 |

**अतिरिक्त :** 15, **विकेट पतन :** 1-4, 2-86, 3-112, 4-130, 5-161, 6-171, 7-177, **गेंदबाजी :** एंडरसन 12-4-36-1, रोबिन्सन 9-0-39-0, बशीर 32-4-84-4, हार्टले 19-5-47-2, रूट 1-0-1-0

### कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए रूट की प्रशंसा की

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक ने 'बैजबॉल' शैली के विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए जो रूट की प्रशंसा की। रूट पहले तीन मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन रांची में चल रहे चौथे टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने नाबाद 122 रन बनाए, जिससे इंग्लैंड 5 विकेट पर 112 रन के स्कोर से उबरकर 353 रन बनाने में सफल रहा। कुक ने कहा कि जो रूट ने अपने बेसिक्स पर लौटकर बल्लेबाजी की। आप जो रूट जैसे बल्लेबाज से इसी तरह के शॉट की उम्मीद करते हैं। उनके रिवर्स स्कूप को लेकर काफी चर्चा हुई, लेकिन रूट ने यह पारी अपने विशिष्ट अंदाज में खेली। उन्होंने कहा कि यह सामान्य से थोड़ा धीमी पारी थी लेकिन वह अपनी पूरी लय में थे। जब वह लय में होते हैं तो फिर रोहित की तरह उनके लिए बल्लेबाजी करना आसान हो जाता है।

## डब्ल्यूपीएल अलग शहरों में कराने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मिलेगी मदद : मिताली

**बेंगलुरु, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान और गुजरात जायंट्स की 'मेंटोर' मिताली राज ने कहा कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) को एक से ज्यादा शहर में आयोजित करने से टीमों को नए दर्शक बनाने में मदद मिलेगी और इससे टूर्नामेंट के 'प्रोफाइल' में भी इजाफा होगा।

डब्ल्यूपीएल का पहला चरण केवल मुंबई में कराया गया था लेकिन इस बार भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) टूर्नामेंट का आयोजन दिल्ली और बेंगलुरु में कर रहा है। मिताली ने कहा कि अगर डब्ल्यूपीएल प्रत्येक शहर में आयोजित होगा तो इससे फ्रेंचाइजी को नए दर्शक बनाने का मौका मिलेगा जो स्टेडियम में आकर उन्हें खेलते हुए देखेंगे। इससे सिर्फ टूर्नामेंट और फ्रेंचाइजी का 'प्रोफाइल' ही सुधरेगा। अपनी मार्गदर्शक की भूमिका पर उन्होंने कहा कि मैं मेंटोर की भूमिका का लुत्फ उठा रही हूं, युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रही हूं और अपना ज्ञान साझा कर रही हूं तथा उन्हें अपनी भूमिका सर्वश्रेष्ठ तरीके से निभाने में मदद कर रही हूं। आस्ट्रेलिया की 'रन मशीन' बेथ मूनी की कप्तानी में गुजरात जायंट्स रविवार को गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है।



## कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर से मिले सचिन

**श्रीनगर, एजेंसी।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर में दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन से मुलाकात की और उन्हें हस्ताक्षर किया हुआ बल्ला भेंट दिया। तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर आमिर (33) के साथ अपनी बातचीत का वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, "आमिर असली हीरो हैं, प्रेरणा देते रहो! आपसे मिल कर अच्छा लगा।" क्रिकेट के दिग्गज ने आमिर को एक हस्ताक्षरित बल्ला उपहार में दिया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के निवासी आमिर के दोनों हाथ न होने के बावजूद बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग अन्य क्रिकेटरों की तरह ही करते हैं। दरअसल, आमिर ने आठ साल की उम्र में एक दुर्घटना में उन्होंने अपने दोनों हाथ खो दिए। आमिर ने पूर्व क्रिकेटर से कहा कि आज, मैं इतना खुश हूं। मैंने अपने जीवन में कभी आशा नहीं खोई है। सर, इसी सोच के साथ आगे बढ़ाता रहा हूं।

## जीत के लिए संघर्ष



फ्रांस के ल्योन में फ्रांस और जर्मनी के बीच शनिवार को खेले जा रहे नेशंस लीग महिला सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान जर्मनी की मरीना हेगरिंग के साथ गेंद के लिए चुनौती पेश करतीं फ्रांसे की कादि दियातोउ डायनी।



# बॉलीवुड हलचल

## हर्ष और प्रणव का जय जय राम रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** भगवान श्रीराम चन्द्र की जय जयकार करता हुआ भजन जय जय राम रिलीज़ हो गया है। भजन जय जय राम प्रणव वत्स ने लिखा है और संगीत कम्पोजिशन हर्ष उपाध्याय ने दिया है। इस भजन का कोरस राहुल चिटनीस, विवेक नाइक, सन्तोष बोटे, और सागर लेले ने गाया है। इस भजन में प्रयुक्त अतिरिक्त पंक्तियों को श्रुति शुक्ला ने कलमबद्ध किया है। वाइब म्यूजिक और एंटरटेनमेंट प्रेजेंट्स हर्ष उपाध्याय और जय मवानी द्वारा निर्मित इस भजन का वोकल सुकृति भारद्वाज और जय मवानी ने डिजाइन किया है। भजन जय जय राम के यूट्यूब के रिलीज टॉपिक चैनल पर सुना जा सकता है।

### संजय लीला भंसाली ने मनाया 61वां जन्मदिन



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार संजय लीला भंसाली आज 61 वर्ष के हो गए। 24 फरवरी 1963 को मुंबई में जन्में संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत विदु विनोद चोपड़ा के सहायक के तौर पर की। भंसाली ने विदु विनोद चोपड़ा की फिल्म परिन्दा, 1942 अ लव स्टोरी और करीब में सहायक निर्देशक के तौर पर काम किया। बतौर स्वतंत्र निर्देशक संजय लीला भंसाली ने अपने करियर की शुरुआत 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी से की। इस फिल्म में नाना पाटेकर, सलमान खान और मनीषा कोइराला ने मुख्य भूमिकायें निभायी थी। यूं तो फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी लेकिन संजय लीला भंसाली ने अपने बेहतरीन निर्देशन के जरिये दर्शकों के साथ हीं समीक्षकों का भी दिल जीत लिया। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म हम दिल दे चुके सनम संजय लीला भंसाली के करियर की पहली सुपरहिट साबित हुयी। इस फिल्म में भी संजय लीला भंसाली ने सलमान खान का चुनाव किया। फिल्म में सलमान खान के अलावा ऐश्वर्या राय और अजय देवगन ने मुख्य भूमिका निभायी थी।

## दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करेंगी जाह्नवी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर एनटीआर जूनियर की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू करने जा रही है। यह फिल्म कोराताला शिव द्वारा निर्देशित और युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है। जाह्नवी कपूर फिल्म 'देवरा : भाग 1' के जरिए दक्षिण भारतीय फिल्मों में डेब्यू को लेकर उत्साहित है। जाह्नवी कपूर ने बताया कि उन्हें बहुत खुशी है कि वह इस फिल्म का हिस्सा हैं क्योंकि इस फिल्म के जरिए वह केवल अपनी जड़ों के करीब आ रही हैं और तेलुगु सीख रही हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी वरुण धवन-जाह्नवी कपूर की जोड़ी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी में नजर आएगी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी अगली फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की मुख्य भूमिका होगी। इस फिल्म में वरुण धवन 'सनी संस्कारी' के किरदार में नजर आएंगे। जाह्नवी कपूर फिल्म में 'तुलसी कुमारी' का किरदार अदा करेंगी। फिल्म का टाइटल शेयर करने के साथ ही मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, अपनी कुमारी को लेने के लिए संस्कारी आ रहा है। ये लव स्टोरी आपका मनोरंजन करने के लिए जल्द ही स्क्रीन पर आ रही है। यह फिल्म 18 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी।



## समीर ने दिए कई सुपरहिट फिल्मों में गीत



**मुंबई।** बॉलीवुड के गीतकार समीर आज 66 वर्ष के हो गये। शीतला पांडेय उर्फ समीर का जन्म 24 फरवरी 1958 को बनारस में हुआ। उनके पिता अंजान फिल्म जगत के मशहूर गीतकार थे। बचपन से ही समीर का रूझान अपने पिता के पेशे की ओर था। वह भी फिल्म इंडस्ट्री में गीतकार बनना चाहते थे लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह अलग क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें। समीर ने बनारस हिंदु विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की पढाई पूरी की। इसके बाद परिवार के जोर देने पर उन्होंने अपने कैरियर की शुरूआत बतौर बैंक ऑफिसर शुरू की। बैंक की नौकरी उनके स्वभाव के अनुकूल नहीं थी। कुछ दिनों के बाद उनका मन इस काम से उचट गया और उन्होंने नौकरी छोड़ दी। अस्सी के दशक में गीतकार बनने का सपना लिये समीर ने मुंबई की ओर रूख कर लिया। लगभग तीन वर्ष तक मुंबई में रहने के बाद वह गीतकार बनने के लिये संघर्ष करने लगे। आश्वासन तो सभी देते रहे लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था। अथक परिश्रम करने के बाद 1983 में उन्हें बतौर ..बेखबर ..फिल्म के लिये गीत लिखने का मौका मिला। इस बीच समीर को इंसाफ कौन करेगा, जवाब हम देगें, दो कैदी, रखवाला, महासंग्राम, बीबी हो तो ऐसी, बाप नंबरी बेटा दस नंबरी जैसी कई बड़े बजट की फिल्मों में काम करने का अवसर मिला लेकिन इन फिल्मों की असफलता से वह फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में नाकामयाब रहे।

### पूजा भट्ट ने मनवाया था कभी अपने अभिनय का लोहा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री -फिल्मकार पूजा भट्ट 42 वर्ष की हो गई। 24 फरवरी 1972 को मुंबई में जन्मी पूजा भट्ट ने बतौर अभिनेत्री अपने कॅरियर की शुरूआत अपने पिता महेश भट्ट के निर्देशन में बनी फिल्म डैडी से की। इस पिल्म में पूजा भट्ट के पिता की भूमिका अनुपम खेर ने निभाई थी। अपनी पहली ही फिल्म के जरिए पूजा भट्ट ने दर्शकों के बीच अपने अभिनय का लोहा मनवा लिया। 1991 में प्रदर्शित फिल्म दिल है कि मानता नहीं पूजा भट्ट के कॅरियर की एक और सुपरहिट फिल्म साबित हुई। महेश भट्ट निर्देशित इस फिल्म में पूजा भट्ट के अपोजिट आमिर खान थे। फिल्म की कहानी हॉलीवुड फिल्म ..इट हैपेंड वन नाईट ..पर आधारित थी। फिल्म में पूजा भट्ट और आमिर खान ने अपने चुलबुले अंदाज से दर्शकों का दिल जीतकर फिल्म को सुपरहिट बना दिया। 1991 में पूजा भट्ट की एक और सुपरहिट पिल्म सड़क प्रदर्शित हुई। महेश भट्ट के निर्देशन में बनी इस फिल्म में पूजा भट्ट की जोड़ी संजय दत्त के साथ काफी पसंद की गई।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open


Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)

Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### समदा झील से जुड़ी भूमि को लेकर चेयरमैन प्रतिनिधि ने दी शिकायत

**सोहावल, अयोध्या।** नगर पंचायत खिरौनी के चेयरमैन प्रतिनिधि राम सुमेर भारती ने अपने राजस्व गांव के लेखपाल पर प्राप्टी डीलरों से मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने समदा परियोजना से जुड़ी भूमि की बिक्री कराने की शिकायत शनिवार को दर्ज कराई। चिन्हांकित दो गाटा का हवाला देकर उपजिला अधिकारी को दी गई शिकायत में आरोप है प्रापर्टी डीलरों ने ड्रेन और रास्ते की भूमि के बगल भूमि खरीद कर सरकारी भूमि पर भी कब्जा कर बिक्री कर रहे हैं। उपजिला अधिकारी अशोक सैनी ने बताया शिकायत जांच के लिए राजस्व निरीक्षक को सौंपी है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई होगी।

### अगले 24 घंटे में हल्की बारिश की संभावना

**अयोध्या, अमृत विचार :** एक बार फिर मौसम बदलने लगा है। शनिवार को कभी बादल रहे तो कभी धूप खिली। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने व हल्की वर्षा की संभावना है।

# रामनगरी में चलेंगी डबल डेकर ई-बसें : दयाशंकर

## परिवहन मंत्री बोले- अयोध्या से गोरखपुर, लखनऊ, काशी और प्रयागराज को भी जोड़ा जाएगा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में डबल डेकर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें जो अब तक केवल शहर में चल रही थीं, अब उनका दायरा बढ़ाया जाएगा।अयोध्या से गोरखपुर, लखनऊ, काशी और प्रयागराज भी जोड़ा जाएगा, इन रूट पर ई बसों को चलाया जाएगा। होली पर यात्रियों की सुविधा और सहूलियत के लिए विशेष रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। ये बातें शनिवार को महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहीं। वो नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद की आगवानी करने पहुंचे थे।

उन्होंने कहा कि नगरीय निदेशालय की ओर से अयोध्या में 225 इलेक्ट्रिक सिटी बसों का संचालन किया जा रहा है। रोडवेज को मुख्यालय से नई बीएस-6 मॉडल की बसें उपलब्ध कराई जा रही है। विभाग की योजना भविष्य में प्रदेश के विभिन्न रूटों पर इलेक्ट्रिक बसों के संचालन की है, जिसके लिए प्रक्रिया चल रही है।


नेपाल के विदेश मंत्री की अगवानी के लिए महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर मौजूद परिवहन मंत्री।

### मोदी की सुनामी के आगे गठबंधन फेल

लोकसभा चुनाव के प्रभारी और परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने विपक्षी दलों और गठबंधन पर भी सियासी हमला बोला। कहा कि सपा और कांग्रेस पहले भी गठबंधन कर चुकी है। सपा ने बसपा के साथ भी गठबंधन किया था। कोई ऐसा दल नहीं है जिसने मोदी के खिलाफ गठबंधन नहीं किया, लेकिन कोई गठबंधन मोदी की लहर को रोक नहीं पाया। इस बार तो मोदी की सुनामी चल रही है। इस सुनामी में सब बह जाएंगे। कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी प्रदेश की अमेठी सीट छोड़ चुनाव जीतने के लिए केरल भाग गए थे और इस बार लोकसभा चुनाव के पहले उनकी माताजी राजस्थान से राज्यसभा की सदस्य बन गई। पिछली बार कांग्रेस प्रदेश में रायबरेली की एक लोकसभा सीट जीती थी। इस बार पार्टी ने चुनाव के पहले ही वह भी छोड़ दी। सवाल उठाया कि जो नेता खुद मैदान छोड़कर भाग रहा हो वह अपने समर्थकों को कैसे जीत दिला पाएगा। कहा कि यूपी में मोदी और योगी की डबल इंजन सरकार विकास और जनकल्याण में जुटी है। पार्टी प्रदेश की सभी 80 की 80 सीट पर जीत दर्ज करेगी।

**▸▸ राहुल केरल भागे थे और अब माता जी राजस्थान चली गईं**

### धार्मिक, सांस्कृतिक व पर्यटन के रिश्ते होंगे प्रगाढ़ : सऊद


**▸▸ नेपाल के विदेश मंत्री बोले- परिवार के साथ पहुंचे अयोध्या**

महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से बाहर निकलते नेपाल के विदेश मंत्री।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जनकपुर से अयोध्या और पशुपतिनाथ से काशी के बीच धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। यह बात शनिवार को अयोध्या पहुंचे नेपाल के विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद कही। नेपाल विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद परिवार के साथ दिल्ली से महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उनका प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वागत किया। दो दिवसीय प्रवास के दौरान वह रविवार को हनुमान गढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद सड़क मार्ग से वापस नेपाल की रवाना होंगे। उनके साथ हिंदू महासंघ नेपाल की उपाध्यक्ष ज्योत्सना सऊद, काजी मानसुब्बा, दीपेंद्र पाठक, श्रीकृष्ण थापा मौजूद रहे। विदेश मंत्री नारायण प्रसाद सऊद ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बहुत ही महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल है। भारत और नेपाल के बीच बहुत ही गहरा सांस्कृतिक संबंध रहा है। दोनों सरकार के बीच में ही नहीं जनता के बीच में भी उतना ही गहरा संबंध रहा है। कहा भगवान राम की शादी माता जानकी से जनकपुर के राम जानकी मंदिर में हुई थी। इसलिए हमारे बीच जो गहरा संबंध है वह सांस्कृतिक रूप से भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उसको और मजबूत करने के लिए प्रयत्नशील है। हम लोग धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इससे पूर्व मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, निदेशक एयरपोर्ट विनोद कुमार, आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने उनका स्वागत किया।

# जिला होम्योपैथिक अधिकारी निलंबित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला होम्योपैथिक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। सीएमएस डॉ. संगीता भाटिया ने बताया किआदेश आ गया है। ऑफिस में रखा है। अभी बाहर हूं इसके बारे में अधिक नहीं बता सकती। जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. घनश्याम चौधरी पर चिकित्सकों ने आरोप लगाया था कि शासन की तरफ से बैठकों में प्रतिभाग करने के लिए मिलने वाले यात्रा भत्ता को पास करने के लिए डॉ.घनश्याम ने 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। जब चिकित्सकों ने कमीशन देने से मना कर दिया तो बताया गया कि अभी बजट नहीं है। आरोप है कि इसके बावजूद जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने अपना यात्रा भत्ता पास करा लिया था। इसकी जानकारी होने पर चिकित्सकों ने उच्चाधिकारियों को शिकायत की थी। मामले की जांच अयोध्या मंडलाधिकारी सीएमएस ने की थी और रिपोर्ट निदेशक होम्योपैथिक को भेज दी थी। इसके बाद निदेशक ने अपनी रिपोर्ट प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी को भेजी थी। इस बीच डॉ. घनश्याम चौधरी को निदेशक मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया था। अब प्रमुख सचिव ने आरोपों से घिरे डॉ. घनश्याम चौधरी को निलंबित कर दिया।

**▸▸ चिकित्सकों से यात्रा भत्ता के नाम पर कमीशन मांगने का था आरोप**

# माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी


**श्रद्धालुओं ने हनुमानगढ़ी व राम मंदिर में किया दर्शन-पूजन**

हनुमानगढ़ी पर दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में गंगा स्नान के बाद शनिवार को रामनगरी पहुंचे श्रद्धालुओं ने सरयू में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद राम मंदिर, हनुमानगढ़ी सहित प्रमुख मठ मंदिरों में जाकर दर्शन-पूजन किया। रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए वाहनों के आवागन प्रतिबंधित रहा। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के भी इंतजाम किए गए थे। श्रद्धालु आशीष सिंह ने कहा कि यहां आकर मन प्रसन्न हो गया है। श्रद्धालु अनीता सिंह ने कहा कि अयोध्या में बहुत कुछ बदल गया है। पहले जब यहां पर आते थे तो घाटों के किनारे बहुत ही अव्यवस्था रहती थी। आज व्यवस्था बहुत अच्छी है। राम मंदिर में रामलला का दर्शन कर मन निहाल हो गया है। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि माघ पूर्णिमा के पर प्रयागराज में मेला समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में लोग यहां आते हैं। साथ ही शनिवार और रविवार को भी यहां हमेशा की तरह भीड़ होती है। राम मंदिर के साथ हनुमानगढ़ी पर श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक दर्शन कराना बड़ी चुनौती रहती है। व्यवस्थित तरीके से श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन कराया गया है।

### सीसीटीवी से होती रही निगरानी, भ्रमण करते रहे अधिकारी

रामनगरी में श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सीसी कैमरे के जरिए निगरानी की जा रही है। जगह-जगह बैरियर व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई, ताकि कहीं भी किसी भी श्रद्धालु को दर्शन-पूजन के दौरान कोई दिक्कत न हो। व्यवस्था को लेकर आईजी प्रवीण कुमार और एसएसपी राजकरण नय्यर पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते रहे।

# देश के एक लाख स्थानों पर होगा विहिप के संगठन का विस्तार : परांडे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** विश्व हिन्दू परिषद के अतंरराष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे ने शनिवार को यहां कहा कि विहिप अपने षष्ठी पूर्ति वर्ष के अंतर्गत देश के एक लाख स्थानों पर संगठन को विस्तार देगी। इसके अलावा कारसेवकपुरम् में विहिप प्रन्यासी मंडल की बैठक में हिंदू समाज को संगठित करने तथा देश में चल रहे जनसंख्या असंतुलन, लव जिहाद, विदेशी मुस्लिम घुसपैठ, गुपचुप तरीके से ईसाई मिशनरियों द्वारा चलाये जा रहे अवैध धर्मांतरण जैसे गंभीर विषयों पर चिंतन करेगी।

वो श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा विहिप की यह प्रन्यासी मंडल की बैठक विलंब से और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में विराजमान श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपरांत होने जा रही है। यहां आयोजित यह षष्ठी पूर्ति वर्ष की बैठक संगठन कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा का संचार करने के साथ आगामी कार्यक्रमों की योजना रचना को गति प्रदान करेगी।

उन्होंने कहा प्रत्येक वर्षों की भांति ही इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद सहित उसके अनुसांगिक संगठनों बजरंग दल, दुर्गावाहिनी और मातृशक्ति के प्रशिक्षण वर्गों का आयोजन भी होगा। कहा कि सीएए कानून का लाभ पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश से आये हुये निर्वासित हिन्दू, जैन, बौद्ध सिक्ख समाज के लोगों को भारत की नागरिकता दिलाने के लिये विहिप पूरी निष्ठा के साथ आगे रहेगी। बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष आरएन सिंह (पद्मश्री), कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार और विश्व हिन्दू परिषद के उपाध्यक्ष चम्पत राय भी मौजूद रहेंगे।


श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कार्यशाला में पत्रकारों से बातचीत करते विहिप के अंतराष्ट्रीय महामंत्री।

# दशकों से फरार दो हत्या आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या। अमृत विचार :** सूरज (गुजरात) की क्राइम ब्रांच की टीम ने उत्तर प्रदेश एसटीएफ की मदद से जिले से शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों सूरत में हुई अलग-अलग हत्याओं में तीन और दो दशक से फरार चल रहे थे। गुजरात के सूरत शहर में मार्ग दुर्घटना के बाद मारपीट में एक शख्स की मौत हो गई थी। लगभग तीन दशक पूर्व हुए इस वारदात में रामदयाल पांडेय को नामजद किया गया था। उसको संयुक्त टीम ने खंडासा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वहीं अवैध संबंध को लेकर लगभग दो दशक पूर्व सूरत में हुई एक महिला की हत्या में जिले के विजय बहादुर चौहान को नामजद किया गया था। वह वारदात के बाद अपने गांव भाग आया था। यहां उसके खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी और वह जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद बीकापुर कोतवाली क्षेत्र में रह रहा था। जहां से संयुक्त टीम ने विजय को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने के बाद क्राइम ब्रांच टीम दोनों को सूरत ले जाने की विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

**▸▸ यूपी एसटीएफ की मदद से गुजरात क्राइम ब्रांच ने पकड़ा**

# हटाए गए मनोहर लाल इंटर कॉलेज के केंद्र व्यवस्थापक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में अनियमितता और गड़बड़ी पाए जाने पर एम एल एम एल इंटर कॉलेज (मनोहर लाल इंटर कॉलेज) रिकाबगंज के केन्द्र व्यवस्थापकों को शनिवार को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया। ये कार्रवाई परीक्षा के दौरान शुक्रवार को सामने आईं खामियों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल द्वारा डीआईओएस को पत्र भेजकर दिए गए कार्रवाई के निर्देश के बाद की गई।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या की ओर शनिवार देर शाम जारी पत्र के अनुसार पूर्व में नियुक्त केन्द्र व्यवस्थापक जितेंद्र कुमार राव को हटा कर वहां के प्रवक्ता ज्ञानेश द्विवेदी को नया केन्द्र व्यवस्थापक बनाया गया है। इसके अलावा पूर्व में नियुक्त वाह्य केंद्र व्यवस्थापक रंजीत वर्मा को भी हटा दिया गया है। उनके स्थान पर सहायक अध्यापक सर्वेन्द्र विक्रम सिंह को तैनात किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर अनियमितता में लिप्त पाए गए अन्य केन्द्रों के व्यवस्थापकों में खलबली मची हुई है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया कि संबधित परीक्षा केंद्र पर डीवीआर सीसीटीवी ऑफलाइन पाई गई थी। जिसका संज्ञान खुद माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने लेते हुए डीआईओएस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि बोर्ड द्वारा परीक्षा को लेकर जारी निर्देशों का उल्लंघन और केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक, स्टैटिक मजिस्ट्रेट की लापरवाही और दुरभिसंधि को दर्शाता है। इस कार्रवाई के बाद दो दिनों की परीक्षा में अनियमितता के आरोपी पाए गए 13 परीक्षा केंद्रों के केन्द्र व्यवस्थापकों पर भी देर सवेर कार्रवाई तय मानी जा रही है। डीआईओएस द्वारा शनिवार देर शाम परीक्षा के दौरान गेट न खोलने, सचल दल को प्रवेश न देने पर केशवदास बालिका इंटर कॉलेज गंगौली चौराहा व सार्वजनिक इंटर कॉलेज अबनपुर सरोहा के केंद्र व्यवस्थापकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई।


**▸▸ परीक्षा के दौरान ऑफलाइन पाए गए थे सीसीटीवी, सचिव ने लिया था संज्ञान**

# अब जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भी होगी ईसीजी

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ईसीजी) मशीन लगाई गई है। जिससे मरीजों की 24 घंटे लेटेस्ट मशीन से जांच हो सकेगी और तत्काल रिपोर्ट भी मिल जाएगी। सीएमएस डॉ. एनपी गुप्ता ने बताया कि गंभीर रोगियों के इमरजेंसी में पहुंचने के बाद उनकी जांच में ईसीजी का रोड़ा आता था। इसे देखते हुए हाल में मशीन की खरीद की गई है। मशीन का संचालन 24 घंटे करने के लिए इमरजेंसी के चिकित्सकों व कर्मियों को ट्रेनिंग भी दी गई है। संज्ञान में आया था कि चिकित्सक व फार्मासिस्ट मरीजों को रात में जांच के लिए नहीं भेजते थे। अब ऐसा नहीं चलेगा। रात में इमरजेंसी में पहुंचने वाले मरीजों की अगर शिकायत मिली तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### लेखपालों को अभी नहीं मिलेगा नियुक्ति पत्र

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले के नवचयनित 113 लेखपालों को अभी नियुक्ति पत्र नहीं मिल पाएगा। जिले में मंत्री और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इन नवचयनित लेकपालों को शुक्रवार को समारोहपूर्वक नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाना था। राजस्व परिषद लखनऊ के आयुक्त एवं सचिव एसवीएस रंगाराव ने गुरुवार को मंडलायुक्त और जिलाधिकारी को पत्र भेज नियुक्ति पत्र वितरण पर रोक लगा दी। एसडीएम सदर राजकुमार पांडेय ने बताया कि राजस्व परिषद का आदेश मिलने के बाद कार्यक्रम अग्रिम आदेशों तक स्थगित किया गया है।

### मंडलाध्यक्ष ने नए लोगों को पिन लगा दिलाई गई सदस्यता


क्लब के न्यूज बुलेटिन का विमोचन करती मंडल अध्यक्ष।

**अयोध्या। अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब ऑफ फैज़ाबाद और इनरव्हील मैत्री क्लब की मंडलाध्यक्षा सुषमा अग्रवाल ने शनिवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में संयुक्त बैठककर कार्यों की समीक्षा की। दो जरूरतमंद को कैलिपर्स और एक कन्या की शादी के लिए स्त्री-धन प्रदान किया गया। दोनों क्लब की आम बैठक में कॉलर एक्सचेंज के बाद इनरव्हील क्लब की अध्यक्षा ममता सिंह ने सभा आरंभ की घोषणा की। इनरव्हील क्लब सचिव अंजू अग्रवाल एवं मैत्री क्लब सचिव संगीता रस्तोगी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। क्लब एडिटर अंजू अग्रवाल ने मंडलाध्यक्षा से आठ वां न्यूज़ बुलेटिन रिलीज़ करवाया। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने क्लब की पिन लगाकर डॉ. पल्लवी, सरोज वर्मा, कविता सिंह, पारुल रस्तोगी, उर्मिला मिश्रा, अनुपमा रस्तोगी ,गीता शुक्ला, वर्षा जैसवाल आदि को क्लब की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में इनरव्हील की प्रार्थना व दीप प्रज्वलन हुआ। सिल्की अग्रवाल ने गणेश-वंदना प्रस्तुत की। क्लब अध्यक्षा ममता सिंह ने स्वागत भाषण एवं रंजना सिंह ने फ्लोरल वेलकम किया। कार्यक्रम की समाप्ति के पूर्व अर्पिता और शिवानी ने मोहक नृत्य प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष स्वाति टंडन ने क्लब की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

### छह माह से बकाया है मनरेगा कर्मियों का मानदेय

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** मनरेगा कर्मचारियों को छह माह से मानदेय नहीं मिला। ब्लॉक क्षेत्र में कुल 68 रोजगार सेवक, चार तकनीकी सहायक, एक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर, एक लेखा सहायक तैनात हैं। तकनीकी सहायक दृगपाल मौर्य, दलसिंगार सिंह, केदार दुबे ,एपीओ विजय कुमार, लेखाकार धीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मजदूरों के अलावा कर्मचारियों को भी विभाग से सीधे मानदेय मिलने का प्रावधान है। छह माह से कर्मचारियों को मानदेय नही मिला है। रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि मानदेय न मिलने से घर का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। खंड विकास अधिकारी तारुन सुरेन्द्र कुमार मौर्य ने बताया कि शासन से 20 करोड़ रुपये जारी हो चुका है। हेड खाते में कुछ दिक्कतों के कारण पैसा नहीं आ पा रहा है। शीघ्र ही भुगतान कर दिया जाए।

**यूपी बोर्ड** | परीक्षा के दौरान सीसीटीवी की झपकियों को लेकर नकल का संदेह बढ़ा, मॉनीटरिंग सेल की रिपोर्ट पर विभाग गंभीर, मांगा स्पष्टीकरण

# दागी निकले 12 परीक्षा केंद्रों पर टॉस्क फोर्स की नजर

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन ही गुरुवार को दागी निकले 12 परीक्षा केंद्रों पर अब चौथी नजर भी लग गई है। मॉनीटरिंग सेल की ओर से दी गई रिपोर्ट के आधार पर इन परीक्षा केंद्रों पर नकल का संदेह गहरा गया है। इसे लेकर अब जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स की निगाह भी इन केंद्रों पर गढ़ गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया गया है। बताया जाता है यदि स्पष्टीकरण से विभाग संतुष्ट नहीं हुआ तो इन सेंटरों को बोर्ड परीक्षा से डिबार किए जाने की संस्तुति की जा सकती है।


राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए मानीटरिंग सेल में कार्य करते कर्मी। अमृत विचार

मॉनीटरिंग सेल की ओर गुरूवार देर शाम जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार 10 परीक्षा केंद्रों पर प्रथम और द्वितीय दोनों पालियों की परीक्षा में सीसीटीवी कैमरे की निरन्तरता नहीं पाई गई। मॉनीटरिंग सेल के सूत्रों ने बताया कि दोनों पालियों में की जा रही ऑनलाइन निगरानी के बीच इन केंद्रों पर बीच-बीच में कई बार सीसीटीवी कैमरे बंद रहे। कुछ देर के लिए मॉनीटरिंग सेल से लिंक होते फिर ऑफलाइन मोड में चले जा रहे थे। कॉल किए जाने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ और न ही केन्द्र व्यवस्थापकों द्वारा संतोषजनक जवाब ही दिया गया। मॉनीटरिंग सेल की रिपोर्ट के अनुसार परीक्षा से तीन दिन पूर्व सभी 116 केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों को लेकर रिहर्सल भी किया गया था। सभी तकनीकी बिंदुओं से अवगत कराया गया। यह भी निर्देश दिया गया था कि सीसीटीवी कैमरे बिजली आपूर्ति के साथ इनवर्टर से भी जोड़े जाएं। जिससे किसी भी दशा में ऑफलाइन मोड न हो। इसके बाद भी निरन्तरता भंग हुई जिसके कारण परीक्षा की सुचिता, पवित्रता और विश्वसनीय संदेह के दायरे में आ गई है। रिपोर्ट के बाद अब जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा भी संबधित केंद्रों पर निगरानी शुरू कर दी गई है।

### जिले के यह परीक्षा केंद्र आए संदेह के दायरे में

सीसीटीवी की निरन्तरता में विलम्ब समेत अन्य कारणों को लेकर गांधी स्मारक इंटर कॉलेज,मवई कला हैरिंग्टनगंज, श्री दद्दन प्रसाद माता देवी इंटर कॉलेज, भिटारी बाबा रैनापुर, राजदत्त शुक्ला इंटर कॉलेज सरौली मिल्कीपुर, रामेश्वर सिंह इंटर कॉलेज दलपतपुर, श्री लाला राम आदर्श इंटर कॉलेज रुदौली, सेनानी जगमोहन सिंह स्वर्ण जयंती इंटर कॉलेज मिर्जापुर निमौली, ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा, श्री राम वल्लभा इंटर कॉलेज इ्योढ़ी, पृथ्वीराज चौहान इंटर कॉलेज बरवा मोतीनगर, महाराणा प्रताप सिंह बालिका इंटर कॉलेज रामदासपुर बीकापुर और श्री रामेश्वर प्रसाद सत्यनारायण इंटर कॉलेज शाहगंज संदिग्ध श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

> सभी 10 परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया था। केन्द्र व्यवस्थापकों ने नेटवर्क की समस्या बताई है। इसके बाद भी निगरानी की जा रही है। यदि भविष्य में पुनरावृत्ति हुई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। निश्चित रूप से यह सभी केन्द्र अब भी संदेह के दायरे में हैं।
> –डॉ. राजेश कुमार आर्या, डीआईओएस

## सार-संक्षेप


मंडलीय शाकभाजी प्रदर्शनी में बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी बंद गोभी व अन्य सब्जियां।

### दो दिवसीय मंडलीय प्रदर्शनी शुरू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : राजकीय उद्यान कंपनी गार्डन में शनिवार को दो दिवसीय मंडलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन सांसद लल्लू सिंह ने फीता काटकर किया। इसमें विभिन्न प्रकार के फूल-पौधे लगाए गए थे। सब्जियों का भी स्टॉल लगाया गया था। प्रदर्शनी में आए बच्चों को भी फूल-पौधे व सब्जियों के लाभदायक फायदों के बारे में जानकारी दी गई। मंडलायुक्त गौरव दयाल व जिलाधिकारी नितीश कुमार ने प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस दौरान उद्यान अधीक्षक पारसनाथ यादव सहित कई मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर धान मशीन की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**रुदौली अयोध्या। अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीनापुर में ट्रैक्टर धान मशीन की चपेट आने से एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम पंचायत मीनापुर के प्राथमिक विद्यालय के पास शनिवार शाम खेल रहा आर्यन पुत्र रोशन लाल ट्रैक्टर धान मशीन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी प्रभारी शुजागंज शंकर लाल यादव ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजवाया गया है।

### ओमी बने राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी


**अयोध्या। अमृत विचार** : सिन्धु एकता मंच ने उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश ओमी को राष्ट्रीय जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) मनोनीत किया। ओमी ने शनिवार को मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कोटवानी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंच ने जिस विश्वास पर जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरूंगा। ओमी को राष्ट्रीय जिम्मेदारी मिलने पर राकेश तलरेजा, कन्हैया लाल सागर, अशोक मदान सुखी, राजा हेमनानी, राजकुमार मोटवानी, किरन पंजवानी, मुस्कान सावलानी, नीलम मध्यान आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### चार शिक्षकों का चयन वेतनमान स्वीकृत

**अयोध्या। अमृत विचार** : बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय की ओर से शुक्रवार देर शाम जारी पत्र के अनुसार जिले के चार शिक्षकों का चयन वेतनमान स्वीकृत किया गया है। इसमें पूराबाजार कम्पोजिट विद्यालय देवगढ़ की सहायक अध्यापक उमा, प्राथमिक विद्यालय दरगाह बगिया की प्रधानाध्यापक गीतांजलि सिंह, प्राथमिक विद्यालय चिर्रा मोहम्मदपुर की नसरीन बानों और प्राथमिक विद्यालय टेऊगां की यसमीन बानों का चयन वेतनमान स्वीकृत किया गया है। आदेश में कहा गया है कि भविष्य में यदि कोई त्रुटिपूर्ण तथ्य सामने आते हैं तो आदेश निरस्त करते हुए अधिक भुगतान की धनराशि वेतन से वसूली जाएगी।

### प्रसव न कराने वाली आशाओं को मिलेगी चेतावनी

**अयोध्या। अमृत विचार** : स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को निर्देश दिए कि शून्य प्रसव कराने वाली आशाओं को चेतावनी पत्र जारी किया जाए। राजकीय चिकित्सालयों में गुणवत्तापरक सेवाओं सहित सर्जरियों को बढ़ाया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत संस्थागत प्रसव में लाभार्थियों का भुगतान शत प्रतिशत सुनिश्चित कराएं। उन्होंने जिले को क्षय रोग से मुक्त करने के लिए और भी सघन प्रयास करने के कड़े निर्देश दिए।

### कर्मचारियों की समस्याओं का हो समाधान

**अयोध्या। अमृत विचार** : डिपो कार्यशाला स्थित यूनियन भवन में शनिवार को आयोजित रोडवेज एम्पलाइज यूनियन की क्षेत्रीय बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई। क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र पांडेय ने मांग पत्र क्षेत्रीय प्रबंध को सौंपकर वार्ता कर निराकरण कराने एवं कर्मचारी हितों के लिए सदैव तत्पर रहने की बात कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष मासूक अली की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में मंडलीय मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडेय, क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शुक्ला, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष जयकरन यादव, जितेंद्र कुमार, संतोष आचारी समेत अयोध्या डिपो एवं कार्यशाला, प्रशासनिक शाखा, क्षेत्रीय कार्यशाला, सुल्तानपुर, अमेठी, अकबरपुर डिपो के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों को उत्तम व नवीन शैक्षिक वातावरण मिलेगा : डीजीएम


जयपुरिया ग्रुप की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : शहर के एक होटल में शनिवार को सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल का नवीन परिसर परिचय समारोह आयोजित किया गया। समारोह में आए अतिथियों ने कहा कि जयपुरिया स्कूल बच्चों को नवीन प्रकार का शैक्षिक वातावरण प्रदान करेगा। डीजीएम आपरेशन देवाशीष मजूमदार ने बताया कि जयपुरिया ग्रुप की मुख्य भूमिका हस्तांतरण को सुविधाजनक बनाने में मदद करना है। एक छात्र के पास विश्व स्तरीय शिक्षा होगी ऐसा प्रयास किया गया है। डीजीएम एकेडमिक्स तापसी डे ने बताया कि शैक्षिक गुणवत्ता की बात करते हुए विस्तार से पाठ्यक्रम और वातावरण की जानकारी दी। सलाहकार प्रो संजय शुक्ला ने बताया कि सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल मजनाई में प्रारम्भ किया जा रहा है। जहां उत्तम शैक्षिक वातावरण के साथ अत्याधुनिक ढंग से शिक्षा प्रदान की जाएगी। शिक्षा के साथ साथ विभिन्न प्रकार के खेल और सभी सुविधाएं उपलब्ध होगीं।

### रविदास जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान व गोष्ठी आयोजित

**अयोध्या कार्यालय।** रामनगरी के हनुमान वार्ड स्थित रविदास मंदिर में शनिवार को संत रविदास जयंती मनाई गई। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के बाद विचार गोष्ठी भी आयोजित हुई। गोष्ठी में मुख्य अतिथि विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना के लिए एक जुट होना होगा। सभी को संत रविदास द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना चाहिए। राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य कामेश्वर चौपाल ने कहा कि समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा तभी हमारा समाज उन्नति कर सकेगा। संत रविदास ने मानवता तथा मानव सेवा को ही धर्म की संज्ञा दी है। इस दौरान सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान दीपचंद्र राही, रामचंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

# आयात बीजों में विषाणु जनित रोग प्रमुख समस्या

## पूर्व महानिदेशक पद्मश्री डॉ. आरएस परौदा बोले- जलवायु परिवर्तन की समस्या से उभरने के लिए संरक्षित खेती जरूरी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : विदेशों से आयात हुए बीजों के साथ कुछ विषाणु जनित रोगों का आना प्रमुख समस्या है। इसके लिए हमें कम मात्रा विदेशों से बीजों का आयात करना चाहिए। दो वर्ष तक परीक्षण करने के पश्चात ही उपयोग में लाना चाहिए। वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन जैसी मुख्य समस्या से उभरने के लिए संरक्षित खेती पर जोर देना होगा। भारत विदेशों में सब्जियों को निर्यात करने में एक सक्षम देश बन चुका है। वर्तमान समय में सब्जियों के जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जरूरत है। ये बातें शनिवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक पद्मश्री डॉ. आरएस परौदा ने कहीं। वो आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में बदलती जलवायु व्यवस्था के तहत सब्जी उत्पादन में तकनीकी नवाचार विषय पर स्वर्ण जंयती राष्ट्रीय संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।


जल भरो कार्यक्रम से संगोष्ठी की शुरुआत करते कुलपति व अन्य वैज्ञानिक। अमृत विचार

भारतीय कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नई दिल्ली के सदस्य डॉ. मेजर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन को देखते हुए नए प्रजनन विधियों के द्वारा सब्जियों के बीज को तैयार किए जाने की जरूरत है। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील करते हुए कहा कि बदलते जलवायु परिवर्तन के लिए नए अनुसंधान करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने सभी वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए कहा कि सब्जियों के उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ गुणवत्ता बनाए रखने पर आगे भी कार्य करना होगा। वर्तमान में सब्जियों में नवाचार पर अनुसंधान के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बीज तैयार करने की जरूरत है। कुलपति ने कहा कि विवि सब्जियों की विभिन्न किस्मों पर कार्य कर रहा है। जो देश के सभी हिस्सों में अच्छा उत्पादन देगी।

इससे पूर्व सभी अतिथियों ने आचार्य नरेंद्र देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं जल भरो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने विवि कुलगीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। सभी अतिथियों को कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने शॉल, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कृषि महाविद्यालय आजमगढ़ के एसोसिएट डीन डॉ. डीके सिंह एवं वानिकी अधिष्ठाता डॉ. संजय पाठक के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्वागत संबोधन डॉ. टीके बहेरा एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉ. संजीत कुमार ने किया। इस मौके पर विभिन्न संस्थानों से आए निदेशक, कुलपति, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विवि की कमेटी के सभी अध्यक्ष, सह अध्यक्ष एवं सदस्य मौके पर मौजूद रहे।

### 37 वर्ष बाद हुई स्वर्ण जयंती राष्ट्रीय संगोष्ठी वैज्ञानिकों को किया गया सम्मानित

कृषि विवि के कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि बताया कि 37 वर्षों के बाद विवि में इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित होना पूरे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। इसमें देश व प्रदेश स्तर के वैज्ञानिक शामिल हुए। इस अवसर पर कृषि जगत में सब्जी विज्ञान के क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले 30 वैज्ञानिकों को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. अनिलआभा दास मुंशी को डॉ. कीर्ती सिंह लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2021 और डॉ. प्रणव हजारा को डॉ. कीर्ती सिंह लाइफ अचीवमेंट अवार्ड 2022 से नवाजा गया। कृषि जगत में सब्जी विज्ञान के क्षेत्र को गौरवान्वित करने वाले 26 वैज्ञानिकों को आईएसवीएस फेलो अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमें कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. सुधाकर पांडेय, डॉ. मेजर सिंह, डॉ. नीरजा प्रभाकर, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. एनसी गौतम, डॉ. डीपी सिंह, डॉ. उमेश श्रीवास्तव, डॉ. मथुरा राय, डॉ. पीएस, नायक, डॉ. के.वी लवांडे, डॉ. नजीर अहमद, डॉ. टीआर गोपालाकृष्णन, डॉ. एपी राय, डॉ. एसआर शर्मा, डॉ. सुबोध जोशी, डॉ. प्रीतम कालिया, डॉ. एसके दादलानी, डॉ. जेसी राजपूत, डॉ. नारायण चावला, डॉ. डीआर भारद्वाज, डॉ. बागेश तिवारी को सम्मानित किया गया। चार वैज्ञानिकों को डॉ. हरभजन सिंह अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### लोस चुनाव के लिए कर्मचारियों को मिले बेहतर प्रशिक्षण

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ। इसमें सामान्य निर्वाचन के लिए बनाए गए 22 नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की तैनाती, यातायात व्यवस्था और प्रशिक्षण को बेहतर ढंग से कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपने से संबंधित कार्यों का नोडल अधिकारी अध्ययन कर लें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने सामान्य निर्वाचन संबंधी बिंदुवार चर्चा की। इसके बाद डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय वीवी पैट गोदाम में ईवीएम का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।


बैठक में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार व अन्य।



तुलसी उद्यान में पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत करतीं कलाकार अमृत विचार


नोएडा के कलाकारों ने दी भावपूर्ण प्रस्तुति। अमृत विचार

### तुलसी के आंगन में भी चढ़ा रामोत्सव का रंग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार** : रामोत्सव में तुलसी उद्यान मंच पर शनिवार को प्रस्तुतियों ने छाप छोड़ी। बच्चों और विभिन्न प्रांतों के कलाकारों के संगम से सजे मंच पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति हुई। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कलाकारों को सम्मानित किया। जिंगल बेल स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों द्वारा सीताराम जी की प्यारी रजधानी और छत्तीसगढ़ की लोक जनजातीय पारंपरिक कला की प्रस्तुति सराहनीय रही। इसके बाद पंजाब के मनप्रीत सिंह पंजाब भांगड़ा नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। असम की मधुस्मिता तमंग की प्रस्तुति जोरदार रही। राजस्थान के गौतम परमार की चरी घूमर नृत्य और नई दिल्ली की श्री स्वाति डांस एवं दल फाउंडेशन की नृत्य नाटिका रही। महाराष्ट्र आनंद देशमुख लोकगायन की प्रस्तुति सराहनीय रही। कैलाश नारायण राजस्थान चकरी नृत्य और ममता जोशी चंडीगढ़ के सूफी भजन रामोत्सव के रंग बने। नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का स्वागत निदेशक लोक एवं जनजाति एवं संस्कृति संस्थान अतुल द्विवेदी ने किया।

### असम के दिहानाम व उत्तराखंड के लोकनृत्य रहे आकर्षण

**अयोध्या कार्यालय।** राम कथा पार्क में रामोत्सव के सांस्कृतिक मंच पर असमिया लोक गायन से लेकर उत्तराखंड का लोक और शास्त्रीय नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। मानस मर्मज्ञ कथा व्यास की मानस कथा के बाद आकाशवाणी के उद्घोषक देश दीपक मिश्र के भक्तिमय संचालन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई। मिठाई लाल गौतम और उनके दल के कलाकारों ने बिरहा प्रस्तुत किया। भरतनाट्यम शैली में सूर्पनखा प्रसंगका मंचन भरतश्री नवनीत रस्तोगी और उनके दल ने किया। कथक शैली में वाराणसी की सुनिधि पाठक ने रामस्तुति के बाद सरगम पर शुद्ध कथक और तराना प्रस्तुत करके दर्शकों के समक्ष कथक की बारीकियां प्रस्तुत की। असम से आए दल ने श्रीमंत शंकरदेव के कीर्तन घोष से पारंपरिक भजन गायन 'दिहानाम' की प्रस्तुति की। इसके बाद मंच पर नितेश कुमार और दल ने उत्तराखंड के लोकगीत पर नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नोएडा से आए दीपक अरोरा के दल ने कथक नृत्य के माध्यम से शिव स्तुति की प्रस्तुति दी। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी के निर्देशन में कलाकारों का सम्मान समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।

### भाजयुमो चौपाल में जोड़ेगी 20 लाख युवा

**अयोध्या, अमृत विचार।** भाजयुमो के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रवासी डॉ. विवेक ने शनिवार को कहा कि युवा मोर्चा की ओर से पूरे प्रदेश में 25 फरवरी से 2 मार्च तक युवा चौपाल आयोजित होगी। प्रत्येक जिले के ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर 35000 स्थानों पर आयोजित इस युवा चौपाल के माध्यम से 18 से 35 वर्ष के 20 लाख युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा। अयोध्या जिले के प्रत्येक मण्डल में 20-20 चौपाल का आयोजन होगा। बैठक में जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, युवा मोर्चा के भरत, पवन, आशीष तिवारी, दिव्यांश सिंह, अनुपम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## मरीजों के साथ बढ़ी पैरासिटामॉल की खपत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार** : बदलते मौसम के बीच सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज तेजी से बढ़ने लगे हैं। दिन में तीखी धूप और सुबह-शाम सर्दी होने के साथ ही हवा चलने से बीमारी बढ़ रही है। हाल यह है कि मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल की ओपीडी में रोज सर्दी, जुकाम से पीड़ित 40 से 45 फीसदी मरीज पहुंच रहे हैं। मरीजों की संख्या बढ़ते ही अस्पतालों में पैरासिटामॉल की भी खपत बढ़ गई है।

जिला अस्पाताल के फिजिशियन डॉ.नानक सरन ने बताया कि कुछ दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव का प्रतिकूल असर हो रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बुखार व खांसी से परेशान हैं। बुखार तो फिर भी दो से तीन दिन में ठीक हो जाता है, लेकिन खांसी 15 दिन तक परेशान कर रही है। अभी पंखा चलाने से लोगों को बचना चाहिए।


मेडिकल कॉलेज में पर्चा काउंटर पर उमड़ी भीड़। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ. पीयूष गुप्ता ने बताया कि अमूमन गले में दर्द व खराश की समस्या से परेशान मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिष्ट बीएन आर्या ने बताया कि ओपीडी में ही पहुंचने वाले मरीजों के कारण रोज करीब सात हजार पैरासिटामॉल गोली की खपत हो रही है।

#### शुगर के मरीज रखें खास ख्याल: डॉ. वीरेंद्र

जिला अस्पताल में फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि इधर तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। बुखार, डायरिया और उल्टी दस्त की समस्याएं बढ़ने से ब्लड शुगर प्रभावित होता है, जिससे हाइपोग्लीसीमिया का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में शुगर के रोगियों को खास ध्यान रखना चाहिए। तबियत खराब होने पर चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

### प्रवर्तन दल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या। अमृत विचार** : रिकाबगंज स्थित नरेंद्रालय में शनिवार को नगर निगम के प्रवर्तन दल के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। चेतावनी दी कि यदि हमारी मांगे नहीं पूरी हुई तो 26 फरवरी को निगम कार्यालय में धरने पर बैठेंगे। प्रदर्शन करने वालों में सूबेदार मेजर प्रबल प्रताप सिंह, सूबेदार मेजर सोमनाथ मिश्रा, नायब सूबेदार दुर्गेश कुमार सिंह, सूबेदार राजकुमार हवलदार, प्रदीप कुमार मिश्रा, हवलदार सुनील तिवारी, नायक गजेंद्र पाल सिंह, घनश्याम निषाद, कोरी विश्राम मौजूद रहे।

## दो करोड़ 10 लाख की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार व मिल्कीपुर विधायक अवधेश प्रसाद ने विधानसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र में विधायक निधि एवं पूर्वांचल निधि से दो करोड़ 10 लाख 35 हजार की लागत से निर्मित 20 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान मिल्कीपुर विधानसभा का चुनाव उप कार्यालय का उद्घाटन भी किया।

इस मौके पर पूर्वांचल विकास निधि से 59.57 लाख की लागत से 4 सड़कों का शिलान्यास किया। त्वरित विकास के तहत 12 लाख 35 हज़ार की लागत से बनी सड़क का शिलान्यास किया। उन्होंने कुल 138.53 लाख की लागत से ब्लॉक के विभिन्न क्षेत्रों में 15 सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अयोध्या जैसी महत्वपूर्ण सीट से अनुसूचित जाति के प्रत्याशी को टिकट देकर एक इतिहास रचने का काम किया है। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव एवं पूर्व मंत्री जयशंकर पांडेय, वरिष्ठ नेता छेदी सिंह, बख्तियार खान, रामजी पाल, डॉ. माखनलाल, हरि बक्श सिंह, छोटे लाल यादव जय सिंह यादव राणा, साहब लाल यादव एवं महेंद्र यादव ने संबोधित किया। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष पृथ्वीराज यादव ने की।


लोकार्पण और शिलान्यास करते विधायक व सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद। अमृत विचार

**▸▸ लोकसभा चुनाव को लेकर मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उप कार्यालय का उद्घाटन**

### समाज सुधार के लिए समर्पित थे संत रविदास

**अयोध्या। अमृत विचार** : भाजपा की ओर से शनिवार को संत रविदास वार्ड में स्थित कुष्ठ सेवा आश्रम में संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। भजन कीर्तन, पुर्षाचन और भण्डारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि संत गुरु रविदास भारत के महान संतों में से एक हैं। जिन्होंने अपना जीवन समाज सुधार कार्य के लिए समर्पित कर दिया। उनका एक मुहावरा 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी चर्चित है। 15 वीं शताब्दी में रविदास की ओर चलाया गया भक्ति आंदोलन उस समय का एक बड़ा आध्यात्मिक आंदोलन था। कृष्ण भक्त मीराबाई उनको अपना आध्यात्मिक गुरू मानती थी। इस अवसर पर महानगर महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, पार्षद दीप कुमार गुप्ता, राम मगन पाल, अवनीश कुमार सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


संत रविदास की जयंती पर मौजूद पदाधिकारी।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी अयोध्या**

पत्रांक:– 2253/जि0प्रो0अधि0/शिशु गृह–विज्ञापन/2023–24/ दिनांक:–24/2/24

प्रेस विज्ञप्ति

किशोर न्याय (बालकों के देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की धारा 85 (1) के अन्तर्गत जनपद मे विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित किया जाना है। जिससे जनपद में नवजात शिशुओं एवं छोटे बच्चों को आपातकाल की स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधाये उपलब्ध करायी जा सके, क्रिया कलापों की निगरानी की जा सके, विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरणों को बाल देख–भाल संस्थाओ से जोड़ते हुये शिशुओ को पुनर्वासित किया जा सके तथा संबंधित अभिलेखो का अद्यतीकरण किया जा सके।

**भौतिक संरचना निम्नवत होगी:–**

01:– किशोर न्याय (बालकों के देख–रेख एवं संरक्षण) नियमावली, 2016 के नियम–29 (6) मे 50 संवासियो वाली प्रत्येक संस्था मे भवन अथवा आवास हेतु सुझाए गये मानको के आधार 8495 वर्ग फुट जगह पर भवन के अनुरूप व्यवस्था होनी चाहिए।

02:–उपरोक्त भवन मे दो बडी शयनशाला, 02 शिक्षण कक्ष, 01 चिकित्सक कक्ष 01, रसोई कक्ष, भोजन कक्ष, भंडार गृह, मनोरंजन कक्ष, पुस्तकालय, 05 स्नान घर, 08 शौचालय, 01 कार्यालय कक्ष, परामर्श और मार्गदर्शन कक्ष, 01 कार्यशाला, प्रभारी व्यक्ति हेतु आवास किशोर न्याय बोर्ड अथवा बाल कल्याण समिति हेतु 02 कक्ष आदि सम्मिलित होगे।

03:–संस्था द्वारा प्रस्तावित बाल देखरेख संस्था के भवन का मानचित्र तथा जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त किराया औचित्य प्रमाण पत्न उपलब्ध कराना होगा। अतः ऐसे स्वैच्छिक संगठन जो मानक के अनुरूप विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण स्थापित करना चाहते है, वो समस्त अभिलेखो के साथ नियमानुसार जिला प्रोबेशन कार्यालय में दिनांक:–5–03–2024 तक उपलब्ध करायें।

**जिला प्रोबेशन अधिकारी**
**अयोध्या**

## खेती-किसानी

**मौसम ने दिया किसानों का साथ, जगी आर्थिक मजबूती की आस, किसान बोले- अच्छी पैदावार के साथ होगा आर्थिक लाभ**

# मौसम के अनुकूल होने से गेहूं व सरसों की पैदावार होगी अच्छी

अंकित सेन, अयोध्या

**अमृत विचार** : खेती किसानी में जुटे जिले के किसानों का इस बार मौसम ने बहुत साथ दिया है। मौसम के अनुकूल होने से किसानों ने फसलों की उपज अच्छी होने की उम्मीद जताई है। किसानों का कहना है कि गेहूं, सरसों व सब्जियों पर मौसम की मार नहीं पड़ी। जिसके कारण फसलों की उपज से अच्छी आमदनी होगी। आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी।

कृषि विभाग के अनुसार वर्ष 2023-24 के लिए रबी की विभिन्न फसलों के लिए जनपद के किसानों को शत-प्रतिशत बीजों की आपूर्ति की गई है। विभाग के अनुसार गेहूं 101705 हेक्टेयर, जौ 258 हेक्टेयर, मक्का 52 हेक्टेयर, चना 1771 हेक्टेयर, मटर 2966 हेक्टेयर, मसूर 2504 हेक्टेयर, तोरिया 5743 हेक्टेयर, सरसों 7038 हेक्टेयर व अलसी 29 हेक्टेयर में रबी फसलों की खेती की जा रही है। इस बार खेती पर मौसम की मार नहीं पड़ी है। जिसके कारण फसल बेहतर होगी।


शाहगंज क्षेत्र में लहलहाती सरसों की फसल।

**जिले में बीजों की हुई आपूर्ति**

| विकासखंड | कुल आपूर्ति बीज की मात्रा |
|---|---|
| सोहावल | 388.81 |
| मसौधा | 501.01 |
| पूराबाजार | 497.17 |
| मयाबाजार | 501.3 |
| अमानीगंज | 489.52 |
| मिल्कीपुर | 593.21 |
| हैरिंग्टनगंज | 626.46 |
| बीकापुर | 776.29 |
| तारुन | 552.74 |
| रुदौली | 587 |
| मवई | 396.41 |
| भू.सं.अ | 62 |
| जनपदीय प्रक्षेत्र | 6 |

नोट- बीज की मात्रा क्विंटल में है।


मौसम ने बहुत साथ दिया है। इस बार सब्जियों टमाटर, मिर्च, धनिया, पालक, मूली व गाजर आदि फसलों की पैदावार बहुत अच्छी हुई है। हमें आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ा। **- राजेश मौर्य, किसान, पूराबाजार**


मैंने एक बीघा टमाटर, दो बीघा सरसों, दो बीघा गेहूं, दो बीघा आलू, आधा बीघा धनिया, आधा बीघा लहसुन, आधा बीघा प्याज लगाया है। उम्मीद है इस बार आमदनी अच्छी होगी। **- सुरेंद्र निषाद, किसान, कल्याण भदरसा**


मैंने पांच बीघा गेहूं, दो बीघा सरसों, एक बीघा आलू, पांच बीघा गन्ना बोया गया था। फसल बहुत अच्छी है, उम्मीद है कि पैदावार भी अच्छी होगी। **- सोनू पांडेय, किसान, अंजना**


मैंने पांच बीघा गेहूं, तीन बीघा सरसों, तीन बीघा आलू, दो बीघा मटर व 15 बीघा गन्ने की फसल लगाई थी, जिनकी स्थिति गत वर्ष से अच्छी है। इस बार पैदावार अच्छी होगी। **- त्रिलोकी नाथ तिवारी, किसान, ताहिरपुर**

> जिले में एक लाख 27 हजार हेक्टेयर से अधिक रबी फसलों की खेती हो रही है। जिले में लक्ष्य के अनुसार बीजों की आपूर्ति की गई है। इस वर्ष का मौसम अभी तक किसानों के अनुकूल रहा है। यदि इसी तरह मौसम सही रहा तो इस बार फसलों की पैदावार भी अच्छी होगी और इसका फायदा किसानों को मिलेगा। **- ओपी मिश्र, जिला कृषि अधिकारी।**

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic
& Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### चोर को भेजा जेल

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** राजेसुल्तानपुर के साबितपुर निवासी मुनील मौर्य ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि बाजार में उसकी किराने की दुकान है। बीते 22 फरवरी को रात करीब 12 बजे यहीं के निवासी आरोपी शिवम पांडेय उसकी दुकान में घुसकर 20 हजार की नकदी और कई सामान चोरी करके भाग गया। उक्त घटना की सारी रिकार्डिंग सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड है। थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### चैन स्नैचिंग मामले में महिला को भेजा जेल

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** बीते शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के छाछू मोहल्ला निवासी पूर्व सभासद संतोष सोनी की माता कलावती अपनी बहू के साथ इलाज कराने के लिए एक चिकित्सक के यहां जा रही थी। तभी करीब 10 बजे चैन स्नैचिंग गैंग ने गले से चेन खींचकर भागने लगी। लोगों ने गैंग की एक महिला को दबोच लिया। पुलिस ने उक्त महिला को कोतवाली ले आई। महिला अपना नाम कंचन निवासी बड़हलगंज जिला गोरखपुर बताया है। कोतवाल दर्शन यादव ने बताया कि महिला के पास से चैन को बरामद कर लिया गया है और इसे जेल भेज दिया गया है।

# चुनाव आयोग के निर्देशों का कड़ाई से किया जाए पालन : डॉ. सदानंद

## उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने की एमसीएमसी और एमसीसी की बैठक, दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता की अध्यक्षता में एमसीएमसी और एमसीसी की बैठक का आयोजन कलेक्ट सभागार में किया गया।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने एमसीएमसी के बैठक के दौरान कमेटी के सदस्यों को निर्देशित किया कि निर्वाचन के दौरान इस कमेटी का बहुत महत्वपूर्ण कार्य है। इस दौरान विज्ञापन के प्रकाशन के लिए यदि किसी दल या प्रत्याशी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रेषित किया जाता है तो आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत ससमय निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने समस्त संबन्धित अधिकारियों को अपने संबोध के दौरान कहा कि एमसीएमसी समिति पेड न्यूज के मापदण्डों का निर्धारण करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करा ले। जिस भी राजनीतिक दल द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए कोई आवेदन प्राप्त होता है तो समिति बैठक कर अपने विचारोपरान्त कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि सभी समाचार पत्रों, प्रिन्ट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क और जन-संचार के अन्य माध्यमों जैसे बल्क में एसएमएस आदि का रिकार्ड और अभ्यार्थियों व पार्टीयों से सम्बन्धित विज्ञापनों, संदेशों, चर्चाओं और साक्षात्कारों का रिकार्ड अवश्य रखें। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों और निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने में अहम भूमिका का निर्वहन किया जाए। बैठक के दौरान सभी उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, पुलिस विभाग और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


एमसीएमसी और एमसीसी की बैठक को संबोधित करते उप जिला निर्वाचन अधिकारी।

### आईटी टीम आयोग के निर्देशों का करें पालन

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने आईटी टीम को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण के दौरान जो भी दिशा निर्देश उन्हें प्राप्त हुए हैं व उन्हें पीपीटी भी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस प्रकार आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें। इन्हें तीन प्रकार की कार्रवाई करनी है, जिसमें मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के पश्चात और सभी रिपोर्ट को ऑनलाइन पोर्टल पर अवश्य भरा जाए।

### पहले से तैनात किए जाएं स्टॉफ

बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने (एमसीसी) आदर्श आचार्य संहिता का शत-प्रतिशत पालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा के 24 घंटे के भीतर सरकारी संपत्ति से बैनर आदि हटा दिए जाएं और बनाई गई टीम में आवश्यक संख्या में स्टाफ पहले से तैनात कर लिए जाएं। जिससे निर्वाचन की घोसणा होते ही आयोग के दिशा-निर्देश का पालन कराया जा सके।

### आज धूमधाम से मनाया जाएगा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

**बसखारी, अंबेडकरनगर।** आगामी 25 फरवरी रविवार को गायत्री संस्कृत संस्थान भटपुरवा द्वारा संचालित विद्यालय गायत्री संस्कृत माध्यमिक विद्यालय और गायत्री पब्लिक स्कूल का संयुक्त वार्षिकोत्सव कार्यक्रम गायत्री पब्लिक स्कूल भटपुरवा के परिसर में संपन्न होगा। उक्त जानकारी देते हुए संस्था के व्यवस्थापक अरविंद कुमार त्रिपाठी ने बताया विद्यालय में कार्यक्रम रविवार को सुबह 11 बजे सरस्वती पूजन के साथ आरंभ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष और विशिष्ट के रूप में डॉ. मिथिलेश त्रिपाठी भाजपा प्रभारी जनपद अयोध्या और ओमकार गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष किछौछा मौजूद रहेंगे।

### रोजगार उपलब्ध कराने के लिए आयोजित होगा शिविर

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जनपदवार एसआईएस इंडिया लिमिटेड जौनपुर के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया है। कंपनी के डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पर तिथिवार शिविर का आयोजन किया जाएगा। 27 व 28 फरवरी को राजकीय आईटीआई आलापुर हंसवर रोड बसखारी, 29 फरवरी से 1 मार्च को राजकीय आईटीआई कॉलेज जहांगीरगंज, 2 व 4 मार्च को राजकीय आईटीआई ममरेजपुर टांडा में भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक आयोजित किए जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### बिना भेदभाव के कराया जा रहा है विकास कार्य : सुनील


युवाओं की टीम नें चेयरमैन प्रतिनिधि का किया जोरदार स्वागत।

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शनिवार को युवाओं की टीम में आदर्श नगर पंचायत जहांगीरगंज के चेयरमेन प्रतिनिधि सुनील कुमार का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। नगर पंचायत क्षेत्र में बारिश से पहले बाजार में जल निकासी के लिए नाले का निर्माण तथा पात्रों को आवास की सुविधा से आच्छादित किए जाने पर युवा नेता रोहित सिंह, टोनी सिंह, गोलू सिंह, युवा समाजसेवी रेहान बरकती, जाहिद सुहेल, नूरूज्जमा समेत कई अनु युवाओं ने चेयरमेन प्रतिनिधि सुनील कुमार का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया। वहीं, चेयरमेन प्रतिनिधि सुनील कुमार ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए वह तन्मयता के साथ लगे हुए हैं। बिना भेदभाव के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराया जा रहा है।

### त्योहारों को लेकर एएसपी ने संभ्रांत लोगों के साथ की बैठक


दरगाह रसूलपुर में स्थानीय लोगों के साथ बैठक करते एएसपी व सीओ।

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** शनिवार को बसखारी थाना क्षेत्र के दरगाह रसूलपुर में शब-ए-बरात और होली को लेकर प्रशासनिक अमला ने स्थानीय लोगों के साथ बैठकर दोनों ही त्योहारों को भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के अपील की। शांति बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय और सीओ सिटी सुरेश कुमार मिश्रा ने लोगों से बात किया। उन्होंने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न होने में प्रशासन का सहयोग करें। इस मौके पर सैयद फैजान अशरफ, मौलाना कासिम, सैयद अजीज अशरफ, सैयद खलीक, फैजान खान, सईद मुजाविर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### मसड़ा में डेंटल क्लीनिक का हुआ शुभांरभ

**बसखारी, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मुंह और दांत की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए लाल डेंटल क्लीनिक मसड़ा एक अच्छी खबर लेकर आया है। लाल डेंटल क्लीनिक में ओपीजी मशीन की सुविधा मरीजों के लिए शुरू कर दी गई है। जिसका शुभारंभ लाल डेंटल क्लीनिक के संचालक डॉ. बीआर यादव, कमलेश यादव और वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव ने संयुक्त रूप से शनिवार को फीता काट कर किया। इसी के साथ लाल डेल्टन क्लिनिक मसड़ा मंडल स्तर पर इस मशीन की सुविधा को प्रदान करने वाला पहला क्लिनिक बन गया है। पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक वरिष्ठ समाजसेवी शरद यादव और डॉ. बीआर यादव ने बताया कि जबड़े, दांत की नसों, टॉन्सिल, मुंह आदि की कई बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए यह मशीन वरदान साबित होगी। इस दौरान डॉ. विजय राज यादव, संदीप यादव, अंकित यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओं की लोगों को दें जानकारी : त्रयंबक


गोविंद साहब मंडल में बैठक करते भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को प्राप्त किए लाभार्थियों से उनके बीच में जाकर सम्पर्क करने की योजना पर कार्य करने के संबंध में चल रही मंडलों की बैठकों में शनिवार को गोविंद साहब मंडल के मंडल अध्यक्ष भगवान पाण्डेय की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार ने जनकल्याण की सैकड़ों योजनाओं का लाभ ऐतिहासिक रूप से देश और प्रदेश की प्रत्येक परिवारों को प्राप्त हुआ है। मंडल अध्यक्ष भगवान पांडेय ने मुख्य अतिथि सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बैठक के समापन की घोषणा किया। बैठक में मुख्य रूप से आलापुर विधान सभा प्रभारी संजीव मिश्र, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, मण्डल महामंत्री गौरव दुबे, विक्रमा यादव, पलकाधारी यादव, झिन्नू सिंह, दीपक त्रिपाठी, राजपति उपाध्याय, मनोज मिश्र आदि शामिल रहे।

# प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 के लिए शार्ट लिस्ट में आया जनपद


अविनाश सिंह, डीएम।



पीपीटी।

अमृत विचार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

▸▸ **जिलाधिकारी ने कमेटी के समक्ष प्रस्तुत की पीपीटी**

**अमृत विचार।** जनपद के समग्र विकास के तहत अंतर्गत प्रधानमंत्री पुरस्कार दिया जाता है। 2023 के पुरस्कार के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में विगत वर्ष में जनपद का चैमुखी विकास हुआ है। इस प्रकार प्रधानमंत्री पुरस्कार 2023 के लिए जनपद द्वारा भी आवेदन किया गया है।

भारत सरकार द्वारा इसके चयन के लिए कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी द्वारा आए हुए आवेदनों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। जिसमें जनपद अंबेडकरनगर का भी नाम आया हुआ है। शॉर्ट लिस्ट किए गए जनपदों को स्क्रीनिंग कमेटी के समक्ष पीपीटी के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देनी थी। जिसके क्रम में शनिवार को जिलाधिकारी ने इस कमेटी के समक्ष अपना प्रस्तुतीकरण किया। इसके अंतर्गत जनपद में समग्र विकास के लिए गुड गवर्नेंस की भूमिका और उसके प्रतिफल के रूप में प्राप्त उपलब्धियां इसके साथ ही जनपद के समग्र विकास में गुणवत्ता की सुनिश्चितता के आधार पर त्रिस्तरीय उत्तरदायित्व का निर्धारण, जनपद में समग्रता के लिए सामूहिक सहभागिता, शिकायत निवारण प्रणाली और फीडबैक सिस्टम, विभिन्न योजनाओं के कंवर्सेशन सहित विभिन्न योजनाओं के संख्यात्मक विवरण, प्रगति का प्रस्तुतिकरण पीपीटी के माध्यम से किया गया। कमेटी द्वारा सभी जनपदों की पीपीटी देखने के उपरांत पुरस्कार के लिए अंतिम रूप से चयन किया जाएगा।

# छात्र-छात्राओं के डाटा की हो जांच : डीएम

▸▸ **जनपद के कुल 919 विद्यालयों में 504 विद्यालयों को घोषित किया गया है निपुण**

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति और निपुण टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। जनपद के निपुण हुए 504 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया।

परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों के भाषा और गणित आधारित विषय में जनपद के कुल आकलित 919 विद्यालयों में 504 विद्यालय निपुण घोषित किए गए हैं। निपुण विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। यू डायस प्लस पोर्टल पर जनपद के 3712 कुल विद्यार्थियों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का डाटा भरा जाना है। परिषदीय विद्यालयों के स्टूडेंट प्रोफाइल भरे जाने की प्रगति 82.45 प्रतिशत माध्यमिक शिक्षा विभाग के 79.98 प्रतिशत अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से संचालित मदरसा में 89.96 प्रतिशत छात्र-छात्राओं का डाटा भर गया है। जिसे शत-प्रतिशत रूप से भराने और भरे हुए डाटा की शुद्धता की जांच संबंधी निर्देश दिए हैं। जनपद के नोडल जिला समन्वयक विपुल सिंह और सह नोडल अजय कुमार गुप्ता को उक्त भरे डाटा की शुद्धता की जांच संबंधी निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिया है।


निपुण टास्क फोर्स की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ में अन्य।

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह, जिला सूचना अधिकारी, निपुण ट्रांसपोर्ट के समस्त सदस्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, एसआरजी, डायट मेंटर उपस्थित रहे।

# सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की नीति से ही सर्व समाज का हित : कलाम शाह

**अंबेडकर नगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने तैयारी तेज कर दी है। जिसको लेकर पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व सांसद एवं अयोध्या मंडल, देवीपाटन मंडल, वाराणसी मंडल के मुख्य सेक्टर इंचार्ज घनश्याम चंद्र खरवार के मौजूदगी में टांडा तहसील क्षेत्र के किछौछा निवासी व्यवसायी कलाम शाह अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए। इस दौरान कलाम शाह ने कहा कि पार्टी के सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के नीति से ही समाज के सभी वर्गों का हित समाहित है। इस दौरान उन्होंने पार्टी मुखिया मायावती के प्रति आभार प्रकट किया। पार्टी में शामिल होने के दौरान पूर्व जिला सचिव पवन मौर्य नगर अध्यक्ष दबीर अहमद, शमशाद, रेहान, लालता प्रसाद सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



कलाम शाह को पार्टी में शामिल कराते पूर्व सांसद घनश्याम चंद्र खरवार।

### आकांक्षात्मक विकास खंडों में गुणवत्तापूर्ण किए जाएं कार्य

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकासखंड टांडा, भियांव और भीटी में विकास मानकों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास और आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार आकांक्षात्मक विकासखंडों की प्रगति का अनुश्रवण 75 इंडिकेटर्स के आधार पर किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक विकासखंडों में अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। शासन की मंशानुरूप जिम्मेदारी पूर्वक दिए गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। अन्यथा की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि माह के अंत तक डाटा फीडिंग अवश्य करा दें।

**वार्षिकोत्सव** | कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने हास्य कवि सम्मेलन, बसन्त गीत किया प्रस्तुत, स्मार्ट फोन का किया गया वितरण

# शिक्षा में संस्कारों का समावेश होना जरूरी : त्रिभुवन

▸▸ **शिक्षा से समाज में फैली कुरीतियों को किया जा सकता है दूर : त्रिभुवन दत्त**

**बसखारी, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** सर्वोदय पीजी कॉलेज शाहपुर औरांव का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्रों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि शिक्षा में संस्कारों का समावेश आवश्यक है, क्योंकि बिना संस्कार के मनुष्य पशु के समान हो जाता है। ऐसे में उच्च शिक्षा के जरिए ही रोजगार की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा अनमोल रतन है, जिससे जीवन के अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा से समाज में फैली कुरीतियां और अज्ञानता दूर किया जा सकता है। जीवन का प्रमुख उद्देश्य हर व्यक्ति के अंदर कुछ न कुछ होना चाहिए। लोगों के अन्दर महाविद्यालय परिवार ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित कर अलंकृत कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय से जुड़ने के लिए स्थानीय अभिभावकों से अपील भी किया। कार्यक्रम को विद्यालय के निदेशक राहुल दत्त यशवर्धन, जिला पंचायत सदस्य अजीत यादव, सपा विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र यादव, जिला सचिव रामचंद्र वर्मा सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया।

इस दौरान 100 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन भी वितरित किया गया। वार्षिकोत्सव पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्रा शिखा, सलोनी, अर्चना और आराधना ने सरस्वती वंदना और प्रतिभा ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वहीं दूसरी ओर छात्रा प्रिया ने राष्ट्रभक्ति रिकॉर्डिंग डांस कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें हास्य कवि सम्मेलन, महंगाई गीत, लोक गीत, गजल, कव्वाली, बसन्त गीत प्रमुख रुप से छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किया। समारोह के कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. सुरेश कुमार विश्वकर्मा ने किया।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण करते विधायक त्रिभुवन दत्त।


सर्वोदय पीजी कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र-छात्राएं।

### कार्यक्रम में ये भी रहे मौजूद

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित सिंह, प्राचार्य डॉ. रूपवती, डॉ. प्रमिला चैधरी, डॉ. रितु मिश्रा, डॉ. राहुल, डॉ. प्रांजल राय, वरिष्ठ सपा नेता व जिला पंचायत सदस्य अजित यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रमोद दत्त, युवा सपा नेता और महाविद्यालय के निदेशक राहुल दत्त, महाविद्यालय की संरक्षिका बदामा देवी, डॉ. अश्विनी कुमार यादव, प्राचार्य कांशी राम शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य संस्थान के छात्र-छात्राएं भारी संख्या में उपस्थित रही।


पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :
ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2024-11, कार्य का नाम : लखनऊ मंडल के गोरखपुर-गोंडा खंड में समपार संख्या-248/सी और आनंद नगर-गोंडा खंड में समपार संख्या-52/सी एवं 58/सी, पर एयर पुशिंग तकनीक द्वारा LHS निर्माण का कार्य। अनुमानित लागत : रु. 18,00,56,206.86, अग्रिम धन : रु. 10,50,300.00, समापन अवधि : 12 माह।
1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-11 तक के लिए ई-निविदा दिनांक 15.03.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
मुजाधि/डब्ल्यू-552
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400,
के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ



अमृत विचार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
LDA शारदा नगर योजना लखनऊ में एक छोटा मकान बिजली, पानी युक्त बिकाऊ है खरीददार स्वयं संपर्क करें-
7379655405

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम VAKEEL था अब मैने बदलकर अपना नाम VAKEEL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। VAKEEL AHMAD S/O: ABDUL AJEEJ R/O: 60, SAMMANPUR MACHLI GAON SIKANDARPUR, AMBEDKAR NAGAR

सूचना
सूचित हो कि मै सुनीता देवी पत्नी राम वृक्ष, निवासी- ग्राम गौरा गूजर परगना व पोस्ट ब्राहिमपुर तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकर नगर मेरी एल0आई0सी0 पालिसी सं0 216054202 में मेरा पुकारू नाम प्रमिला कुमारी अंकित हो गया है जब कि मेरे आधार कार्ड व अन्य कागजी दस्तावेज में मेरा नाम सुनीता देवी है। यह कि प्रमिला देवी व सुनीता देवी दोनो एक ही महिला के नाम है। अतः मेरी एल0आई0सी0 पालिसी में घरेलू नाम प्रमिला कुमारी के स्थान पर सुनीता देवी अंकित किया जाय

## एक नजर

### महिला के साथ मारपीट में युवक गिरफ्तार

रुपईडीह, गोंडा : महिला को गाली गलौज व मारपीट की धमकी दिए जाने के मामले में कौड़िया के चकई पुरवा गांव निवासी राजेंद्र व संतोष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितो को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन आरोपितों की गिरफ्तारी पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत कुमार गुप्त की अगुवाई में पुलिस कर्मियों द्वारा की गई है।

### बाबा पाटन इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव आज

रुपईडीह, गोंडा : ग्राम पंचायत कोचवा के बाबा पाटन दीन मिश्र स्मारक इंटर कॉलेज में कल 25 फरवरी को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह व विशिष्ठ अतिथि गोंडा की डाक अधीक्षक किरण सिंह व एलबीएस कॉलेज की प्रवक्ता डॉ रेखा शर्मा होंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों की बैठक कल

रुपईडीह, गोंडा : ब्लॉक के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक आगामी 26 फरवरी को ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आयोजित की जाएगी। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि इस बैठक में छात्र-छात्राओं के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की समीक्षा तथा विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली जाएगी।

### गोवर्धन पर्वत व इंद्रोज यज्ञ की कथा सुनाई

परसपुर, गोंडा : विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्यौरासी में दुर्गा मंदिर पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक डा संत शरण त्रिपाठी ने श्री कृष्ण के लीलाओं एवं इंद्रोज यज्ञ की कथा कही। इंद्र देव श्री कृष्ण की लीलाओं से अंजान थे और उन्होंने गुस्से में गांव में बहुत तेज बारिश कर दी। गांव वालों को बचाने के लिए श्री कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी एक उंगली पर उठा लिया और मथुरा वासियों को उसके नीचे शरण दे दी। सात दिन तक बिना कुछ खाए श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत को उटाए खड़े रहे और आठवें दिन बारिश रुकने पर गांव वासियों को बाहर निकाला। कार्तिक मास में अन्नकूट की पूजा भी श्री कृष्ण ने ही आरंभ कराई थी। उन्होंने कहा कि भगवान की लीलाएं मानव जीवन के लिए प्रेरणादायक हैं। भगवान कृष्ण ने बचपन में अनेक लीलाएं की। यशोदा मां के पास उनकी शिकायत आती थी। मां उन्हें कहती थी कि प्रतिदिन तुम माखन चुरा के खाया करते हो, तो वह तुरंत मुंह खोलकर मां को दिखा दिया करते थे कि मैंने माखन नहीं खाया।

# संत रविदास का जीवन कर्मयोग का आदर्श उदाहरण: कीर्तिवर्धन सिंह

## सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद स्थित कुटी धाम पर धूमधाम से मनाई गई 647वीं जयंती, संत ने सामाजिक कुरीतियों पर किया प्रहार

नवाबगंज, गोंडा



संत रविदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विचार रखते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार:** सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद स्थित कुटी धाम पर शनिवार को माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित संत रविदास की 647वीं जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि गोंडा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह, विशिष्ट अतिथि विहिप के संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह, मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री एवं महंत स्वामी चिन्मयानंद ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अतिथियों का स्वागत डॉ अरुण सिंह एवं संचालन कवि रविंद्र पांडे ने किया। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास सदैव अंधविश्वास, पाखंड, छुआछूत सामाजिक कुरीतियों, नशाखोरी तथा मांसाहारी का विरोध किया। विहिप के वरिष्ठ संगठन मंत्री एवं अयोध्या धाम चौरासी कोसी परिक्रमा के प्रमुख सुरेंद्र सिंह ने कहा कि संत रविदास प्रकृति पूजक सत्यवादी कर्म को ही ईश्वर भक्ति मानने वाले थे। समय की बाध्यता उनके आचरण में थी। मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने कहा कि संत रविदास का मानना था कि मनुष्य जन्म से नहीं कर्म से महान बनता है। यह बात रविदास ने अपने कार्य एवं व्यवहार से प्रमाणित भी की थी। शास्त्री ने कहा कि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध रविदास का जीवन हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। कटरा कुटी धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कहा कि संत रविदास सामाजिक क्रांति के सच्चे अग्रदूत थे। सामाजिक समरसता व लोक जीवन के लिए संत रविदास हमारे लिए आदर्श हैं। समाज में धार्मिक व बौद्धिक चेतना के मार्ग दर्शक रविदास के विचार बहुमूल्य हैं। समाजसेवी दीपा तिवारी ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने अपना पूरा जीवन मानव जाति के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। कथावाचक चंद्रांशु महाराज ने कहा कि शताब्दियों बीत जाने के बावजूद उनकी वाणी प्रासंगिक और सार्थक है, वे सामाजिक क्रांति के सच्चे अग्रदूत थे। इस अवसर पर विहिप के श्याम बाबू गुप्ता, प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे, जनार्दन प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार गुप्ता, दिवाकर मौर्य, डॉ अरुण सिंह, दीपा तिवारी, बाबूलाल शास्त्री, डॉक्टर कुमार, राम गोपाल सिंह, पं परशुराम शर्मा, संदीप गुप्ता, प्रधानाचार्य संतोष पांडे, विनोद गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### संत रविदास सच्चे और महान संत

मनकापुर, गोंडा : कस्बे के शास्त्री नगर मोहल्ले में बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा रविदास जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। उपस्थित लोगों ने रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला पूजा मनमोहिनी ने कहा कि संत रविदास एक सच्चे और महान संत थे। श्री कृष्ण जी की भक्त मीराबाई के गुरु थे। रविदास के चमत्कार से दुनिया अचंभित थी। उनके जैसा संत बिरला ही कोई होता है, वह देवदूत थे। इस अवसर पर उर्मिला देवी, दिव्या दिव्यदर्शनी, निशा शर्मा, शिवा प्रियदर्शनी, प्रेरणा भारती, महक भारती, सुधा भारती, छोटेलाल, अमरदीप, राजदीप आदि ने संत रविदास को नमन किया।

# शिक्षकों की कमी व ठहराव न होने से कुंद पड़ी व्यावसायिक शिक्षा की धार

## अफसरों की अनदेखी के चलते हुनर तराशने में फिसल हो रहे आईटीआई के हाथ



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का भवन।


संस्थान में फैशन डिजाइनिंग की ट्रेनिंग करतीं छात्राएं। अमृत विचार

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** जिले के युवाओं को रोजगार परक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परसपुर में संचालित आईटीआई के हाथ हुनर तराशने में फिसल रहे हैं। शिक्षकों की कमी व ठहराव न होने से संस्थान में व्यावसायिक शिक्षा की धार कदम पड़ी है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए इस संस्थान और लाखों की मशीनों से अफसरों ने अपनी आंखे फेर रखी हैं जिससे यह संसाधन महज शोपीस बनकर रह गए हैं।

वर्ष 2013-14 में प्रदेश की तत्कालीन सपा सरकार ने करनैलगंज विधायक व सरकार में मंत्री रहे योगेश प्रताप सिंह की मांग पर परसपुर में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई) की सौगात दी थी। उम्मीद थी कि इस संस्थान से ग्रामीण अंचलों में रहने वाले युवा हुनरमंद बन सकेंगे। इस सौगात से युवा भी गदगद थे कि अब वह रोजगार परक शिक्षा हासिल कर खुद के पैरों पर खड़े हो सकेंगे, लेकिन सरकार बदलते ही इस संस्थान का निर्माण शिथिल पड़ गया। निर्माण रुकने से युवाओं की उम्मीद भी मंद हो गयी। हालांकि बाद में योगी सरकार ने न सिर्फ इसका निर्माण पूरा कराया बल्कि यहां तमाम संसाधन उपलब्ध कराते हुए इसे संचालित किए जाने का निर्देश भी दिया। सरकार के फरमान पर इसे संचालित तो कर दिया गया लेकिन शिक्षकों की तैनाती नहीं हो सकी। चालू सत्र में इस संस्थान में 396 छात्र छात्राओं ने विभिन्न ट्रेडों की पढ़ाई के लिए प्रवेश ले रखा है लेकिन शिक्षकों की कमी व ठहराव न होने से यहां व्यावसायिक शिक्षा की धार कुंद पड़ी है। यह संस्थान एक पूर्णकालिक शिक्षक व चार आउटसोर्सिंग शिक्षकों के दम पर चल रहा है। यहां तैनात प्रधानाचार्य के पास मुख्यालय स्थित संस्थान का चार्ज होने के कारण वह यहां नहीं पहुंच पाते। शुक्रवार को प्रधानाचार्य कक्ष व कार्यादेशक कक्ष बंद रहा। इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक कार्यशाला, कार्यशाला गणना कक्ष व लाइब्रेरी कक्ष पर भी ताला लटकता मिला। मौके पर मौजूद फोरमैन हनुमान प्रसाद ने बताया कि शिक्षकों की कमी है। उपलब्धता के आधार पर कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है।

### आउटसोर्स के सहारे फैशन डिजाइनिंग

संस्थान में फैशन डिजाइनिंग व सिलाई की 40-40 सीटें हैं लेकिन इसकी ट्रेनिंग देने के लिए शिक्षक की तैनाती नहीं है। सिलाई की ट्रेनिंग आउटसोर्स व फैशन डिजाइनिंग की पढ़ाई अप्रेंटिस कर रही ट्रेनर के भरोसे है। सिलाई के ट्रेड में 10 छात्राओं का नामांकन है जबकि फैशन डिजाइनिंग में करीब 30 छात्राओं का नामांकन है।

"मेरे पास मुख्यालय स्थित आईटीआई का भी चार्ज है इसलिए पिछले 15 दिनों से वह नियमित रूप से संस्थान नहीं जा रहे हैं। शिक्षकों की भी कमी है। इसकी जानकारी विभाग को भेजी गयी है। अगले सत्र में शिक्षकों की तैनाती होने की उम्मीद है। फिर भी जो शिक्षक हैं उनसे बेहतर कराने का प्रयास किया जा रहा है।"

**-प्रभुनाथ मिश्रा,** प्रधानाचार्य, आईटीआई, परसपुर

### फैक्ट फाइल

| ट्रेड | सीटें | स्वीकृत पद |
|---|---|---|
| 12 | 396 | 50 |

| | |
|---|---|
| शिक्षकों के स्वीकृत पद | 24 |
| शिक्षकों की तैनाती | कार्यादेशक |
| एक पूर्णकालिक व 4 आउटसोर्स | 3 |

### किस ट्रेड में कितनी सीटें

| ट्रेड | सीटें |
|---|---|
| इलेक्ट्रीशियन | 20 |
| फिटर | 20 |
| आरएसी | 24 |
| टर्नर | 20 |
| मैकेनिक मोटरव्हीकल | 24 |
| इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक | 24 |
| कोपा | 48 |
| वेल्डर | 40 |
| कास्मेटोलॉजी | 48 |
| फैशन टेक्नोलॉजी | 40 |
| सिविंग टेक्नोलॉजी | 40 |

# ग्रामीण खेलों में युवाओं ने जीते मेडल

तरबगंज, गोंडा


प्रमाणपत्र और मेडल के साथ खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 'पंडित जग नारायण शुक्ला ग्रामोदय महाविद्यालय रानीपुर पहाड़ी तरबगंज में किया गया। जिसमें सैकड़ों खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक विश्वजीत शुक्ला ने किया। एनसीसी कैडेट्स ने अतिथि को बैच लगा कर सम्मानित किया। दौड़ प्रतियोगिता में कुलदीप पाण्डेय प्रथम, अर्पित द्वितीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में रूमा भारती प्रथम, किरन द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी में तरबगंज विजयी रही। उप विजेता महाविद्यालय की टीम रही। कबड्डी बालिका वर्ग में महाविद्यालय की एनसीसी टीम विजेता रही। खो खो बालिका वर्ग में बारियाडीह की टीम विजेता रही। उपविजेता महाराजगंज रही। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के प्राध्यापक महेश पाण्डेय एवं एनसीसी महिला जीसीआई शिवांगी सिंह ने किया। नेहरू युवा केंद्र के ब्लॉक कार्यक्रम संयोजक सूरज गुप्ता ने युवाओं को खेल के महत्व एवं विजेताओं को जिला स्तरीय खेल समारोह में भाग लेने के लिए जागरूक किया। एनसीसी कैडेट्स राजेन्द्र यादव, संदीप गुप्ता, काजल गोस्वामी, किरन संजू आदि उपस्थित रहे।

# बिजली के पोल और तार बदलने की उठाई मांग

**रुपईडीह:** ब्लॉक की ग्राम पंचायत भटपी के खटिकन पुरवा गांव में लगे बिजली खंभों पर तार न खींचे जाने की शिकायत ग्राम प्रधान काली प्रसाद शुक्ल ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है।

उन्होंने बताया कि खंभों पर तार खींचकर गांव में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के लिए विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता से कई बार की मांग की गई। इसके बावजूद आज तक खंभों पर तार नहीं लगाए गए हैं। जिससे ग्रामवासी बिजली के लिए परेशान है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यही हालत रही तो शीघ्र ही डीएम से समस्या के समाधान की मांग की जाएगी।

# दबंगों से त्रस्त महिला ने आत्मदाह की दी चेतावनी

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** भूमि विवाद में दबंगों से त्रस्त एक मुस्लिम महिला ने न्याय न मिलने पर तहसील के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी। करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भोंका के बक्शीपुरवा की रहने वाली नज्जो (45) पत्नी समी अहमद भूमि विवाद में दबंगों से इतना परेशान हो गई कि उसने आत्मघाती कदम उठाने का फैसला कर लिया।

शनिवार को कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देने के बाद समाधान न मिलने पर तहसील के सामने सड़क पर आकर हाथ में पेट्रोल लेकर आत्मदाह करने की कोशिश की।

पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति बाहर नौकरी करता है घर पर छोटे छोटे बच्चे हैं। महिला का आरोप है कि विपक्षी गांव के ही वली मोहम्मद व खुशी मोहम्मद जबरन उसकी भूमि पर कब्जा करके मकान बनवा रहे हैं जिससे उसके घर का रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा का कहना है कि महिला की शिकायत पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों को दी खेती की जानकारी

**उमरी बेगमगंज, गोंडा:** भाजपा ग्राम परिक्रमा यात्रा अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन तरबगंज विधानसभा के सोनौली मोहम्मदपुर में भाजपा नेता सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह 'गप्पू' और विशिष्ट अतिथि राकेश शर्मा रहे। मुख्य अतिथि ने मां वाराही देवी के दर्शन किए उसके उपरांत मंदिर प्रांगण में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री किसान मोर्चा देव नारायण मिश्र ने किया। ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि ने उपस्थित सभी किसानों को डबल इंजन सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और सभी की समस्याओं को सुनकर उनके निदान का आश्वासन दिया। भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी ने सभी किसानों को देशी गायों के पालन के लिए प्रोत्साहित किया और गौ आधारित प्राकृतिक खेती के गुण बताए। बताया कि एक देशी गाय के गोमूत्र और गोबर के द्वारा जीवामृत, पंचामृत और कीटनाशक बनाकर 10 एकड़ की जैविक खेती आसानी से की जा सकती है। भाजपा किसान मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी शिवांशु मिश्र, जिला मंत्री किसान मोर्चा विंदेश्वरी वर्मा, त्रिजुगी नारायन शुक्ल, संदीप सिंह लखनऊ, रवींद्र पांडेय, सूर्य प्रकाश सिंह, कृष्ण चंद सिंह, अनिल कुमार सिंह, आशुतोष मिश्र मनकापुर, हरिकृष्ण मौर्य, सालिक राम मंडल, जयराम चौहान, उमेश सिंह, बलवंत सिंह, ओम प्रकाश, सत्य प्रकाश, चंद्र प्रकाश, हीरा सिंह मधुर, विकास सिंह, राधेश्याम तिवारी, रोहित सिंह,अजीत सिंह, सूरत यादव, हरि शंकर यादव, राजन सिंह, देवराज सिंह, जितेंद्र सिंह, मंगल पाठक, अकबाल सिंह, हरि कुमार, अनंत बहादुर, करिया सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


वर्करों को संबोधित करते विद्याभूषण।

# जनसमस्याओं के निस्तारण पर प्रशंसा

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक के पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव द्वारा की गयी पहल पर ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कहा पंचायत सचिवों के ग्राम पंचायतों में उपस्थित होने के लिए कोई समय व तिथि न निर्धारण होने से ग्राम पंचायत के लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। खंड विकास अधिकारी के द्वारा जारी किये गये रोस्टर प्रणाली से अब अधिकांश ग्राम वासियों को राहत मिलेगी।

# शीतल ने पांच हजार फीट से लगाई छलांग

## राम मंदिर का झंडा लहराते हुए स्काई डाइविंग कर रचा इतिहास


हवा में स्काई डाइविंग करतीं शीतल।

**गोंडा कार्यालय:** पद्मश्री विजेता शीतल महाजन ने शुक्रवार को जिले के बीजेपी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया के साथ पैराग्लाइडिंग करते हुए अयोध्या से सरयू तट पर पांच हजार फीट की ऊंचाई से छलांग लगाकर इतिहास रच दिया। स्काई डाइविंग करते हुए वह जमीन पर उतरीं तो सरयू का किनारा तालियों की गड़गड़ाहट और जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। इस ऐतिहासिक मौके पर सांसद व शीतल ने कहा कि आज उनका वर्षों पुराना सपना साकार हो गया। शीतल महाजन का बहुत दिनों से प्लान था कि अयोध्या में एक स्काई डाइविंग की जाए। आज उन्होंने पांच हजार फीट की ऊंची से स्काई डाइविंग करते हुए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र का झंडा लहराते हुए अयोध्या की धरती पर सफल स्काईडाइविंग किया। सांसद ने कहा कि अयोध्या में एक अलग ही माहौल रहता है। जिसमें सब राममय है। अयोध्या में यह पहली सफल स्काई डाइविंग लैंडिंग है। कई सालों का जो सपना था वह आज पूरा हुआ है। सांसद ने कहा कि यह बेहद जोखिम भरा कार्य है और श्री राम के आशिर्वाद से ही यह पूरा हो सका। बीजेपी सांसद ने कहा कि 2024 का चुनाव बहुत ही खतरनाक है, लेकिन उन पार्टियों के लिए है जो भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ खड़ी है। 2024 में इसी तरीके से भारतीय जनता पार्टी और ऊंचाइयों में जाएगी और पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश और ऊंचाइयां प्राप्त करेगा।

### 22 मिनट में तय की 27 किलोमीटर की दूरी

इस स्काई डाइविंग के लिये शीतल महाजन ने बीजेपी सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के मनकापुर स्थित पैतृक निवास से उड़ान भरी। सांसद ने बताया कि अयोध्या तक की 27 किमी की दूरी तय करने में उन्हे 22 मिनट का वक्त लगा। अयोध्या पहुंचने पर वह 10 मिनट तक हवा में रहे। 5 हजार फिट की उंचाई पर पहुंचने के बाद शीतल महाजन ने पैराशूट लेकर छलांग लगाई। उन्होने हाथ में जय श्री राम की ध्वज पताका ले रखी थी। हवा में गोता लगाते हुए वह सरयू नदी के किनारे उतरी। कुथ ही मिनट बाद सांसद भी पैराग्लाइडर के साथ जमीन पर उतरे। दोनों के जमीन पर उतरते ही सरयू का किनारा जय श्री राम के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

**कार्यक्रम** शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के विश्नोहरपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव का आयोजन

# बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोह लिया सबका मन


वार्षिकोत्सव में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार


मुख्य अतिथि का सम्मान करतीं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा:** शिक्षा क्षेत्र नवाबगंज के विश्नोहरपुर गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय परिसर में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह की पुत्र वधू इंदिरा पुरम स्कूल की एमडी नेहा सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। सिंह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेना चाहिए। राम वंदना, नारी शक्ति, योग, मोबाइल एडिक्शन, वृद्ध आश्रम सहित अन्य थीम पर शानदार प्रस्तुति दी गई। परमहंस सिंह, ग्राम प्रधान नकछेद, एमआरपी राम सुन्दर एवं संजय दूबे समेत काफी संख्या में सम्मानित अभिभावक और शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम को संपन्न करने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक पंकज पाठक, रानू पाठक, रश्मि सिंह, विशाल सिंह, सीमा परवीन, ममता, पूजा आदि का योगदान रहा।

# थाना समाधान दिवस में 21 मामले सुलझे


थाना समाधान दिवस पर जनसुनवाई करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**गोंडा, कार्यालय:** शनिवार को जिले के समस्त थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 148 शिकायती पत्र आए जिसमें 21 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया तथा शेष राजस्व संबंधित मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर निस्तारण के लिए मौके पर भेजा गया।

कोतवाली देहात में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने जनसुनवाई की। उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।

थाना कोतवाली देहात में जनसुनवाई के दौरान कुल पांच शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय ने थाना करनैलगंज में जनसुनवाई की। इसी प्रकार सभी प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। करनैलगंज कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में भूमि विवाद में न्याय न मिलने पर एक महिला ने आत्महत्या करने की चेतावनी दे डाली।

## एक नजर

### जनपद में 18 अप्रैल तक धारा 144 लागू

**गोंडा :** जिले में 18 अप्रैल तक धारा 144 लागू कर दी गयी है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सहित संस्कृत शिक्षा परिषद व अल्पसंख्यक विभाग की भी 10+2 स्तर की परीक्षाएं, शबे-बारात, महाशिवरात्रि, होलिका दहन, होली, रमजान, ईद-उल-फितर, शारदीय नवरात्रि व रामनवमी पर्व को देखते हुये जनपद में 18 अप्रैल तक धारा 144 लागू की गयी है।

### अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा कल

**गोंडा :** उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल गोंडा अनुभव वर्मा ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय सिसवा, मनकापुर, गोंडा, के शैक्षिक सत्र 2024-25 हेतु कक्षा छह और नौ में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा फखरुद्दीन अली अहमद राजकीय ईंटर कॉलेज गोंडा में सुबह साढ़े दस बजे से आयोजित की जायेगी। प्रवेश परीक्षा में मंडल के चारों जिलों के पात्र अभ्यर्थी भाग लेंगे। प्रवेश परीक्षा हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

### अवैध पेड़ कटान की शिकायत, मुकदमा दर्ज

**मसकनवा, गोंडा :** छपिया पुलिस ने बिना परमिट के सागौन के पेड़ काटने के मामले में वन रक्षक की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। सादुल्लाहनगर रेंज वन क्षेत्र के ऐलनपुर बीट में तैनात वन रक्षक रामकेस ने छपिया थाने में तहरीर दी है कि शिकायत के माध्यम से पता चला कि धुसवा गांव में सागौन के पेड़ बिना परमिट काटे जा रहे हैं। मौके की जांच करने काश्तकारी भूमि में बीस हरे सागौन के पेड़ कटे हुए मिले। एस ओ छपिया सतेंद्र वर्मा ने बताया कि वन रक्षक रामकेस की तहरीर पर राधेश्याम व शिवपूजन निवासी रानीजोत मसकनवा के मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कोटे की 58 दुकानों पर बनेगा सेल्फी प्वाइंट

## पीएम मोदी की तस्वीर वाले स्टैंडिंग कट आउट के साथ राशनकार्ड लाभार्थी लेंगे सेल्फी

गोंडा कार्यालय



पीएम मोदी के चित्र के साथ स्टैंडी।

**अमृत विचार:** सार्वजनिक वितरण प्रणाली की 58 दुकानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जायेगा। खाद्यान्न लेने वाले लाभार्थी इस सेल्फी प्वाइंट पर पीएम की फोटो के साथ सेल्फी भी लेंगे। इसके लिए पीएम के कट आउट की स्टैंडी जिले में पहुंच गयी है। जल्द ही इसे दुकानों तक पहुंचाया जायेगा।

जिले में जिन दुकानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाना है उनका चयन हो गया है। पूर्ति विभाग ने दुकानों का चयन करते हुए सूची तैयार कर ली है। शासन की मंशा है कि गरीबों का खाद्यान्न पूरा मिले। कालाबाजारी पर हर हाल पर रोक लगे। इसको लेकर अब सरकार ने राशन कार्ड धारकों को जागरूक करने के लिए विशेष पहल की है। कोटे के दुकानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। जहां पर लोग खाद्यान्न लेने के बाद फोटो भी खिंचवाएंगे। सरकार का मानना है कि ऐसे में लोगों में जागरुकता आएगी और लाभार्थियों को पूरा खाद्यान मिलेगा। शासन की ओर से सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर निर्देश मिला था। जिसके क्रम में पूर्ति विभाग ने दुकानों का चयन किया है। जिले में इसके लिए 45 की जगह 58 दुकानों की सूची तैयार कर ली गई है। जिन उचित विक्रेताओं को सेल्फी प्वाइंट के लिए चयनित किया गया है उनमें चकसड़ फिरोजपुर, वीरपुर बिसेन, बलहीजोत, बेलवाधाम, बिछुड़ी, दरियापुर हरदो पट्टी, पंडरी कृपाल, मेहनौन, करुआपरा, बखारवा, दिनारा, बनकटी सूर्य बली सिंह, भगरिया पूरे मित्तल, जयराम जोत, मधुपुर, छिटना पूर, जगदीशपुर, केथोला, दुल्लापुर, रामगढ़, नकहारा, कमलपुर, हथियागढ़, मोकलपुर, खपरीपुर, शीतलगंज, रामपुर, बलीपुर, मेंहवा गोपाल, रामपुर खरहटा, दुर्जनपुर घाट, करनालपुर, महादेव, उमरिया, रानीपुर, धौरहरा घाट, नेहालपुर, गंगरौली तथा जफरपुर सहित 58 कोटे की दुकानें है। सरकार की मंशा है कि जितना खाद्यान्न लाभार्थियों को मिल रहा है पूरा मिले। आम जनमानस के बीच इसका प्रसार हो इसलिए सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। सरकार की ओर से खाद्यान्न के डायवर्जन पर रोक लगाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।ऐसे में जब लोग जागरुक हो जाएंगे तो कालाबाजारी पर अंकुश लगने में सफलता मिलेगी। फिलहाल विभाग ने कोटे की दुकानों को चयन करके शासन को भेज दिया है। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि शासन की ओर से जिले में उचित दर विक्रेताओं के दुकान पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर सूची मांगी गयी थी। पूरे जनपद में ब्लॉक वार सेल्फी प्वाइंट बनाए जाने को लेकर दुकानों का चयन कर लिया गया है। एक ब्लॉक में तीन से चार दुकानों का चयन सेल्फी प्वाइंट के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि शासन की ओर से पीएम मोदी के तस्वीर वाला स्टैंडिंग कट आउट आ गया है। चयनित सेल्फी प्वाइंट वाले कोटे की दुकान पर भेजा जा रहा है। उनकी दुकानों पर इनको स्थापित कर दिया जाएगा।

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत, दहेज हत्या का केस

**मसकनवा, गोंडा:** नव विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। एस ओ सतेंद्र वर्मा ने बताया कि बुधवार की देर रात धानेपुर गांव के मिर्जापुर मजरे में मधु बृजवासी (22)पत्नी विशाल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में मिला था। घर में मृतका की सास थी। एसओ ने बताया कि मृतका की शादी 22 जून 2022 को हुई थी। मृतका के पिता श्रीनिवास निवासी सुकलामपुर थाना बृजमनगंज जनपद महाराजगंज ने तहरीर दी थी कि उसने अपनी बेटी मधु की शादी जून 2022 में विशाल पुत्र स्व उदयराज बृजवासी निवासी धानेपुर के मजरा मिर्जापुर में किया था। ससुराल से जब वापस लौट कर बेटी मायके आई तो उसके ससुरालीजन दहेज मांगने के लेकर प्रताड़ित करते हैं। उनकी लड़की एक सप्ताह पहले ससुराल गई। उसके पति विशाल और सास शोभावती उर्फ सरोज ने दान दहेज पूरा न होने पर मेरी लड़की को मार डाला। एसओ ने बताया कि मृतका के पिता श्रीनिवास के तहरीर पर पति और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबने से मौत हुई की रिपोर्ट आई। उन्होंने बताया कि विशाल पुत्र स्वर्गीय उदय राज और शोभावती उर्फ सरोज पत्नी स्वर्गीय उदय राज निवासी मिर्जापुर धानेपुर को सोहिला अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# 3244 बच्चों के टीकाकरण में अड़ंगा

## 55 गांवों में नहीं हो सका है टीकाकरण, सांसत में विभागीय अधिकारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** स्वास्थ्य महकमे और प्रशासन के तमाम प्रयासों के बावजूद टीकाकरण अभियान परवान नहीं चढ़ पा रहा है। प्रतिरोधी परिवार इस टीकाकरण अभियान में बाधक बने हैं।

इस अड़ंगे से जिले के 55 गांवों के 3244 बच्चों का टीकाकरण नहीं हो सका है। जनपद के कई ब्लॉकों के गांव में टीकाकरण सहित तरीके से नहीं हो पा रहा है। जिसको लेकर शासन गंभीरता से कार्य भी कर रहा है। ये वे गांव हैं जिन पर प्रशासन की नजर तो है लेकिन परिवार वाले टीकाकरण में रूचि नहीं ले रहे हैं। यूनिसेफ के एस एम नेटवर्क इस बात का जिक्र किया गया है। गांव का चिह्नीकरण भी हो गया है। जहां पर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासनिक अमला मिलकर टीकाकरण कराएगा।

टीकाकरण न करने वाले परिवारों में गांव व शहर दोनों क्षेत्र आते हैं। विकासखंड बभनजोत के भिखारी पट्टी, कस्बा खास, खुटेहना, गडीजोत, गुलरिया, भावपुर दौलतपुर, ब्लॉक रूपईडीह बैदौरा बाजार, तकिया, दुल्हापुर पहाड़ी आदि गांव हैं। इसी तरीके से कटरा बाजार ब्लॉक में मेहरवानाबाद, उर्दी गोंड़ा, मथुरा, तलवापार, भगवानपुर, पिपरी माझा कस्बा, पंडरी कृपाल ब्लॉक के लाला पुरवा, खिरौरा मोहन, सावत पुरवा, टिकरिया, कर्नलगंज ब्लॉक में इब्राहिमपुर, शाहपुर, पालपुर पश्चिम, पूर्व कोटिया, रुदौलिया, बसूहा भीमिया, पूर्व गोसाई पुरवा, बसंतपुर, बाजार गढ़ी, सकरौरा पूर्वी आदि हैं। हलधरमऊ ब्लॉक में सालार पुरवा, सहारन पुरवा, बख्शी पुरवा, भोका, पहाड़ापुर, अकडेरा, निंदूरा, नाथडेरा, छिटनापुर, इटियाथोक विकासखंड के परासिया बहोरी, इटियाथोक, तेलियानी, बिरमापुर, मक्का पुरवा, महाराजगंज, ज्वाला, पूर्व कोनिया, बनकट, पृथ्वी पाल ग्रांट, सरदार ढोढही है।

### ये हैं गोंडा शहर के मोहल्ले

जिला मुख्यालय पर शहर के इमामबाड़ा, कटहरिया, मेवतियान, मलियाना, पटेल नगर, महाराजगंज, दयानंद नगर, महारानीगंज, घोसियाना के कई परिवारों द्वारा टीकाकरण नहीं कराया जा रहा है। ऐसे पूरे जनपद में 55 से अधिक गांव हैं। जिसमें जीरो से दो वर्ष के 3244 बच्चे हैं, जिनका टीकाकरण नहीं हो पा रहा है।

# तिलहनी फसलों की दी जानकारी


किसान गोष्ठी का उद्घाटन करते कमिश्नर व कृषि संयुक्त निदेशक। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय:** शनिवार को आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना अंतर्गत कृषक उत्पादन संगठनों की मंडल स्तरीय कार्यशाला तथा नेशनल मिशन ऑन इडबिल ऑयल आयल सीड योजना अंतर्गत रबी तिलहन कार्यशाला टाउन हॉल में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण कार्यशाला में कृषक उत्पादन संगठनों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। संयुक्त कृषि निदेशक एवं उप कृषि निदेशक ने कृषक उत्पादक संगठनों की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी कार्यशाला के माध्यम से कृषक उत्पादक संगठनों को मिलेट्स उत्पादन तकनीक, खाद्य प्रसंस्करण आदि के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने नेशनल मिशन आन ऑयल सीड योजना के बारे में भी जानकारी दी। शोएब अहमद डीडीएम नाबार्ड ने कृषक उत्पादक संगठनों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने हेतु एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने मिलेट्स फसलों ज्वार बाजरा कोदों सावां रागी की उत्पादन तकनीक तथा सूरजमुखी तिल तोरिया सरसों आदि तिलहनी फसलों की उत्पादन तकनीक की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र गोपालग्राम के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष तथा डॉक्टर मिथिलेश कुमार झा वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि अभियंत्रण ने सम्बंधित विषयों की जानकारी दी।

# पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

गोंडा कार्यालय


बनघुसरा मतदान केंद्र का निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मतदान स्थलों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। साफ सफाई शौचालय पर विशेष ध्यान दिया जाए। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जायसवाल कोतवाली देहात अंतर्गत आने वाले मतदान केंद्रों के निरीक्षण के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिसर की साफ सफाई पूरी तरीके से कराई जाए या कोई कमरा टूटा फूटा है तो उसकी भी रिपोटिंग की जाए। उन्होंने कोतवाल देहात को निर्देश दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अपने क्षेत्र के गांव में जाकर लोगों से बातचीत करें। उन्हें निर्भय होकर मतदान करने को कहें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जो भी बूथ बने हैं उसे गांव की स्थिति को देखते हुए उनको संवेदनशील, अतिसंवेदनशील के कैटेगरी में रखा जाएगा। सभी पुलिसकर्मी अपने बीट क्षेत्र में जाकर अपराधियों के बारे में जानकारी ले लें। बीट पुस्तिका को कंप्लीट कर लें। निरीक्षण में कोतवाल देहात अरुण कुमार राय आदि रहे।

# मतदान केंद्रों पर हों सभी सुविधाएं

**रुपईडीह, गोंडा:** ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने सभी पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायत के मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी ग्राम पंचायत मे बनाए गये मतदान केंद्रो पर बिजली, पेयजल, शौचालय व अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराए जाने के लिए आयोग द्वारा दिशा निर्देश जारी किया गया है। ऐसी स्थिति में सभी पंचायत सचिव अभी से ही मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराए जाने के लिए तैयारी करना शुरू कर दें।

# डीएम ने निर्वाचन को लेकर की बैठक

## कलेक्ट्रेट सभागार में आरओ, एआरओ व अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक

गोंडा कार्यालय


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में आरओ, एआरओ एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने सभी एसडीएम से बूथों के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए की सभी बूथों पर मूलभूत सुविधाएं हर हाल में सुनिश्चित कर ली जाए। सभी बूथों पर बिजली कनेक्शन, ड्रिंकिंग वॉटर शौचालय आदि की व्यवस्था हर हाल में होनी चाहिए। साथ ही सभी बूथ पर बूथ संख्या व अन्य सूचनाएं अवश्य अंकित कर दी जाए। इसके अलावा उन्होंने जेंडर रेशियो सुधारने एवं कम मतदान वाले बूथों पर मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि वोटर लिस्ट बनाते समय किसी भी संभ्रांत व्यक्ति और जनप्रतिनिधि का एवं उसके परिवार के किसी मतदाता का नाम गायब नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण करें साथ ही वोटर कार्ड बनवाने के लिये आने वाले ऑनलाइन आवेदनों का जल्द से जल्द निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को गाड़ियों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान सीडीओ, अपर जिला अधिकारी, डीडीओ आदि मौजूद रहे।

# कोटा चयन में गड़बड़ी को लेकर किया प्रदर्शन

**बभनजोत, गोंडा:** विकासखंड बभनजोत के ग्राम पंचायत बनगवां के छह दर्जन ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कोटा चयन पुनः करने के लिए मांग की है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया है। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी मनकापुर को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि पूर्व कोटेदार द्वारा त्यागपत्र देने पर पुनः ग्राम का कोटेदार नियुक्त होना था जिसका सात महीना पूर्व में चयन हुआ था। पुनः सुचारू रूप से कार्य न करने के कारण कोटा निरस्त हो गया था। जिसका 20 फरवरी को कोटा चयन को लेकर खुली बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें ग्राम सभा के लोगों को बिना जानकारी के ग्राम सभा प्रधान ने अपने चहेते को कोटा चयन जबरदस्ती कर दिया। आरोप है कि कोटा चयन में किसी अन्य व्यक्ति को अवसर नहीं दिया गया। ग्रामीणों की मांग है कि पुनः चयन समस्त ग्राम वासियों को सूचना देने के पश्चात चयन किया जाए। सुकई यादव, राजेंद्र, हृदय राम, रंगी लाल, श्याम लाल, प्यारे, मेहीलाल, सरातुल्लाह, इनायतुल्लाह, कन्हैया लाल यादव, हबीबुल्लाह, करीम, बरकतउल्ला, मैराज समेत 6 दर्जन लोगों ने पुनः कोटा चयन करने के लिए मांग की है।

# इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन का इंस्टॉलेशन कार्य पूरा

गोंडा कार्यालय


तहसील के स्ट्रांग रूम में रखी वेइंग मशीन। अमृत विचार

**अमृत विचार:** इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन के इंस्टाल का काम पूरा हो गया है। लिक बिल कंपनी के कर्मचारियों ने मशीन में इंस्टॉलिंग की प्रक्रिया मनकापुर तहसील से शुरू कर की थी। प्रतिदिन करीब 50 से अधिक मशीनों को इंस्टॉल किया जा रहा था। मनकापुर तहसील के बाद तरबगंज तहसील की मशीनों को इंस्टॉल किया गया। अब पूरे जनपद मे ये काम पूरा हो गया है। जिले में 1391 मशीन आ चुकी है जो वर्तमान में प्रचलित कोटे की सभी दुकानों पर स्थापित होगी। मार्च महीने से इसी मशीन से तौल कर राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न दिया जाएगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए सरकार की ओर से कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अब कंपनी के कर्मचारी इंस्टालिंग प्रक्रिया पूरी कर ली है। इसके बाद बाट माप विभाग का कार्य शुरू होगा जो सभी मशीनों पर स्टंपिंग करते हुए उन्हें सील करेगा। इसके बाद कोटेदारों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और दुकानों को उचित विक्रेताओं के यहां भेज कर स्थापित कर दिया जाएगा। कोटेदारों पर घटतौली किए जाने का आरोप था सरकार ने इसके लिए कोटे की दुकान पर इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन स्थापित करने का निर्णय लिया। इस इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे को ई-पास मशीन से जोड़ दिया जाएगा। जब राशन कार्ड धारक को अपने हिस्से का पूरा खाद्यान्न मिलेगा तभी पर्ची निकलेगी। सभी दुकानों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटा स्थापित होना है। इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन में बाट माप विभाग द्वारा स्टंपिंग की जाएगी और मशीन को सील किया जाएगा। इसके बाद प्रशिक्षण कोटेदारों को दिया जाएगा और फिर वितरण के लिए कोटे की दुकान पर इन मशीनों को स्थापित कर दिया जाएगा। लिंकवेल कंपनी के डिविजनल मैनेजर मनीष तिवारी ने बताया कि जिले में जितने कोटेदार हैं उतनी संख्या में मशीन आ गई है। मशीनों के स्टॉल का कार्य हो गया है। इसके बाद बाट माप विभाग कार्य शुरू करेगा । जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि जिले में अब तक 1391 कांटो की की आपूर्ति हो गई है।

# पानी की टंकी तैयार पर नहीं मिल रहा लाभ

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है। इसके माध्यम से प्रत्येक परिवार के घर पर पानी पहुंचाया जाए। जिससे प्रत्येक परिवार के सदस्यों को स्वच्छ जल मिले जिसके कारण जल से होने वाली तमाम प्रकार की बीमारियों से ग्रामीण परिवारों की रक्षा हो सके। इटियाथोक विकासखंड में बेंदुली, कर्मडीह कला करुआ पारा, लक्ष्मणपुर लाल नगर और श्रीनगर में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया है और पानी की टंकियां ग्राम पंचायत को हैंडोवर कर दी गई है। जिसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ जल उपलब्ध होना चाहिए।

ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है। इसी के साथ-साथ इटियाथोक विकासखंड के कई अन्य ग्राम पंचायत में भी पानी टंकी बनवाने का प्रस्ताव पारित है। कुछ जगह कार्य चल भी रहा है विडंबना इस बात की है कि पहले से बनी पानी की टंकियां केवल कागजों में कार्यरत है, जबकि कागजों में उन्हें हैंगओवर कर दिया गया है।

सुविधा

## तीन लाख लोगों को मिलेगी सुविधा, सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने किया उद्घाटन

# नवनिर्मित पीएचसी भवन का लोकार्पण

नवाबगंज, गोंडा


पीएचसी भवन का उद्घाटन करते सांसद व पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के उमरिया गांव मे नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को समारोह पूर्वक उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कीर्तिवर्धन सिंह और विशिष्ट अतिथि रमापति शास्त्री ने शिलापट्ट का अनावरण करके केन्द्र जनता को समर्पित किया। उद्घाटन समारोह के दौरान मानसिक स्वास्थ्य और रक्तदान शिविर का संचालन भी हुआ। केन्द्र पर तैनात किए गए चिकित्साधिकारी और पैरा मेडिकल स्टॉफ का लोगों से सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा ने परिचय कराया।

सांसद राजा भैय्या ने कहा कि मोदी और योगी की सरकार देश के सभी लोगों को समुचित और सुगम स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने क्षेत्र वासियों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो जाने की बधाई भी दी। पूर्व मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में प्रचलित सभी पैथी का बेहतर नतीजा सिमपैथी के बिना नही आ सकती इसलिए डॉक्टर और सहयोगी स्टाफ को मरीजों के प्रति हमेशा सहानुभूति की धारणा बनाए रखनी चाहिए। सीएमओ द्वारा अतिथियों का स्वागत और अधीक्षक विनयेश त्रिपाठी ने आभार जताया। पूर्व मंत्री/ विधायक रमापति शास्त्री के प्रयासों और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत करोडो के लागत से बनकर तैयार हुई पीएचसी के शुरू हो जाने से क्षेत्रीय लोगों के चेहरों पर मुस्कान झलक रही थी। अर्से से स्थानीय लोगों द्वारा जनप्रतिनिधियों से पीएचसी खुलवाए जाने की मांग की जा रही थी। नवनिर्मित पीएचसी में विभाग द्वारा दो डॉक्टरों समेत फार्मासिस्ट एव अन्य स्टॉफ की पोस्टिंग कर दी गई है। इसके साथ ही महिलाओं के प्रसव केंद्र प्वाईंट का संचालन भी शीघ्र चालू किए जाने की व्यवस्था की जा रही है।

# घटनाओं में महिला सहित दो घायल

**परसपुर, गोंडा:** थाना क्षेत्र के अलग-अलग घटनाओं में महिला सहित दो लोग घायल हो गये। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस द्वारा सात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू की गयी है। परसपुर के झाली निवासी अवधेश कुमार सिंह ने थाने पर सूचना देते हुए बताया कि वह रोडवेज बस पर परिचालक है शुक्रवार की शाम ड्यूटी करके वापस अपने घर जा रहा था कि ग्राम गंगा पुरवा परसपुर गिर्द के पास पहुंचा था कि उनके गांव निवासी राम किशोर, विवेक सिंह, भोले आदि ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली देते हुए मुक्का थप्पड़ लात घूसा से मारने लगे शोर करने पर गांव वाले आ गए।

# इलाज के बहाने जमीन का ले लिया बैनामा, केस

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** धोखाधड़ी से 70 वर्षीय बुजुर्ग जो मानसिक रूप से विक्षिप्त भी है इलाज कराने के बहाने करोड़ों की जमीन जालसाजों ने रजिस्ट्री करा ली। जिसकी शिकायत एसपी गोंडा से की गई एसपी गोंडा के आदेश पर इटियाथोक पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ जालसाजी और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।

पूरा मामला इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलभरिया से जुड़ा हुआ है वहां के रहने वाले पीड़ित संतराम ने एसपी गोंडा को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके 70 वर्षीय बुजुर्ग पिता जो की मानसिक रूप से विक्षिप्त है। गांव के ही राज नारायण व रामगोपाल सोनकर ने दवा कराने के बहाने उनके करोड़ों की भूमि ले जाकर रजिस्ट्री करा ली। जानकारी मिलने पर इसकी शिकायत एसपी गोंडा को दी गई एसपी गोंडा के आदेश पर इटियाथोक पुलिस ने राज नारायन व रामगोपाल सोनकर निवासी बेलभरिया के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच-पड़ताल के बाद ही पूरा मामला सामने आएगा।

# जालसाजी के तीन आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय:** कोतवाली नगर पुलिस ने जालसाजी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है । नगर कोतवाली में विकास श्रीवास्तव पुत्र रामचंद्र श्रीवास्तव निवासी नय्यर कालोनी थाना नगर ने तहरीर दी थी कि सहिल सिद्दीकी व उनके तीन साथियों द्वारा ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों व जिला पंचायतों में एलईडी लाइट लगवाने के ठेका दिलाने के नाम पर उनसे छह लाख रुपये की ठगी की थी। तहरीर के आधार पर थाना नगर में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था तथा विवेचना उप निरीक्षक सुरेश मनी कर रहे थे पुलिस ने रोडवेज चौराहे के समीप से सभी को गिरफ्तार किया।

## एक नजर

### गेंदघर मैदान का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच :** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य अधिकारियों के साथ गेंदघर मैदान का भ्रमण किया तथा तैयारियों का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, उपायुक्त मनरेगा केडी गोस्वामी, ईओ नगर पालिका परिषद प्रमिता सिंह, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, तहसीलदार अभयराज पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रदीप कुमार, प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश गौतम, पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण कार्य जारी

**बहराइच :** अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण के अन्तर्गत वर्तमान में भी निर्वाचक नामावली में परिवर्धन, संशोधन एवं अपमार्जन का कार्य किया जा रहा है। उन्होनें समस्त अर्ह मतदाताओं से अपील की है कि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराने के लिए प्रारूप-6, मृतक शिफटेड तथा रिपीटेड होने पर निर्वाचक नामावली से नाम हटाने के लिए प्रारूप-7 तथा किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन करने के लिए प्रारूप-8 भरकर आवश्यक अभिलेखों के साथ सम्बन्धित बूथ लेबिल अधिकारी, सुपर वाइजर, अथवा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/तहसीलदार एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है।

### गोंडा के युवक को पीटा

**बहराइच :** गोंडा जिले के कटरा थाना क्षेत्र के गड़वा गांव निवासी नागेंद्र दीक्षित पुत्र महेश्वरी प्रसाद दीक्षित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बहराइच आए थे। कोतवाली देहात के तिकोनी बाग के निकट स्थित आशीर्वाद होटल के सामने नागेंद्र दीक्षित को गुड्डू समेत अन्य बंधक बनाकर पिटाई की। जिससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अल्ताफ रजा के गीत और स्वाति तिवारी के भजन बढ़ाएंगे शोभा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** शहर में 25 से 27 फरवरी तक आयोजित हो रहे तीन दिवसीय 'बहराइच महोत्सव' की तैयारियों की समीक्षा के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विभिन्न कार्यक्रम की जिम्मेदारी जांची। आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि रविवार 25 फरवरी को सांय चार गेंदघर मैदान में अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, वंदना गीत एवं गणेश वन्दना के बीच दीप प्रज्ज्वलन कर महोत्सव का शुभारम्भ किया जायेगा। इसके उपरान्त अतिथिगण द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का दृश्यावलोकन एवं मेला परिसर का भ्रमण किया जायेगा। सांय पांच बजे दिव्यांगजनों द्वारा राम आयेंगे नृत्य की प्रस्तुति, मैट्रो एकेडमी द्वारा हनुमान चालिसा समूह नृत्य एवं सुश्री उर्मिला पाण्डेय एण्ड पार्टी द्वारा गंगा अवतरण प्रस्तुत किया जायेगा। सांय छह बजे मसान की होली, सात बजे निधि तिवारी द्वारा रामायण नृत्य नाटिका तथा रात्रि आठ बजे से सुश्री स्वाति मिश्रा द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जायेगी।



बहराइच महोत्सव के बारे में बैठक करतीं डीएम। अमृत विचार

महोत्सव के दूसरे दिन 26 फरवरी को गेंदघर मैदान में पूर्वान्ह 11 बजे से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न योजनाओं विषयक गोष्ठी/कार्याशाला तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों/व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। अपरान्ह एक बजे से मेंहदी प्रतियोगिता, स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा नुक्कड नाटक का मंचन, अपरान्ह तीन बजे से थारू जनजाति का कार्यक्रम, अपरान्ह चार बजे से सरिता यादव द्वारा कत्थक नृत्य, अपरान्ह पांच बजे से जसवीर सिंह द्वारा बाबरा बैण्ड, सांय छह बजे से लया सक्सेना द्वारा फूलों की होली, सांय सात बजे से गोपाल तिवारी द्वारा बॉलीवुड गायन प्रस्तुत किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

#### अंतिम दिन ये होंगे कार्यक्रम

बहराइच समारोह के अन्तिम दिन 27 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे से पोस्टर प्रतियोगिता, अपरान्ह दो बजे से बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा तथा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज सेवियों को सम्मानित किया जायेगा। अपरान्ह चार बजे से जूनियर व सीनियर वर्ग हेतु फैशन शो तथा मैट्रो एकेडमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। अपरान्ह पांच बजे से मगन मिश्रा व निशांक भदौरिया द्वारा राई लोक नृत्य व प्रकृति यादव द्वारा लोक गायन व नृत्यु की प्रस्तुति, सांय छह बजे से रूद्धाक्ष बैण्ड द्वारा सूफी गायन, सांय 7 :30 बजे अल्ताफ राजा द्वारा बॉलीवुड नाईट तथा रात्रि नौ बजे से शिल्पीराज द्वारा भोजपुरी नाईट की प्रस्तुति के उपरान्त रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच बहराइच महोत्सव का समापन होगा।

# आग लगने से चार मकान हुए राख

मिहीपुरवा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के सुजौली और हरदी थाना क्षेत्र में आग लग गई। जिसके चलते चार मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। मिहीपुरवा तहसील के सुजौली थाना क्षेत्र के सुजौली गांव में शनिवार दोपहर में शकील पुत्र जाफर खान के घर में अचानक आग गई। कच्चे मकान से आग की लपटों को उठता देखकर ग्रामीण दौड़ पड़े, सभी ने एकजुट होकर किसी तरह आग पर काबू पा लिया। लेकिन तबतक फूंस का बना पूरा कच्चा मकान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात बताया जा रहा है। वहीं आग की घटना में ग्रामीण का घर सहित पूरी गृहस्थी जलकर राख हुई है। उधर हरदी थाना क्षेत्र में कोटिया गांव में आग लगने से तीन मकान जल गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाया। लेकिन आग के चलते गृहस्थी का पूरा सामान जल गया। ग्राम प्रधान की सूचना पर दोनों स्थान पर राजस्व कर्मियों ने पहुंच कर क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील को भेज दी है। दोनों स्थानों पर ढाई लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

# फीस बकाया के चलते नहीं दिया एडमिट कार्ड, परीक्षा छूटी

## स्कूल प्रबंधन की लापरवाही से इंटर के छात्र व छात्रा का हिंदी का पेपर छूटा

उर्रा, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के ग्राम पंचायत उर्रा निवासी इंटर के छात्र और छात्रा को बकाया फीस के चलते एडमिट कार्ड नहीं दिया गया है। जिसके चलते उसकी परीक्षा छूट गई। शिकायत और फजीहत के डर से रात में छात्र को उसके घर एडमिट कार्ड भी दे दिया गया, लेकिन छात्र और छात्रा का साल बर्बाद हो गया। सभी ने इसकी शिकायत डीएम और डीआईओएस से की है।

मोतीपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत उर्रा के सौंजहां में जय मां काली इंटर कालेज का संचालन होता है। इस विद्यालय में ग्राम पंचायत उर्रा निवासी एजाज अंसारी पुत्र अलाउद्दीन अंसारी कक्षा 12 का छात्र है। गुरुवार से उसका यूपी बोर्ड परीक्षा होनी थी। एजाज ने बताया कि मां की तबियत खराब है। जिसके चलते उसकी पूरी फीस नहीं जमा है। बोर्ड की परीक्षा के चलते गुरुवार को सुबह वह विद्यालय में एडमिट कार्ड लेने के लिए गया तो स्कूल प्रबंधन की ओर से फीस बकाया का हवाला देकर उसे वापस कर दिया गया। जिसके चलते वह इंटर हिंदी का पेपर नहीं दे पाया। बोर्ड परीक्षा में वह एब्सेंट हो गया। इसकी जानकारी गांव के अन्य लोगों को हुई तो सभी काफी नाराज हुए। स्कूल प्रबंधन की शिकायत करने की बात कही। इसकी भनक विद्यालय के प्रधानाचार्य को लग गई। इस पर उन्होंने रात में घर जाकर एडमिट कार्ड दे दिया। उधर इसी ग्राम पंचायत निवासी सारिका मौर्य पुत्री सुशील मौर्य को भी बकाया फीस के चलते प्रवेश पत्र नहीं दिया गया। जिसके चलते उनका भी पेपर छूट गया। इस मामले में डीआईओएस एनके तिवारी ने बताया कि जानकारी हुई है। जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी।



छात्र एजाज ।



छात्रा सारिका।

#### बैक पेपर का दे रहे भरोसा

इंटर के छात्र एजाज ने बताया कि फीस के अभाव में उसका साल बर्बाद हो गया। लेकिन रात में एडमिट कार्ड देने आए लोगों ने बैक पेपर के सहारे परीक्षा पास करवाने की बात कही है।

### जमीन पर गिरी महिला की अचानक हुई मौत

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत राजापुर गिरंट के मजरा दंदवलिया निवासी 25 वर्षीय महिला की अचानक मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार पूजा देवी पत्नी सतीश कुमार निवासी दंदवलिया उम्र करीब 25 वर्ष अपनी सास व गांव के लोगों के साथ बकरी चराने व घास छीलने दोपहर करीब दो बजे बनसत्ती मंदिर की ओर गई थी। जहां वह अचानक गिर कर तड़पने लगी। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक तड़पकर उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उसे मिर्गी की बीमारी थी और कभी-कभार इस तरीके से वह तड़पती रहती और कुछ देर बाद ठीक हो जाती थी किंतु आज ऐसा नहीं हुआ और उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान भारत सिंह की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दिए जाने पर प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाई की जाएगी।

# ज्ञान के लिए स्मार्ट फोन का करें उपयोग

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** शहर के महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रबंध समिति सदस्य ने स्मार्ट फोन का उपयोग शिक्षा के लिए करने की बात कही।

महिला महाविद्यालय में सरकार के सौजन्य से व प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी के निर्देशन में स्मार्टफ़ोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी तथा प्रबंध समिति के सदस्य आदर्श अग्रवाल तथा अजय अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।तत्पश्चात् प्राचार्या द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'शब्दांजलि' का विमोचन डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा किया गया किया गया। तत्पश्चात् बीए/बीएससी पंचम सेमेस्टर की 542 छात्राओं में स्मार्टफ़ोन का वितरण किया गया।इस अवसर पर पर मुख्य अतिथि विधान सभा सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने पत्रिका के महत्व पर सारगर्भित चर्चा की तथा छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा की वे आत्मनिर्भर बनें।वोकेशनल कोर्स करने के बाद उनमें विशेष स्किल डेवलपमेंट होगा, जिससे उनके रोजगार पाने कि संभावना भी बढ़ेगी।अपने संबोधन में प्राचार्या प्रो. प्रिया मुखर्जी ने पत्रिका की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पत्रिका न केवल छात्राओं को उनके विचारों की अभिव्यक्ति के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेगी। इस अवसर पर बीए/बीएससी द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर की समस्त छात्राओं को वोकेशनल कोर्स के अन्तर्गत ब्यूटीशियन एवं फ़ैशन डिजाइनिंग में वोकेशनल कोर्स प्रमाण -पत्र भी प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के दौरान ज्योति त्रिपाठी, डॉ. मनीषा खन्ना, डॉ. सरिता यादव, डॉ. कमरजहाँ सहित समस्त सम्मानित प्रवक्ता उपस्थित रहे।




स्मार्ट फोन के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

# पुलिस महानिदेशक ने नवनिर्मित एयरपोर्ट का लिया जायजा

श्रावस्ती

**अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने नवनिर्मित एयरपोर्ट का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

एडीजी ने आगामी चुनाव के दृष्टिगत शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा का भ्रमण कर पुलिस बल के ठहरने वाले स्थान पर बिजली, पानी, शौचालय, स्नानागार इत्यादि का जायजा लेते हुए उचित दिशा-निर्देश दिया। एडीजी ने पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया, अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व समस्त क्षेत्राधिकारियों के साथ जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गयी। समस्त थाना प्रभारी गोष्ठी में शामिल हुए। गोष्ठी के दौरान उन्होंने समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों से परिचय प्राप्त किया। सभी थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों से प्रतिदिन वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने गोष्ठी में कच्ची शराब का निष्कर्षण, परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही, अगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पूर्व में मुकदमों में नामित अपराधियों, अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों को पूर्व में चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया।



### डीएम ने अवैध अतिक्रमण को हटाने का दिए निर्देश

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खंड गिलौला के अन्तर्गत ग्राम रानीपुर काजी में श्मशान भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर ग्राम निवासी पांचू के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही कर बेदखली का आदेश पारित किया। जिलाधिकारी ने शमशान घाट के लिए सुरक्षित जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित तहसीलदार को तत्काल अवैध अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया हैं। इस अवसर पर तहसीलदार विपुल सिंह सहित लेखपाल, राजस्व निरीक्षक उपस्थित रहे।

### स्पोर्ट्स स्टेडियम निर्माण का डीएम ने लिया जायजा

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यों पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने लॉन टेनिस कोर्ट में चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को खिलाड़ियों को खेल के प्रति जागरूक करने तथा आय श्रोत को भी बढ़ाने के दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय क्रीडा हाल में चल रहे कार्य एवं बैडमिंटन कोर्ट पर लगने वाली वुडेन की गुणवत्ता की जांच तथा खेल मैदानों में लगने वाले लाइट का भी निरीक्षण किया तथा कार्यों को समय सीमा के अंदर पूरा करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव, कार्यदायी संस्था के अभियंतागण सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 136 जोडों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

**श्रावस्ती, अमृत विचार:** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा के निर्देशानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह के मार्गदर्शन में जिले में 04 स्थानों पर श्री देव विल्डर्स द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विकास खण्ड हरिहरपुररानी एंव विकास खण्ड सिरसिया मुख्यालय पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि कमलेश मिश्रा, विकास खण्ड इकौना एवं विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत आयोजित सीताद्वार मन्दिर पर आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक राम फेरन पाण्डेय ने वर-वधुओं को आर्शीवाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. अमरनाथ यति ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति के 40, अनुसूचित जनजाति के 09, पिछडा वर्ग के 43, सामान्य वर्ग के 21 व अल्पसंख्यक वर्ग के 23 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ।

विकास खण्ड गिलौला के 23, विकास खण्ड इकौना के 28, हरिहरपुररानी के 18, विकास खण्ड जमुनहा के 26, विकास खण्ड सिरसिया के 40, नगर पालिका भींगा के 01 इस प्रकार जनपद में कुल 04 स्थानों पर आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 136 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि के साथ ब्लाक प्रमुख सुभाष सत्या, रणवीर सिंह, खण्ड विकास अधिकारी जय प्रकाश, सीताद्वार मन्दिर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गिलौला प्रकाश चन्द्र, विनय कुमार तिवारी, समाज कल्याण अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी नन्द लाल, खण्ड विकास अधिकारी सी0 बी0 तिवारी ने नव विवाहित जोड़ों को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद देते हुए विदाई दी। शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार उपहार भी भेंट किये गये।

## वर्ग पहेली-353

**बाएं से दाएं**

1. शुक्रवार।
2. 1. जो योनि से उत्पन्न न हुआ हो, जो गर्भ से पैदा न हुआ हो, अजन्मा 2. नित्य।
5. वायुमंडल के जल के हिम बनने के कारण बरफ़ का धरती पर गिरना, ओले गिरना, पाले का पड़ना।
7. 1. दुर्गा, पार्वती 2. तांत्रिकों के अनुसार एक देवी 3. चामुंडा नामक देवी 4. संगीत में एक रागिनी।, भैरव संबंधी।
8. 1. कली का फूल के रूप में विकसित होना 2. भला या सुंदर लगना, फबना 3. भूनने पर चावल का फूल या फट जाना (खील या मुरमुरा बनना) 4. किसी सुखद समाचार से प्रसन्न होना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. पलाश की लकड़ी का बना हुआ एक प्रकार का अर्धचंद्राकार यज्ञ-पात्र 2. पूर्व दिशा।
2. 1. निरंतर या बिना रुके चलने वाला पाठ 2. अनुष्ठानपूर्वक चलने वाला चौबीस घंटे का पाठ।
3. 1. जिसमें किसी के प्रति दया या प्रेम न हो 2. निष्ठुर, निर्दय।
4. 1. एक विश्वप्रसिद्ध हीरा जो भारत की मुगल सल्तनत से नादिरशाह के पास गया और अब ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ा है, कोहेनूर, कोहिनूर 2. आभा या रोशनी का पर्वत।
6. 1. आंख की पलकों का बंद होना, समाप्त होना 2. बंद होना 3. तिरोहित होना, छिपना।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | 4 | ■ | | ■ | |
| ■ | 5 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | | | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 8 | | |

## वर्ग पहेली - 352 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 नी | ■ | 2 दा | ■ | 3 नो |
| 4 त | र | हे | ल | ■ | ब |
| ■ | स | ■ | द | ■ | त |
| ■ | ता | ■ | लि | ■ | ख़ा |
| ■ | ■ | 5 भ | या | व | ना |
| 6 डं | ब | र | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 7 म | न | मै | ला |

## सुडोकू -70

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 7 | 3 | 1 | |
| | | | 1 | | | | 5 | |
| 6 | | 1 | | | | 4 | | |
| | 1 | | 5 | | 3 | | 8 | 4 |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| 7 | | | 2 | | 4 | | | |
| | | 4 | | | | 5 | | 2 |
| | 5 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | | | 1 | | |

## सुडोकू - 69 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 |
| 4 | 3 | 2 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 1 | 9 | 5 | 7 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 20 .35 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाफाल्गुनी 26 फरवरी 01.24 तक तत्पश्चात उत्तरा फाल्गुनी।

**मेष** – आज नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोड़ने की प्रवृत्ति से बचें। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी। आज आपको परिवार के साथ समय अवश्य व्यतीत करना चाहिए।

**वृष** – आज पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर आज शान्ति बनाए रखें। मन में कुछ नकारात्मक विचार जन्म लेंगे। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। हृदय रोगियों को तनाव से बचना चाहिए। सिर्फ अपने काम पर ध्यान रखें।

**मिथुन** – आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। घर का वातावरण काफी अच्छा रहने वाला है। धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे।

**कर्क** – आज धन के अभाव के कारण जो काम रुके थे, वे शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें। प्रेम संबंधों में आ रही गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** – आज आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। साझेदारी में नया काम शुरू कर सकते हैं। मेडिकल संबंधी कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

**कन्या** – आज संतान के व्यवहार के कारण मन दुखी हो सकता है। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। समाज में सम्मानित लोगों को अपनी प्रतिष्ठा को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आयेगी।

**तुला** – आज अपने विचारों में स्पष्टता रखें। व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**वृश्चिक** – आज व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। संतान पर अनावश्यक दबाव न बनाएं। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। आज आप कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर संभावना बन सकती है।

**धनु** – आज समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति कुछ रूखा सा हो सकता है। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज आपको उधार लेने से बचना चाहिए।

**मकर** – आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है, तो मोटिवेशनल वीडियोज़ से आपको काफी सहायता मिल सकती है।

**कुंभ** – आज अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। मनोरञ्जन के लिए वेबसीरीज़ और सिनेमा का आनंद उठायेंगे। उच्च अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे।

**मीन** – आज उतावले व्यवहार से आपको बचना चाहिए। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा। योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- विश्वासघात – सुबह : 10 .00
- अनाड़ी – रात : 07 .00

**Sony Max**
- अतरंगी रे – सुबह : 09 .53
- टाइगर जिंदा है – रात : 10 .06

**Sony Pix**
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 – सुबह : 11.13
- द मैन फ्रॉम टोरंटो – रात : 09 .00

**Zee Cinema**
- जजमेंटल है क्या – सुबह : 10 .30
- मदारी – रात : 07 .30

**Colors Cineplex**
- छलांग – सुबह : 10 .29
- दृश्यम 2 – रात : 09 .06

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-09 .06 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बालक अपने पड़ोस में जाता और महिला दरवाजा खोलती है।
महिला- बेटा क्या हुआ?
बालक- आंटी मम्मी ने एक कटोरी चीनी मंगाई है।
महिला (मुस्कुरा कर उसका सिर सहलाते हुए कहती है) -"अच्छा और क्या कहा है तेरी मम्मी ने ?
बालक-कहा है कि अगर वो डायन न दे तो सामने वाली चुड़ैल से ले आना।

पत्नी-मैं रोज पूजा करती हूं
काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बन कर जहर पी ले फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तुझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

# एक लाख की लागत में ढाई लाख को मिल रही आमदनी


जरवल में किसान के खेत में लगी एप्पल बेर।

संजय श्रीवास्तव, जरवल, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के जरवल निवासी प्रगतिशील किसान कश्मीर के एप्पल बेर से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहे हैं। तीन एकड़ में शुरू हुई एप्पल बेर की बुआई आज भी हो रही है। लागत से दोगुना का लाभ किसान को मिल रहा है। जरवल का बेर लखनऊ से लेकर दूसरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

जरवल नगर पंचायत निवासी गुलाम मोहम्मद प्रगतिशील किसान हैं। वह केले की खेती के साथ पपीता और एप्पल बेर की खेती करते हैं। प्रगतिशील किसान ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ में कश्मीरी एप्पल बेर की खेती शुरू की। जिसमें एक लाख रूपये से कम खर्च आता है। इसके बाद पूरे सीजन वह एक एकड़ एप्पल बेर से ढाई लाख रूपये की आमदनी प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया कि वह इस समाज तीन एकड़ ( 15 ) बीघा में एप्पल बेर की खेती कर रहे हैं। तीन एकड़ में लगभग चार लाख रूपये लागत लगाने के बाद नौ से 10 लाख रूपये की आमदनी होती है। यानी लागत दे दोगुना लाभ एप्पल बेर से उन्हें होता है। उन्होंने बताया कि इस समय उनके खेत में 350 पेड़ लगे हुए हैं। जिसके बेर तोड़कर वह बाजार में बिक्री करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके बाग में लोग स्वयं बेर की खरीद के लिए आते हैं। इसके उनका समय और खर्च भी बच जाता है।



### तीन वर्ष से कर रहे खेती

प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद ने बताया कि उद्यान विभाग की ओर से उन्हें वर्ष 2021 में एप्पल बेर की खेती के लिए प्रेरित किया गया था। वर्ष 2021 से वह निरंतर एप्पल बेर की खेती कर रहे हैं। एक एकड़ से शुरू हुई खेती अब तीन एकड़ में पहुंच गई है।

### लखनऊ के साथ नेपाल में भी जाता है बेर

जरवल निवासी प्रगतिशील किसान गुलाम मोहम्मद ने बताया कि एप्पल बेर की काफी मांग है। लखनऊ के लू लू माल के अलावा गोंडा, बलरामपुर, बाराबंकी, उत्तराखंड और नेपाल भी एप्पल बेर की मांग है। वहां के व्यापारी एप्पल बेर की खरीद करते हैं।

# बसपा कार्यकर्ताओं ने रविदास जयंती मनाई

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार:** संत रविदास की जयंती पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के ग्राम परसिया आलम में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा रचित काव्य पाठ पर आधारित पुस्तकों के बारे में एवं सर्व समाज को अवगत कराया।

पयागपुर में बसपा नेता उमेश चन्द्र तिवारी ने संत रविदास की जयंती पर कहा कि संत रविदास जी ने सर्व समाज को एक माला में पिरोते हुये समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उमेश तिवारी ने लोगों से धर्म जाति व मजहब से ऊपर उठकर देश एवं प्रदेश को मजबूत बनाने के लिए देश की बागडोर कुशल हाथों में सौपने की अपील की। उन्होंने बसपा नेत्री पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के शासन काल की बात करते हुए कहा कि बसपा के शासनकाल में प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त थी। इस अवसर पर बसपा जिला कार्यकारिणी के अवधेश गौतम, विधानसभा अध्यक्ष पंकज गौतम, जमील अहमद, राशिद अली, पिंटू सिंह, सत्यनारायण तिवारी, पंकज, शाकिर अली सहित कई पदाधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।


संत रविदास जयंती पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते वक्ता।

## एक नजर

### सुबह 10 से शाम पांच बजे तक होगी कटौती

**बहराइच :** अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड बहराइच शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र बशीरगंज पर आइसोलेटर बदलने का कार्य प्रस्तावित है। अनुरक्षण कार्य के कारण 25 फरवरी को विद्युत उपकेन्द्र बशीरगंज अन्तर्गत पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक बंजारी, बशीरगंज, चांदपुरा, किला, मिर्जापुर, नाजिरपुरा अन्तर्गत तिकोनी बाग, त्रिमुहानी रोड, महाजनी स्कूल, गुदड़ी, मीराखेलपुरा, काजीपुरा, बिसवरिया, राजापुर, मेटुकहा चौराहा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### हादसों में युवक हुए घायल

**बहराइच :** कोतवाली देहात के फूटा कॉलोनी निवासी विक्रम पुत्र नंगू और मोनू पुत्र तुफैल बाइक से बाजार आए थे। शुक्रवार रात को दोनों बाइक से वापस घर जा रहे थे कोतवाली देहात के टीवी क्लीनिक के सामने एक स्कूटी सवार से टक्कर हो गई। जिसमें दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इलाज चल रहा है।

### अयोध्या के ग्रामीण की मौत

**बहराइच :** हरदी थाना क्षेत्र के पूरे बस्ती गड़रिया गांव निवासी सरवर कुमार सिंह पुत्र मुन्नू सिंह के यहां अयोध्या निवासी बालक राम उर्फ जयनारायण 3 माह से रहता था। श्रवण कुमार ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि बालक राम अपने को अयोध्या का पांडा बता रहा था वह बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### ई- रिक्शा पलटने से चालक घायल

**मटेरा, बहराइच :** खैरी घाट थाना क्षेत्र के सांवलपुरवा गांव निवासी रमेश पुत्र पंचू ई-रिक्शा से जा रहे थे। क्षेत्र के ढकिया गांव के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई जिसके चलते वह घायल हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# भविष्य के लिए सरकार से लड़ रहा युवा

## पूर्व मुख्यमंत्री बोले- किसानों के साथ है समाजवादी पार्टी, पूर्व सांसद और भगत राम मिश्रा के यहां पहुंचे


पूर्व कैबिनेट मंत्री के यहां पहुंचे अखिलेश यादव। अमृत विचार


भगत राम मिश्रा के यहां अखिलेश का स्वागत करती महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को दोपहर में निजी हेलीकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचे। इसके बाद वह पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के यहां पहुंच गए। अखिलेश यादव ने दिल्ली में चल रहे किसानों के आंदोलन को समर्थन करते हुए कहा कि उनकी पार्टी और पीडीए किसानों के साथ है। पुलिस भर्ती परीक्षा में भाजपा के लोगों के शामिल होने का आरोप लगाया।

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शनिवार को एक बजे के आसपास पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड स्थल हेलीकाप्टर से पहुंचे। इसके बाद वह शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के आवास के लिए रवाना हुए। आवास रवाना होने से पूर्व पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम ने कहा कि दिल्ली में किसान अपने हक के लिए धरना दे रहे हैं। हम किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार किसान की मांगों पर अमल करे, इसके लिए पीडीए गठबंधन पूरा सहयोग कर रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा किसानो की पार्टी है। हक और सम्मान के लिए सपा उनके साथ रहेगी। इसके बाद वह पूर्व कैबिनेट मंत्री के आवास चले गए। यहां पर सपा की पूर्व सांसद रुवाब सईदा के निधन पर शोक जताया। आधे घंटे के बाद पूर्व सीएम अखिलेश यादव सिविल लाइन स्थित सपा के वरिष्ठ नेता भगत राम मिश्रा के यहां पहुंचे। यहां पर वार्ता कर भोजन किया। इसके बाद वह पुलिस लाइन आए। उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला किया। पूर्व सीएम ने कहा कि ढाई करोड़ परिवार के साथ भाजपा ने धोखा दिया है। पीएम को अपने 10 साल के कार्यकाल को देखना चाहिए कि गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, बाराबंकी के किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं। नमक की कीमत दोगुनी हो गई है। किसान दुखी होकर आंदोलन कर रहा है। पेपर लीक होने पर भविष्य को बेहतर बनाने के लिए युवा लड़ रहा है। इस दौरान पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव, रामतेज यादव, विधायक आनंद यादव, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, महिला जिलाध्यक्ष मुन्नी देवी, गोंडा से सूरज सिंह, अब्दुल्ल मन्नान, जफर उल्ला खां बंटी, पूर्व बार अध्यक्ष राम छबीले शुक्ला, देवेंद्र प्रसाद पांडे, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव, अध्यक्ष मदन गोपाल त्रिपाठी, पूर्व विधायक केके ओझा, पयागपुर राजा यशवेंद्र प्रताप सिंह सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### पूर्व सीएम को दिया रुद्राक्ष का माला

शहर के सिविल लाइन स्थित वरिष्ठ सपा नेता भगत राम मिश्रा के यहां वकीलों के साथ ब्राह्मण समाज के लोगों ने स्वागत किया। इससे पूर्व भगत राम मिश्रा के पोते कृष्ण भूषण मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को रुद्राक्ष का माल भेंट किया रुद्राक्ष का माल देख अखिलेश यादव काफी खुश हुए। उन्होंने बच्चे को दुलार करते हुए परिवार के लोगों का हाल जाना।

### रंजिश में पिटाई, एक ही परिवार के छह घायल

**तेजवापुर, बहराइच :** जिले के गजपतिपुर गांव निवासी एक महिला को दीपक जलाते समय पड़ोसियों ने हमला कर दिया। जिससे एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात के ग्राम पंचायत गजपतिपुर निवासी कृपाराम की बेटी गौरा देवी का विवाह श्रावस्ती जिले से हुआ है। लेकिन वह अपने पिता की जमीन पर मायके में ही रह रही है। गौरी देवी के माता पिता की मौत हो चुकी है। जिसके चलते बहादुर और रिंकू आदि जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। बहादुर, प्रदीप, पप्पू समेत पांच लोगों ने पिटाई कर दी। सभी को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सार-संक्षेप

### छात्रों ने जागरूकता कार्यक्रम के तहत बनाया चित्रकला


कला प्रतियोगिता में सम्मानित हुए बच्चे। अमृत विचार

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत कैसरगंज में स्थित कंचन कांवेंट स्कूल में शिक्षा और मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत कला प्रतियोगिता आयोजित हुई। बेहतर कला बनाने वाले प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया गया। कैसरगंज में कंचन कॉन्वेंट स्कूल में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक चित्र बनाकर उनमें अपनी कल्पनाओं के रंग भरे। प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने बताया कि निर्णायक मंडल के द्वारा कक्षा छः की छात्रा प्रियांशी गौतम, साम्भवी सिंह, दिव्यांशी, आयुषी, आसना तथा कक्षा नौ की छात्रा आकांक्षा श्रीवास्तव, मनीषा यादव, रिया सिंह, काव्या, यशी सिंह द्वारा बनाये गए चित्र को चयनित किया गया। सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधक एम0 श्रीवास्तव द्वारा उपहार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता सम्पन्न कराने में विद्यालय के सीनियर छात्र आयुष व रितेश का सराहनीय सहयोग रहा। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक एसके सिंह, विजय मिश्र, उमाशंकर यादव, रंजीत सिंह, अबरार, मो0 माजिद, प्रदीप श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### वानिकी कार्य को पूरा करवाएं कर्मचारी


जंगल भ्रमण करते डीएफओ।

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच वन प्रभाग ने टीम के साथ जंगल का भ्रमण किया। वन्य जीवों की सुरक्षा के साथ पौधरोपण कार्यक्रम का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बहराइच वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी संजीव कुमार ने रुपईडीहा रेंज के जंगल का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वृक्षारोपण स्थलों, हरित पट्टी, नर्सरी कार्यों का निरीक्षण किया तथा वन में रेंज स्टाफ के साथ पैदल गस्त भी किया। साथ ही उन्होंने वन तथा वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए तथा समस्त वानिकी कार्यों को ससमय पूरा करने के लिए दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान वन क्षेत्राधिकारी अतुल श्रीवास्तव, अब्दुल्लागंज वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी विनय राणा, वन दरोगा अरशद खान व अनंतराम सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### बाइक सवार का चाइनीज मांझे से कटा गला


अस्पताल में भर्ती घायल युवक।

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर से सटे भदौली गांव निवासी एक युवक बाइक से खेत जा रहा था। तभी वह चाइनीज मांझे की चपेट में आ गया। उसका गला कट गया। गंभीर हालत में युवक को परिवार के लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरौंवा भदौली गांव निवासी मिथिलेश कुमार वर्मा (42) का कुछ दूरी पर खेत है। शुक्रवार शाम को मिथलेश बाइक से खेत जा रहा था। खेत जाते समय पेड़ से लटक रही चाइनीज मांझे की चपेट में वह आ गया। मांझे से युवक का गला कट गया। आसपास के लोगों की सूचना पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। सभी ने घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर युवक को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। डॉक्टर के मुताबिक गले पर अधिक कट गया है। लेकिन इलाज के बाद हालत में सुधार है।

### शादी अनुदान को अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी करें आवेदन

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) अन्य पिछड़े वर्ग के निर्धन व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु संचालित शादी अनुदान योजना के तहत बीस हजार रुपये का अनुदान का प्राविधान है। ऐसे आवेदक जिनकी पुत्री की शादी माह मार्च, 2024 तक होने वाली हो वह अपना आवेदन ऑनलाइन कराकर जमा कर दें। शादी अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन कराने हेतु आवेदक (पिता/माता/अभिभावक) एवं पुत्री के आधार कार्ड में मोबाइल नम्बर ओटीपी हेतु अपडेट होना चाहिए है। राजन कुमार ने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पिछड़ी जाति के आवेदक (पिता/माता/अभिभावक) व पुत्री का आधार कार्ड होना अनिवार्य है। लड़का की आयु 21 वर्ष व लड़की की आयु 18 वर्ष होना चाहिए। आवेदक को आवेदन पत्र के साथ वार्षिक आय प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना होगा।

### चार वारंटी भेजे गए जेल

**उर्रा, बहराइच :** मोतीपुर थाने की पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह की अगुवाई में टीम ने गांवों में दबिश दी। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज अरुण कुमार द्विवेदी, दीवान राम आशीष वर्मा और सिपाही अमित शर्मा की टीम ने भूटू पुत्र मोहर्रम अली निवासी जालिमनगर, स्नेही पुत्र मोलहे निवासी कंचनपुर पैरुआ, मिलन पुत्र दूजी निवासी जालिम नगर और सम्मारी पुत्र दूजी निवासी गडरियनपुरवा सुमईगौढी थाना मोतीपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# वन ग्राम के लोगों को सीडीओ ने दिलाई मतदाता शपथ


वन ग्राम के लोगों को मतदाता शपथ दिलाती सीडीओ। अमृत विचार

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में जनपद के शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत नोडल अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर का भ्रमण कर ग्रामवासियों को शपथ दिलाई।

मोतीपुर तहसील के वन ग्राम भर्थापुर में सीडीओ ने कहा कि हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

इससे पूर्व ग्राम भरथापुर पहुंचने पर सीडीओ रम्या आर ने ग्राम का भ्रमण कर यहां की भौगोलिक परिस्थिति का जायज़ा लिया तथा ग्रामवासियों विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों के साथ पूरी आत्मीयमा के साथ मिलते हुए परिजनों का कुशलक्षेम जाना तथा आजीविका के संसाधनों तथा खेती किसानी की बाबत जानकारी प्राप्त की।

# समाधान दिवस में 14 मामलों में दो का मौके पर निस्तारण

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार:** पयागपुर थाना में शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस में विभिन्न मामलों को लेकर कुल 11 प्रार्थना पत्र आये, जिनमे दो का मौके पर ही निस्तारण कर शेष प्रार्थना पत्रों को उनसे सम्बंधित विभाग के लोगों को सौपा गया।

थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में सहायक चकबंदी अधिकारी राम कुमार वर्मा तथा नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव की देखरेख में हुआ। समाधान दिवस में ग्राम प्रधान कलुई के विरुद्ध सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने के संबंध में आये प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुवा। कलुई निवासी अक्षनी कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव में घूर और खलिहान के लिए खाली पड़ी सरकारी जमीन पर ग्राम प्रधान द्वारा अवैध रूप से कब्जा चल रहा है जिसके संबंध में कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन ग्राम प्रधान के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई। शिकायतकर्ता ने अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की। एक अन्य प्रकरण जिसमे दो भाइयों के बीच वर्षों से चला आ रहा जमीनी विवाद का भी समाधान दिवस में आया जिस का थानाध्यक्ष कमलशंकर चतुर्वेदी व राजस्व टीम ने निस्तारण कर 14वर्षों से चल रहे भाई भाई के वीच के विवाद का पटाक्षेप हुवा।

# प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार :** संस्कृति-पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में लार्ड बुद्धा स्नातकोत्तर महाविद्यालय साकेत नगर रूपईडीहा में आयोजित 02 दिवसीय भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव के अन्तिम दिन के पूर्वान्ह में नेपाल की ओर से नो-मैन्स लैण्ड से कार्यक्रम स्थल तक जागरूकता रैली निकाली गई। अन्तिम दिन कार्यक्रम स्थल पर एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी शिवेन्द्र मिश्र, एसडीएम नानपारा अश्वनी पाण्डेय, उप महानगर पालिका नेपालगंज के मेयर प्रशांत विष्ट, उप मेयर कमरुद्दीन राई, नेपालगंज उद्योग वाणिज्य संघ के पूर्व अध्यक्ष नंदलाल वैश्य, रुपईडीहा भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय मिश्र, देवेंद्र पाठक, संतोष सिंह सहित बड़ी संख्या में भारत-नेपाल के मेहमानों की गरिमामयी उपस्थिति से समापन समारोह यादगार बन गया।


भारत नेपाल मैत्री महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव को सम्बोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन से जहां एक ओर दोनों देशों के स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं दूसरी ओर दोनों देशों के बीच पुरातन काल से चली आ रही दोस्ती और मज़बूत होगी। वक्ताओं ने कहा कि भगवान श्री राम की ससुराल जनकपुर में है। इसलिए हम भारतीय का नेपाल के साथ अपनत्व का रिश्ता है। महोत्सव में लखनऊ से आये अमित दीक्षित एण्ड पार्टी के 50 कलाकारों द्वारा अवधपुरी से जनकपुरी तक नाटिका तथा जादूगर राकेश श्रीवास्तव के आईटम्स के करतब का दर्शकों ने भरपूर आनन्द लिया तथा प्रस्तुति की सराहना की। नेपाल की ओर से घाम पानी संस्था द्वारा प्रस्तुति तथा नेपाली गायिका अलीशा सापकोटा व विशेष भुषाल द्वारा प्रस्तुत नेपाली गीत मुसु मुसु हांसी देउ आदि गीतों की प्रस्तुति पर नेपाली थिरकने लगे। समारोह के सफल आयोजन में लार्ड बुद्धा पीजी कॉलेज के डायरेक्टर डॉ यशपाल व पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज डॉ हरीश चंद का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन विजित द्वारा किया गया।

**प्रशिक्षण** | बालिका विहान विद्यालय में आयोजित हुआ प्रशिक्षण, उपहार में मिला बैग

# ताइक्वांडो के द्वारा आत्मरक्षा करेंगी श्रमिकों की बेटियां

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान विद्यालय में चल रहे ताइक्वांडो प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। इस दौरान छात्राओं ने आपदा से बचाव के साथ आत्म रक्षा के टिप्स सीखे। बालिकाओं को उपहार में बैग दिया गया।

शहर के हुजूरपुर रोड स्थित बालिका विहान विद्यालय में श्रमिकों की बेटियां निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करती है। स्माजस्शास्त्र विभाग द्वारा संचालित विद्यालय में जिले के 100 छात्राओं को पठन-पाठन के साथ आत्मरक्षा के टिप्स दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में इनर व्हील क्लब की ओर से एक दिवसीय ताइक्वांडो का प्रशिक्षण अर्तह कनौजिया के द्वारा दिया जा रहा था। जिसका समापन शनिवार को हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इनर बेल क्लब की मंडल अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, जिलाध्यक्ष अंजू सिंह और जिला उपाध्यक्ष ममता गुप्ता रहीं। दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण का समापन हुआ। इसके बाद अतिथियों के सामने छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। ताइक्वांडो के द्वारा अपने आत्मरक्षा का संकल्प लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आग लगने पर कैसे बचाव किया जाए इसकी भी जानकारी दी गई। इसके बाद सदस्यों की ओर से सभी छात्राओं को बैग वितरित किया गया। ताइक्वांडो प्रशिक्षण में छात्रा स्नेहा पांडे, मानसी पांडे, दिशा पाठक, काजल और कैंडल में मोनिशा, खुशबू, कौशिकी ने अन्य छात्राओं को सिखाया। इस दौरान मंजू पांडे, अंजू, सरोज लोहिया, रूपाली अग्रवाल, चेतना अग्रवाल, वार्डन प्रिया प्रसाद, निधि मिश्रा, रूमन देवी समेत अन्य मौजूद रहे। वार्डेन प्रिया प्रसाद ने बच्चों को प्रशिक्षण देने और बैग देने पर सभी का आभार जताया।


ताइक्वांडो से आत्मरक्षा के टिप्स सीखती छात्राएं। अमृत विचार


छात्राओं को मिला बैग। अमृत विचार

# यूरिया के लिए लाइन नहीं लगा रहे किसान

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के चितौरा में शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा की ओर से परिक्रमा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष ने केंद्र और प्रदेश के योजनाओं को जानकारी दी।

भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के द्वारा गांव परिक्रमा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल चित्तौरा के गांव सभा धरसँवा में क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण कुमार सिंह (गप्पू) ने उपस्थित ग्राम वासियों को भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा कि केंद्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों को सम्मान निधि प्रदान किया जा रहा है। तथा अब यूरिया खाद की कोई कमी नहीं रहती है क्योंकि अब नीम कोटेड यूरिया आ जाने के कारण अन्य कार्यों में इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। खेती किसानी के यंत्रों पर अनुदान देकर तमाम प्रकार के कृषि यंत्र किसानों को उपलब्ध किया जा रहा है। एमएसपी पर भी सरकार सहानभूति पूर्वक विचार कर रही है। कार्यक्रम में कृषि यंत्र की पुष्पमाला से पूजन अर्चन किया तथा मंदिर में जाकर पूजन अर्चन किया कार्यक्रम का मंच का संचालन जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व मण्डल अध्यक्ष राम रूप कोरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रभान सिंह संचित, अलकक्षेन्द्र सिंह सहित गांव के प्रधान बीडीसी सहित गांव की सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।


भाजपा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

# भारत की प्रज्ञा में ऋषि का सम्मान


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों- आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।"

अयोध्या अंतर्राष्ट्रीय चर्चा में है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर विश्व आकर्षण है। लाखों श्रद्धालु दर्शनार्थ आ रहे हैं। अयोध्या में दर्शनार्थियों का मेला है। प्रसन्नता का विषय है कि यहीं सप्त ऋषियों का मंदिर भी बनाने की तैयारी है। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह घोषणा की है। सप्त ऋषि मंदिर का निर्माण मार्च से शुरू होना है। भारत के अंतःकरण में ऋषियों के प्रति श्रद्धा है। ऋषि अनूठे हैं। वे प्रकृति की प्रत्येक गतिविधि के द्रष्टा हैं। सो उन्हें ऋषि कहा गया-ऋषयो मंत्र द्रष्टार। जो मंत्र देखता है वही ऋषि है। वैदिक साहित्य के कवि ऋषि कहे जाते हैं। वे संन्यासी नहीं हैं। साधारण गृहस्थ हैं। वे परिवार चलाते हैं। खेती सहित जीविका के अन्य काम भी करते हैं लेकिन मंत्र सृजन भी करते हैं। वे प्रकृति के प्रति आत्मीय हैं। वे मधु प्रिय हैं। मधु और आनंद पर्यायवाची हैं। अस्तित्व के कण कण व हरेक रूप पर उनकी दृष्टि है। वे आश्चर्यजनक द्रष्टा हैं। जल, अग्नि, वायु, पृथ्वी के साथ ही आकाश तक देखते हैं। सूर्य के निराधार लटके होने पर भी उनके मन में प्रश्न थे। भारतीय परंपरा में आनंद प्राप्ति की अनेक साधनाएं थीं। साधनारत लोग साधू कहे गए। साधना में सिद्ध जन मुनि बताए गए लेकिन ऋषि की बात ही दूसरी है। राजा को बड़ा बताना हो तो राजर्षि कहा गया। प्राचीन साहित्य में ब्रह्मवेत्ता की बड़ी प्रशंसा है लेकिन उसे भी और बड़ा बताना हो तो ब्रह्म ऋषि कहने की जरूरत पड़ी। ऋषि पूरी सृष्टि को आत्मीयता से देखते हैं और पूरी आत्मीयता से मंत्र भी गाते हैं।

भारत की प्रज्ञा में बहुत गहरे तक ऋषि का सम्मान है। नारद को ही लीजिए। नारद जैसी क्षमता वाला दूसरा पात्र परंपरा में नहीं है। उनके लिए भौगोलिक दूरी का कोई मतलब नहीं। वे सभी लोकों में घूमते हैं। वाद्य यंत्र लेकर समय का अतिक्रमण करते हैं। एक पल में इस लोक में अगले पल दूसरे लोक में। वे वैदिक मंत्रों में मिलते हैं और पुराण काल की कथाओं में भी। महाभारत और रामायण की भी तमाम कथाओं में उनके विवरण हैं। उन्हें देव कहकर भारत का मन नहीं अघाया। सो देव के साथ ऋषि जोड़ा गया। वे देवर्षि कहे गए। जान पड़ता है कि परंपरा में ऋषि होना ही बड़ा होना है, बिना ऋषि हुए क्या होना? लेकिन ऋषि धरती पर ही थे। भारत के मन को लगा होगा कि कुछ प्रतिष्ठित ऋषियों को आकाश में भी देखा जाए। तब सात ऋषियों को आकाश में प्रतिष्ठित करने का अभिनव आयोजन हुआ होगा। कब हुआ? कैसे हुआ? इसके भौतिक प्रमाण नहीं। लेकिन यह हुआ। इसीलिए आकाश में तारों की एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि कहा गया। आधुनिक काल में भी आकाश में तारों से बनी एक विशेष आकृति को सप्त ऋषि मंडल कहा जाता है। उन्हें प्रणाम भी किया जाता है।

भारत का मन ऊध्व प्रिय है। सूर्य ऊपर और ऊंचे है। सो स्तुतियां पाते हैं। चंद्र ऊपर है, हम उन्हें ब्रह्मांड का मन कहते हैं। हमारी प्रार्थना का ईश्वर कण-कण व्यापी है लेकिन हम उसे 'ऊपर वाला' कहते हैं। स्वर्ग है या नहीं? अब तक सिद्ध नहीं लेकिन हम स्वर्ग को भी ऊपर या आकाश स्थित सुनते आए हैं। समृद्धि संसारी है। हम 'समृद्धि' को ऊपर उठना बताते हैं। यश कीर्ति भी संसारी है, हम यशस्वी को ऊंचा या ऊपर बताते हैं। मेरे जैसे लोगों को ऊंचाई पर डर लगता है। लेकिन ऊंचाई की प्रतिष्ठा है। अग्नि प्रत्यक्ष है, इसकी लौ-लपट ऊपर जाती है। जल हमेशा ऊपर से नीचे को बहता है। लेकिन इस बहाव को भी बादल के रूप में ऊपर जाते देखकर हम प्रसन्न होते हैं। मनुष्य धरती पर है, अन्य ग्रहों में है या नहीं? पता नहीं। लेकिन देवताओं का निवास बहुत ऊपर परमव्योम में बताया जाता है। आकाश तक पहुंचना हमारी प्यास है। इसीलिए हमारे प्रिय सात ऋषि आकाश में चमकते हैं।

विकास का क्रम सूक्ष्म से स्थूल की ओर हुआ है। भारतीय चिंतन के पांच महाभूतों-आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी में आकाश पहला है। आकाश का गुण शब्द बताया गया है। ऋग्वैदिक पूर्वजों के अनुसार "ऋचाएं या कविताएं परम व्योम" में रहती हैं और वहीं से चलकर जागृत मनुष्यों के चित्त में उतर जाती हैं।" सप्त ऋषि आकाश में हैं। अयोध्या में उन्हें धरती पर भी प्रतिष्ठित करने की योजना है। आकाश में तारे हैं। तारों के विशेष प्रकार के प्राकृतिक आकर्षक संयोजन भी हैं। रात्रि में आकाश में तारों से बना एक बड़ा मार्ग-हाईवे भी दिखाई पड़ता है। अंग्रेजी में इसे 'मिल्की वे' कहा जाता है। यह दूधिया मार्ग जैसा दिखाई पड़ता है। लेकिन हम सब इसे 'आकाश गंगा' कहते हैं। गंगा भौगोलिक दृष्टि से उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार और प. बंगाल राज्यों से होकर समुद्र में बहती हैं लेकिन गंगा जल में भारत की प्रीति अथाह है। वे ऋग्वेद में स्तुतियां पाती हैं। आदि कवि वाल्मीकि (रामायण बालकाण्ड) गंगा के प्रवाह में सहस्त्रों सूर्यों की दीप्ति देखते हैं। प्रकृति की दिव्य शक्तियां देवता हैं। ऋग्वेद में देवता अमृत बंधु बताए गए हैं।

आचार्य वराह मिहिर ने 560 ई. के आसपास ज्योतिर्विज्ञान पर वृहत संहिता लिखी थी। डॉ. सुरेश चन्द्र ने इस की व्याख्या की है। आकाश गंगा या सप्त ऋषियों को आकाश में बैठाना भारत का भावरस हो सकता है। वैसे भी हमारे पूर्वजों की दृष्टि आकाश की ओर रही है। कालिदास की रचना 'मेघदूत' में आकाश मार्ग की रम्यता का ललित वर्णन है। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी थे। उन्होंने भी सप्त ऋषियों को आकाश में देखा, प्रतिष्ठित किया। लिखते हैं, "सप्त ऋषियों से उत्तर दिशा सौभाग्यशाली नायिका की तरह सुशोभित होती है।" बताया है कि पश्चिमी यूनानी ज्योतिष में इन तारों में एक भालू के आकार की कल्पना की गई है।" ये सप्त ऋषि ध्रुव तारे की परिक्रमा करते हैं। मरिचि, वशिष्ठ, अंगिरा, अग्नि, पुलस्त्य, पुलह और क्रेतु ये सात नाम उन्हें दिए गये हैं।" तारों में ऋषि देखना विज्ञान का विषय नहीं है। ऋषि वैदिक परंपरा में कवि हैं। मनुष्य हैं। तारे मनुष्य नहीं हैं। भरतीय भावबोध ने उन्हें आकश में बैठाया है।

ऋग्वेद सहित चार वेदों में अनेक ऋषियों के लगभग बीस हजार मंत्र हैं। सभी ऋषि आदरणीय हैं। वराह मिहिर ज्योतिर्विज्ञानी ने अपनी सूची दी है। महाभारत में सप्त ऋषियों की दो सूचियां हैं। अलग-अलग संदर्भ में। ऋग्वेद में दस मण्डल या खण्ड हैं। दूसरे से लेकर सातवे मण्डल तक 6 मंडलों को 'वंश मंडल' कहा जाता है। 6 मंडलों में 6 ऋषि कुलों के मंत्रों के संकलन हैं। यह सूची स्थायी है। दूसरा मंडल गृत्समद् वंश कुल का है और तीसरा है विश्वामित्र वंश का। चौथा वामदेव का, पांचवा अत्रि का, छठा भरद्वाज और सातवां वशिष्ठ कुल का। बताते हैं कि गृत्समद ने बाद में स्वयं को शौनक कुल घोषित कर दिया था इसलिए उन्हें शौनक कुल भी कहा जाता है। कण्व कुल के भी तमाम मंत्र हैं। ये सात ऋषि ऋग्वेद के मुख्य द्रष्टा हैं। मूल बात है इन्हें 'नभ-मण्डल' में प्रतिष्ठित करना। सृष्टि जब तक रहेगी, तब तक सूर्योदय व सूर्यास्त भी होंगे। आने वाले हरेक सूर्यास्त के बाद आकाश में दिखाई पड़ेंगे विश्वामित्र, वशिष्ठ, अत्रि और भरद्वाज सहित सात ऋषि। हमारे प्रतिभाशाली पूर्वज। क्या हम उन्हें भुला सकते हैं? वे आकाश में बैठे हुए भूलने की कोशिश असफल कर देंगे।

# साहित्यकार और भैंस

> मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

कवियों और साहित्यकारों पर यदि मैं कोई तीखी टिप्पणी करूं, तो इस वर्ग के लोग हमें आड़े हाथों ले लेंगे, किंतु यदि मैं किसी बड़े की आड़ ले लूं, तो आक्रमण से बच जाऊंगा। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने अपने एक विचारोत्तेजक लेख "कवियों में उर्मिला विषयक उदासीनता" में कहा है कि 'कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं, जी में आये तो राई को पर्वत बना दें और कभी कहो पर्वत पर भी ध्यान न दें'। बात सही है। अब देखिए दुधारू पशुओं में गाय के गीत तो सबने गाये। हिंदुओं की तो वह माता भी हैं। भगवान भी अवतार लेते समय गाय और ब्राह्मण के ही हितकारी (गो द्विज हितकारी, जै असुरारी, सिंधु सुता प्रिय कंता) होते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी 'गोदान' ही लिखा 'भैंसदान" नहीं। चलिए मान लिया कि गाय का महत्व बहुत है। पर बकरी तो छोटा पशु है। दूध भी कम ही देती है, किंतु पुराने से लेकर नए साहित्यकारों ने इसका नामोल्लेख किया है। संस्कृत के नीति शास्त्रज्ञों ने इसके गले के थन को उपमा के लिए प्रयुक्त किया।' अजा गलस्तनस्तैव तस्य जन्म निरर्थकम्'। तुलसी बाबा को भी बकरी का खुर-चिह्न ही उपमा के लिए याद आया' "जे सुमिरे गिरि मेरु सिला कन होत अजा खुर बारिधि बाढ़े'(कवितावली)। रही सही कमी गांधी जी ने पूरी कर दी, क्योंकि उन्हें बकरी का दूध ही पसंद था। फतेहपुर जिले की बिंदकी तहसील में 'टिकरी'और 'बकरी' नाम के गांव हैं। पूरा नाम तो 'पैगम्बरपुर बकरी' है, किंतु रोजमर्रा में 'बकरी' ही कहते हैं। किसी ने भैंस की सुधि नहीं ली, जब कि वह सबसे ज्यादा दूध देती है और बहुत सीधी होती है। बस रंग रूप काला है। इसे पक्षपात नहीं तो क्या कहेंगे? साहित्यकारों ने यह भी नहीं सोचा कि अंत समय में इन्हीं के पुत्र (भैंसा) की सवारी वाले यमराज से सामना होना है। कुछ तो डरते। इस मामले में नामचीन उपन्यासकार बाबू भगवतीचरण वर्मा होशियार निकले। उन्होंने भैंस को तो इग्नोर किया, किंतु भैंसा को डाइरेक्ट साध लिया और "भैंसा गाड़ी" शीर्षक एक लंबी कविता लिख दीः-

चरमर चरमर चूं चरर मरर जा रही चली भैंसा गाड़ी। भर भर कर फिर मिटने का स्वर, कंप कंप उठते जिसके स्तर स्तर। हिलती डुलती हंफती कंपती, कुछ रुक रुक कर कुछ सिहर सिहर।।

चरमर चरमर चूं चरर मरर-।

विद्वान साहित्यकारों द्वारा किए गए इस अन्याय की काफी कुछ भरपाई गांव गिरांव के सीधे-साधे कम पढ़े लिखे लोगों ने जरूर कर दी है। उन्होंने भैंस पर तमाम लोकोक्तियां बनाई हैं, जिनका धड़ल्ले से प्रयोग होता है जैसे- गई भैंस पानी में, भैंस के आगे बीन बजावै भैंस खड़ी पगुराय, खइबे दूध चरइबे भैंसी, पढ़ैं लिखैं की ऐसी तैसी, माठा रोटी घर मा खइबे झबरेन भैंस चरइबे जाय, जोण्डी की रोटी भैंस का दूध, मानो रन जीतो रजपूत। इत्यादि।

हमारी जन्मभूमि के जिले कानपुर ने भी भैंसे का ध्यान रखकर एक गांव का नाम "भैंसऊ'रक्खा है और कर्मभूमि के नगर लखनऊ में श्मशान घाट को "भैंसाकुंड" कहते हैं। हालांकि यहां अब इस मरघट को "बैकुंठ धाम" कहने लगे हैं। कुछ बड़ों ने साहित्य क्षेत्र में 'वाद' चलाए हैं, जैसे 'छायावाद', 'रहस्यवाद' आदि। अब अगर हमारे लेख से प्रेरित हो कलम के सिपाहियों ने भैंस के साथ न्याय कर दिया, तो हम एक नये वाद "भैंसवाद" के प्रवर्तक माने जाएंगे।

# आंदोलन से उपजी समस्याओं की कौन लेगा सुध


अजय कुमार मिश्र
मुख्य सतर्कता अधिकारी इफको, बरेली

> संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं।

एक बार फिर किसान आंदोलन चर्चा में है। जिस प्रकार पिछले किसान आंदोलन में तांडव हुआ था उसको देखते हुए पंजाब हरियाणा बॉर्डर और दिल्ली की ओर आने वाले सभी राजमार्ग सुरक्षा के घेरे में है। किसान अपनी मांगों पर अड़े हैं जबकि सरकार उनकी मुख्य मांग को मानने में अपनी मजबूरी बता रही है और इन दोनों के बीच दिल्ली और आसपास के प्रदेशों की जनता पिस रही हैं। इस समय बच्चों की परीक्षा चल रही है। अभिभावक बच्चों की पढ़ाई को लेकर चिंतित है लेकिन पक्ष-विपक्ष राजनीति में व्यस्त हैं। बॉर्डर पर जिस तरह की स्थिति है उसे देख कर यह कतई नहीं लगता कि आंदोलनकारी शांतिपूर्ण आंदोलन की राह पर हैं पर सरकार बल प्रयोग करके अपनी सत्ता खतरे में नही डालना चाहती और दूसरी ओर सरकार को किसानों की मुख्य मांगें मानने में देश की आर्थिक अव्यवस्था डगमगाने का डर भी है।

संवैधानिक रूप से और नैतिक रूप से भी देश पर सभी नागरिकों का बराबर अधिकार है जो भी नागरिक अपनी क्षमता और समर्पण से अपना कार्य कर रह हैं। वह उस रूप में अपने व्यवसाय के माध्यम से देश की भी सेवा कर रहा है। मजदूर से लेकर किसान और नौकरीपेशा सभी का देश की प्रगति में योगदान है। संविधान ने हमें अभिव्यक्ति और स्वतंत्रता का अधिकार दिया है जिसमें हम अपनी बात और अपनी मांग लोकतांत्रिक व्यवस्था के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से चुनी हुई सरकार के सामने रख सकते हैं लेकिन लोकतंत्र की आड़ में अराजकता फैलाना और अव्यवथा फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। जिस तरह पिछला किसान आंदोलन चला था और यह आंदोलन चल रहा है यह सोची समझी रणनीति के तहत राजनीति से प्रेरित उग्र और अराजक आंदोलन है जिसमे पूरे देश के 10 प्रतिशत किसान भी वैचारिक रूप से शामिल नहीं है।

आंदोलनकारियों को न तो आम जनता को हो रही परेशानियों से मतलब है और न ही इस प्रकार की मांग जबरन थोपने पर देश में होने वाले असर से मतलब है, उन्हें तो बस सरकार को घुटनों पर लाना है। मजेदार बात यह है कि किसानों की एक मुख्य मांग डब्लूटीओ से देश को अलग करने की भी है जबकि डब्लूटीओ में देश को शामिल करने वाली तत्कालीन सरकार वाली कांग्रेस और किसान आंदोलनकारी आज साथ-साथ है। आंदोलन को प्रत्यक्ष और परोक्ष समर्थन कर रही विपक्षी पार्टियां सत्ता में रहते हुए किसानों के लिए क्या करती रही हैं। वह सबके सामने है। मेरे विचार से पिछले किसान आंदोलन में सरकार के ढुलमुल रवैए ने ही एक बार फिर यह विषम स्थिति सामने खड़ी की है। अगर सरकार सत्ता लोभ से दूर होकर पिछले किसान आंदोलन में हुई अराजकता को सबक सिखाती और बलप्रयोग करके कानून व्यवस्था को प्राथमिकता देती जो कि सरकार का दायित्व भी था तो शायद आज यह बुरी स्थिति सामने न आती।

हमारा समाज कृतज्ञ समाज है। सबको सम्मान देना हमारी संस्कृति है। इसी के चलते हम डॉक्टर को ईश्वर के रूप में, शिक्षक/ गुरु को ईश्वर से भी बड़ा और किसानों को अन्न दाता कहकर सम्मानित करते है लेकिन वर्तमान स्थितियां अलग हैं। ऐसे परिपेक्ष्य में जब समाज में अधिक से अधिक लाभ कमाने की होड़ है, जहां डॉक्टर और शिक्षक की प्राथमिकता ही व्यावसायिक हो चुकी है जहां अनैतिक लाभ के लिए इंजेक्शन वाली लौकी और अन्य सामान खेतों से सीधे बाजार में आता हो और आम जनता धोखे में यूरिया मिला नकली दूध लेने को विवश हो, वहां किसी को अन्न दाता या ईश्वर के रूप में सम्मानित करना बेमानी है। सब अपने अपने लाभ के लिए अपने विवेक और अपनी व्यक्तिगत नैतिकता के आधार पर काम कर रहे हैं। इसलिए किसी को अतिरिक्त सम्मान देना अनावश्यक है। एक और बात जिसका मैं स्वयं गवाह हूंः बुंदेलखंड और मध्यप्रदेश में होने वाले कठिया गेहूं की कीमत खुले बाजार में 40/50 रुपए प्रतिकिलो है। इस दाम पर भी बमुश्किल ही यह गेहूं लोगों को मिल पाता है। आपने भी देखा होगा कि पिसे हुए आटे का प्रचार किया जाता है कि राजस्थान और मध्यप्रदेश के गेहूं से बना हुआ आटा है। कभी यह नहीं प्रचारित किया जाता कि यह पंजाब के गेहूं का आटा है। अगर आमजनता में जिसके पास आर्थिक विकल्प उपलब्ध है, वह पंजाब के गेहूं को कतई उपयोग नहीं करना चाहता क्यों कि सबको पता है कि वहां का गेहूं अनेक प्रकार के अंधाधुंध कीटनाशकों और रसायनों से पैदा हुआ है। पंजाब की जमीन वहां का पानी घोर प्रदूषण का शिकार है वहां की पराली केवल पंजाब ही नहीं दिल्ली तक को प्रदूषित कर रही है आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?

## भारतीय-संस्कृति


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

भारतीय-संस्कृति को केवल किताबों में पढ़ कर तो जाना नहीं जा सकेगा। संस्कृति प्रवाह की तरह है, गतिशील है। भारत की सांस्कृतिक-धाराओं, उपधाराओं, अन्तर्वर्ती-धाराओं को लोकजीवन में उतर कर ही जाना जा सकेगा। ये धाराएं किस प्रकार मिलती हैं और बिछुड़ती भी हैं।

लोकधारा में आपको शैव और शाक्त धारा भी मिलेंगी और वैष्णव-धारा भी। बौद्ध-धारा कहीं चली नहीं गई, लोकधारा में उनकी भी पहचान की जा सकती है। विभिन्न जनपदीय, जनजातीय, प्रदेशीय संस्कृतियों का संगम होता है और उस संगम से नई अवधारणाओं का जन्म होता है। नए विचारों का जन्म होता है। नए सौंदर्यशास्त्र का जन्म होता है। सांस्कृतिक-प्रवाह को हम किसी संप्रदाय में बांध कर नहीं समझ सकते। उदाहरण के लिए हम भक्ति-आंदोलन को ही लें, भक्ति-आंदोलन में लोकमानस का तत्त्व बहुत प्रबल है। इस आंदोलन का स्रोत केवल वेद-वेदान्त, उपनिषद ही नहीं है, इसमें आगम-परंपरा भी है, आलवार भी हैं, सिद्ध भी हैं, सहजिया-वैष्णव भी हैं, सहजयानी और वज्रयानी भी हैं। योग-परंपरा न होती तो समाधि की बात कैसे आ जाती, आउ समाधि भीतर। लोकधारा किसी से परहेज नहीं करती। इस्लाम का प्रभाव भी भाषा के रूप में देखा जा सकता है। सचाई तो यह है कि सभी सांस्कृतिक-धाराओं का स्रोत लोक में है। सभी दर्शनों का जन्म और विकास लोक की धरती पर ही होता है, लोक के लिए होता है। जो लोकातीत है, वह भी लोक के लिए ही है। लोक जीवन का सत्य दायरों में कैसे समा सकता है?

## ब्रह्मविद्या -गुरु एवं शिष्य


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

निष्कलं निष्क्रियं शान्तं निरवद्यम् निरञ्जनम्।/ अमृतस्य परं सेतुं/ दग्धेन्धनमिवानलम्।।-निर्गुण निराकार ब्रह्म के ध्यान की विधि बताते हुए श्रुति कहती है कि जो सोलह कलाओं अर्थात् संसार के सभी संबंधों से रहित, सर्वथा क्रियाहीन अर्थात् कूटस्थ, परमशांत और सब प्रकार के दोषों से रहित है, जो अमृत स्वरूप मोक्ष के परम सेतु हैं, जिनका आश्रय लेकर मनुष्य अत्यंत सुगमता पूर्वक इस संसार समुद्र से पार हो सकता है, जो लकड़ी का पार्थिव अंश जल जाने के बाद धधकते हुए अंगारों वाली अग्नि की भांति सर्वथा निर्विकार, निर्मल, प्रकाश स्वरूप हैं, निर्विशेष, निर्गुण निराकार परमात्मा को तत्व से जानने के लिए उन्हीं देव की मैं शरण लेता हूं। जिस प्रकार आकाश को चमड़े की भांति लपेटना मनुष्य के लिए सर्वथा असंभव है, उसी प्रकार परमात्मा को जाने बिना कोई भी जीव इस दुख समुद्र से पार नहीं हो सकता। यह बात प्रसिद्ध है कि श्वेताश्वतर नामक ऋषि ने तप के प्रभाव से उन परमदेव परमेश्वर को उन्हीं की दया से जान लिया था और ऋषि परंपरा से सेवित इस परम पवित्र ब्रह्मतत्व का उपदेश परमहंस संन्यासियों को दिया। इस परम गुह्यविद्या के ज्ञान का वर्णन पूर्वकल्प मे भी उपनिषदों मे किया गया था अर्थात् यह ब्रह्मविद्या परंपरागत रही है। पुत्र व शिष्य को इस विद्या का अधिकारी बनाना आचार्य का दायित्व है। भाव यह है कि शिष्य के गुणों को जानकर ही उसे ब्रह्मविद्या का उपदेश दिया जाना चाहिए। जिसकी परमेश्वर में अत्यंत भक्ति है और जैसी परमेश्वर में है, वैसी ही भक्ति गुरु में भी है ऐसे श्रद्धावान महात्मा के हृदय मे ही इन उपदेशों का गूढ़ अर्थ प्रकाशित होता है।

## कुरीतियों के सुधारक संत रविदास


सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

सद्गुरु रविदास भक्तिकालीन संत परंपरा में बहुत सम्मानीय कवि हैं। उनकी रचनाओं में समतामूलक समाज की परिकल्पना, चेतना, जन आंदोलन हैं, पाखंड का विरोध है। समतामूलक की कल्पना में वे कहते हैं- रविदास जन्म के कारने, होत न कोई नींच।/नर कुं नींच करि डारि है, ओछे कर्म की कींच।/ न जच्चा बसलों होति, न जच्चा होति ब्राहमणों।/ कामन्ना बसलों होती, कामन्ना होति ब्राहमणों। -आशय यह है मानव जाति एक है सभी मनुष्य एक जैसे ही जन्मते हैं, मानव को जाति के आधार पर पशुवत जीवन जीने को बाध्य करना कुकर्म की श्रेणी में आता है। मैं रूखी सूखी खाऊं, औरन की भूख मिटाऊं। का संदेश देते हैं खुद भी खाओ और भूखे प्राणियों पर भी दया करो। मन्दिर-मस्जिद एक हैं, इन महं अंतर नाहिं।/रैदास राम रहमान का, झगड़ऊ कोऊ नाहिं।।/ एक माटी के सभै भांडे, सबका का एकै सिरजनहार।/रैदास व्यापै एकौ घट भीतर, सभ को गढ़े कुम्हार।

धर्मनिरपेक्षता का संदेश देते हैं जो आज भी प्रासंगिक है हिंदू मुस्लिम एकता पर बल है। मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश है आपके विचार पवित्र हैं तो कहीं तीर्थ या गंगा में जाने की जरूरत नहीं। कर्मकांड और आडंबर के कभी नहीं, जो गए थे पास। सदा याद रखेगा उनको, भारत का इतिहास। दुखियों का दुख हारन हारा, मानवता के दास। सभी जन नमन करें हैं उनको, जो हैं संत रविदास।

# मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से


मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

मयखाने गए हैं कभी आप? ना गए हों तो बदनसीबी आपकी। ये दुनिया की उन बेहतरीन जगहों में शामिल है जहां कदम रखते ही आदमी अपनी सारी दुश्वारियां भूल जाता है। दुनिया की तमाम आफ़तें, मिलकर भी मयकदे की सीढ़ियां चढ़ने की हिम्मत नहीं कर पाती। यहां की आबो-हवा आपको खुद पर यक़ीन दिलाएगी। हौसला बढ़ाएगी आपका। सुकून महसूस करेंगे आप। यदि ऐसा न होता तो अब्दुल हमीद अदम जैसे शायर भला ये क्यों कहते।

मय-कदा है यहां सुकूं से बैठ
कोई आफ़त इधर नहीं आती।

आदमी को चाहिए क्या? बस चैन चाहिए। और जो ऐसा चाहते हैं उनके लिए मयकदे से बेहतर कोई दूसरी जगह तलाशना मुश्किल है।

यहां की आबोहवा आने वाले को पलक झपकते एक खुशमिजाज, ज़िंदादिल और मिलनसार इंसान में बदल देती है। यदि आपको सच्चे दोस्तों की तलाश है तो इससे मुफ़ीद जगह कोई दूसरी नहीं। यहां बने दोस्त बचपन के लंगोटियां दोस्तों को मात कर सकते है। ऐसे दिलदार और हाज़िरजवाब लोग जो बिना जान पहचान के आपके गले लग जाएं, अपनी जेब की आखरी पाई तक आप पर लुटा दें, आपके दुख दर्द बांट लें, आपके लड़खड़ाने पर सहारा दे और आपको घर छोड़ जाने की ज़िम्मेदारी भी उठा लें। ऐसे मददगार लोग जो अपनी कहने के साथ-साथ आपकी भी सुनते है, मशविरा देते हैं और मदद करते हैं।

और फिर मयखाने में जाने वाले रोज़ जाते हैं वहां। वही बने रहना चाहते हैं और उसके प्रति वफ़ादार होते है। ज़ाहिर है ऐसे लोग भरोसेमंद है, अमीर मीनाई तस्दीक़ करते हैं इसकी।

मस्जिद में बुलाते हैं हमें ज़ाहिद-ए-ना-फ़हम!
होता कुछ अगर होश तो मय-ख़ाने न जाते।

और फिर पीने वाला और कहीं जाए भी क्यों? मयकदे तो पुण्यात्माओं की पनाहगाह है। अहमद हुसैन माइल कहते हैं।

तौबा खड़ी है दर पे जो फ़रियाद के लिए
ये मय-कदा भी क्या किसी क़ाज़ी का घर हुआ।

मयकदे का सीधा रिश्ता शराफत से है। ये नेकदिलों की बस्ती है। सो इसकी बुराई वही करते हैं जो इससे नावाक़िफ़ या नासमझ हैं।

दुनियादारी है फरेब। अहम के नशे में धुत्त लोग बसते है इस दुनिया में। ऐसे में बस मयखाना ही वह जगह है जहां ईमान पर कायम सच्चे लोग रहते हैं। मयखाना वो इकलौती जगह है जहां आकर इंसान एकदम पाक साफ हो जाता है। दरअसल ये नीम बेहोशी से बाहर आने की जगह है। बशीर बद्र गवाही देते है इस बात की।

न तुम होश में हो न हम होश में हैं
चलो मय-कदे में वहीं बात होगी।

ज़ाहिर है ये सच्चे होशमंद लोगों का घर है और जहां सच का बोलबाला हो वहां जाने से परहेज़ वहीं कर सकते है जो परले दर्जे के झूठे और बेईमान हो, और मुझे पता है कि आप ऐसे नहीं हैं।

आबेहयात मिलती है मयखाने में। ज़ाहिर है जन्नत है ये। जन्नत जाना सभी चाहते हैं पर मरना कोई नहीं चाहता। और फिर सवाल यह भी कि जन्नत देखी किसने है? देखने वाले वापस आकर बयान कहां करते हैं उसके बारे में? किताबों में यह ज़रूर लिखा है कि आबेहयात की नदियां बहती हैं वहां। ये बताने वाले बिना मयखाने गये ये लिख सके होंगे यकीन करना मुश्किल है। दुनिया के छल कपट से बाहर निकल आना। सच्चे होने की निशानी है। ऐसे बंदे बस मयखाने में मिलते हैं। खुदा सच्चे लोगों की क़द्र ना करे ऐसा हो ही नहीं सकता। यदि जन्नत है तो मेरा मानना है कि मयखाने के पीछे का दरवाजा सीधे जन्नत मे खुलता है।

नितांत समाजवादी और सभी की जेब बर्दाश्त कर सके ऐसी जगह है मयखाना। यहां दिमाग़ का भी इलाज होता है और मन का भी। मयकदे न होते तो हमें हजार गुना ज्यादा मानसिक अस्पतालों की ज़रूरत होती। ऐसा न होता तो लोग जाते ही नहीं। यहां पहुंचा आदमी बहुत जल्दी हल्का हो जाता है, ख़ुशियों से भरपूर, तरोताज़ा हवा में तैरता है वो। गहरी नींद जैसा सूकून मिलता है उसे। यहां आकर फ़क़ीर भी ऐसे सपने देखता है, जहां वो बादशाह होता है, ऐसे सपने जहां उसे किसी चीज़ की कमी नहीं होती और मनचाहा करने की आज़ादी होती है। आजाद होने से अच्छा और हो तो आप मुझे बता सकते हैं।

दुनिया भर के बेहतरीन उस्ताद, विचारक, शायर, दार्शनिक, और हकीम मिलेंगे यहां आपको। ऐसे तपे तपाये अनुभवी लोग जो ज़िंदगी के बेशक़ीमती पाठ मुफ्त में पढ़ा सकते हैं। दुनिया के सारे सच्चे, नेक, भले और ईमान पर भरोसा रखने वाले लोग भी यहीं मौजूद है। बड़े दिलवाले, खरे कुंदन से दमकते बंदे। हमेशा सच बोलने वाले ऐसे लोग जिनकी संगत आपको बहुत कुछ सिखा सकती है। आप यहां आये और बेहतर हुए बिना लौट जाएं ये मुमकिन ही नहीं। ऐसा न होता तो ज़ौक़ जैसा मशहूर शायर ऐसा कभी ना कहता।

'ज़ौक़' जो हैं मदरसे के बिगड़े हुए मुल्ला!
उन को मय-ख़ाने में ले आओ संवर जाएंगे।

संवरना चाहते हैं? ज़ाहिर है हां ही कहेंगे आप ,तो आईए मयखाने चलते हैं। संवरने निखरने, दमकने के लिए उससे मुफ़ीद जगह इस धरती पर और कोई दूसरी है नही।

## संस्कृति की विशिष्ट परंपरा


रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भारतीय संस्कृति की परम विशिष्ट परंपरा सनातन काल से यह रही है कि इसके सभी पर्व और त्योहार सूर्य और चंद्रमा की गति और स्थिति से जुड़े रहे हैं। यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में देवगुरु बृहस्पति और दैत्य गुरु शुक्राचार्य को भी यथोचित सम्मान दिया गया है। यह प्रसंग इसलिए है कि गंगा स्नान के माघ मास का पुण्य प्राप्त करने का इस वर्ष का अंतिम दिन माघ पूर्णिमा आ गई है। इस साल यह कम से कम दस दिन के विलंब से है। बैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण और भादो इन पांच महीनों में तीन साल बाद किसी एक महीने में अधिमास हो जाता है। इसका कारण सामान्य रूप से यह समझ लीजिए कि सूर्य का राशि परिवर्तन लगभग निश्चित है और पृथ्वी 365.24-दिन में परिभ्रमण करती एक साल बाद उसीबिंदु पर आ जाती है। सूर्य के सापेक्ष, वैसे तो अनन्त ब्रह्मांड में तो सूर्य नारायण के साथ करोड़ों मील दौड़ गई होती है। हमारा जीवन तो सूर्य से ही जुड़ा है इसलिए हमें क्या कि सूर्य कितना दौड़ चुके हैं। यह बिल्कुल उसी तरह है जैसे कि आपके बालों के अन्दर एक छोटी सी जूं बैठी है और आप मुंबई से न्यूयॉर्क पहुंच गए हैं लेकिन जूं की सीमा तो वहीं तक है जहां तक सिर में बाल हैं। चन्द्रमा शीघ्र गति होने के कारण इस परिपथ को लगभग दस दिन अग्रगामी हो जाता है, इसलिए इस अवधि को सौरमास के साथ सामंजस्य स्थापित करने के लिए भारतीय पंचांग में अधिमास की गणना की जाती है।

यह गणित कैसे किया जाता है की क्लिष्टता में पड़ने की हमें जरूरत नहीं है। इस बार श्रावण मास में अधिमास आने से पूर्णिमा दस दिन आगे बढ़ गई है। जिस वर्ष भाद्रपद में अधिमास पड़ेगा उस साल यह बारह दिन आगे बढ़ जाएगी।

# नौ माह में दूसरी बार आई पुल में दरार, टूटा सस्पेंशन ज्वाइंट

## पुल से आवागमन रोके जाने से अयोध्या-प्रयागराज जाने वाले लोग शहर से होकर गुजरने को मजबूर

गोसाईगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** गोमती नदी के पुल का सस्पेंशन ज्वाइंट टूटने से आवागमन रोक दिया गया, जिस कारण अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के दर्शन के साथ ही अन्य कार्यों के लिए अयोध्या प्रयागराज से गुजरने वाले हजारों वाहनों को शहर के अंदर से गुजरना पड़ रहा है। इन वाहनों के शहर में प्रवेश से जहां जाम के हालात बन गए हैं, वहीं शहर से होकर गुजरने वाले वाहन 10 मिनट के सफर को दो घंटे में पूरा कर रहे है।

जिले से होकर अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर टांटियानगर गोमती नदी के पुल का सस्पेंशन ज्वाइंट टूटने से नौ माह में दूसरी बार यातायात प्रभावित हो गया है। 2023 के आगाज के महज 10 दिन पहले ही भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पुल का नवीनीकरण कराया गया था। इसके बाद फिर लगातार दो बार पुल का गार्डर टूट चुका है। फिर से मरम्मत कार्य करा अवागमन बहाल करवाया गया था। शुक्रवार की रात एक बार फिर पुल का स्पेंशन ज्वाइंट टूट जाने से अवागमन बाधित हो गया है। ऐसे में पुल के रास्ते आने जाने वाले यात्रियों की मुश्किले कम होने के बजाए लगातार बढ़ती जा रही है।

जनपद में अयोध्या-प्रयागराज हाईवे बाईपास पर टाटियानगर में स्थित गोमती नदी पर स्थित पुल वर्ष 2022 के सितंबर में अचानक टूट गया था। इसके बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से एक अक्टूबर से 10 दिन का रूट डायवर्जन लेकर परियोजना प्रबंधक को कार्य पूरा कराने की जिम्मेदारी दी गई। लेकिन एनएचएआई के अधिकारी अपने ही निर्धारित समय पर खरे नहीं उतर पाए। इसके बाद 10- 10 दिन का रूट डायवर्जन लेकर तीन माह का समय व्यतीत कर 22 दिसंबर 2022 को पुल मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य पूरा किया गया। तब जाकर पुल से यातायात बहाल हो सका। लेकिन तीन महीने का भी समय नहीं बीता कि अप्रैल के शुरुआत में ही मरम्मत कराए गए टांटियानगर गोमती नदी के पुल का गार्डर फिर टूट गया। इसके बाद अप्रैल 2023 में पुल का गार्डर टूटने के बाद एनएचएआई ने 10 दिन तक पुल के मरम्मत का समय लिया, लेकिन कार्य को 20 दिन में पूर कराया जा सका। जून 2023 में तीसरी बार पुल का गार्डर टूट गया। तो एक बार फिर एनएचएआई द्वारा करीब 20 दिन बाद मरम्मत कार्य पूरा कर आवागमन बहाल करा सके। वहीं शुक्रवार की रात पहले की तरह गार्डर का सस्पेंशन ज्वाइंट टूट जाने से आवागमन बाधित हो गया है।

### तीन दिन में ठीक होगा पुल : मेनका गांधी

टांटियानगर बाइपास का पुल फिर ब्रेक होने पर सांसद मेनका गांधी एनएचएआई के अभियंता को फोन किया। सांसद ने बताया कि तीन दिन के अंदर पुल ठीक करने को कहा गया है। इससे ज्यादा समय लगता है तो जिम्मेदारों पर कारवाई कराई जाएगी।


गोमती नदी पुल का टूटा गार्डर। शहर के रास्तों पर लगा वाहनों का काफिला।

"टाटियानगर पुल के गार्डर का सस्पेंशन टूटा है। इसकी मरम्मत कराने के लिए योजना बनी हुई है। आवागमन बाधित नहीं होने पाएगा। तीन-चार दिन में पुल की मरम्मत का कार्य पूरा करके यातायात बहाल कर दिया जाएगा।"
–एसबी सिंह, एनएचएआई निदेशक

### शहर के जाम से आम जनमानस को हो रही दिक्कत

शहर के गोपालदास पुल के निर्माण के चलते अधिकारियों सहित आम जनमानस को छह माह से ज्यादा समय तक जाम से जूझना पड़ा था। पुल पर आवागमन शुरू होने के बाद राहत मिली थी। वहीं अब टांटिया नगर के पुल पर आवागमन बाधित होने से एक बार फिर लोगों को जाम का सामना करना पड़ेगा। बताते चलें कि विगत 22 जनवरी को अयोध्या में हुए भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के चलते पहले की अपेक्षा दो गुना वाहन ज्यादा चलने लगे है। जिससे शहर वासियों के राहगीरों को भीषण जाम का सामना करना पड़ सकता है।

## एक नजर

### सीएम को पत्र लिख की पुल निर्माण की मांग

सुलतानपुर अमृत विचार। सदर विधानसभा के विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है। पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय में प्रवेश के लिए गोमती नदी पर एक ही पुल है। जिससे होकर आम जनमानस शहर में प्रवेश करते हैं। पहले का बना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके चलते उस पर आवागमन बंद है। एक अतिरिक्त पुल की मांग विधायक ने मुख्यमंत्री से की है।

### पंचायत भवन में चोरी मुकदमा दर्ज

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उफ़ड़पुर भटपुरा स्थित पंचायत भवन के अंदर रखे इन्वर्टर, दो बैटरी व पंखा चोरी हो गई। पंचायत सहायक लक्ष्मी यादव ने सीसीटीवी कैमरे में चोरी करते हुए घटना कैद हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने लाल रत्नाकर उर्फ लाल साहब निवासी मुड़हा थाना मोतिगरपुर व अखण्ड प्रताप सिंह निवासी उदयपुर सकरवारी थाना दोस्तपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### दो युवकों की हत्या में चार गिरफ्तार, शेष फरार

अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार। बीते 21 फरवरी को अखंडनगर थाना क्षेत्र गोपालपुर गांव में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई थी। तहरीर पर पुलिस ने नामजद सहित अज्ञात पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। शुक्रवार को अखंडनगर पुलिस ने आरोपियों में से दयाराम, सुन्दर लाल, अजय कुमार, दानबहादुर को आलाकत्ल खाना बनाने वाले दो लोहे के बेलचे के साथ पकड़ लिया। एसएचओ अखंडनगर रवि कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय भेजा गया था, जहां से जेल भेजने की कार्यवाही हुई।

# रोडवेज बस की ठोकर से मजदूर ने तोड़ा दम

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार।** शहर से मजदूरी कर घर वापस जाते हुए रास्ते में हाईवे पार करते समय वाराणसी की तरफ से आ रही रोडवेज बस मजदूर को जोरदार टक्कर मार दी। वह सड़क पर ही गिरकर घायल हो गया। एंबुलेंस की मदद से पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के तुलसी नगर वार्ड निवासी सीताराम यादव (45) सुलतानपुर शहर में पेंटिंग का काम करके अपना भरण पोषण करता था। शुक्रवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे वह शहर से लंभुआ बाजार आया और समान इत्यादि लेकर पैदल ही घर जा रहा था। पठखौली गांव के पास स्थित लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग को घर जाने के लिए पार कर रहा था, तभी वाराणसी की ओर से लखनऊ की तरफ जा रही रोडवेज बस में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया। अस्पताल पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।

# विकास भवन से संबद्ध हुए दूबेपुर के प्रभारी एडीओ पंचायत

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** विकास खंड दूबेपुर में प्रभारी एडीओ पंचायत के पद पर तैनात एडीओ पंचायत दिनेश सिंह को उच्चाधिकारियों के आदेश पर विकास भवन संबद्ध कर दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन की ब्लॉक कोऑर्डिनेटर दूबेपुर से काफी दिन से विवाद चल रहा था। इस बात को लेकर भी कारण बताया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल ने बताया कि प्रशासनिक आधार पर कार्रवाई की गई है। एडीओ पंचायत के पद पर अन्य कर्मचारी की तैनाती की कार्यवाही की जा रही है।

# सुलतानपुर शहर बनेगा प्रदेश में मिसालः सांसद

- सांसद ने 8.65 करोड़ से होने वाले विभिन्न कार्यों की दी सौगात
- लगभग 1.11 करोड़ से तैयार होगा पार्किंग जोन

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। पूर्व केंद्रीय मंत्री व जिले की सांसद मेनका संजय गांधी ने शनिवार को पार्किंग जोन में 8.65 करोड़ लागत से होने वाले विभिन्न कार्यों की सौगात दी। उन्होंने एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में जनपद में 7.54 करोड़ रुपए की सांसद निधि के विभिन्न कार्य का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

साथ ही पार्किंग जोन में जिला पंचायत के 71.16 लाख रुपए से प्रवेश गेट, सीसी रोड एवं अन्य कार्य तथा नगर पालिका द्वारा लगभग 40 लाख रुपए से बाउंड्रीवाल, खड़ंजा व मिट्टी भराई का कार्य होगा। पार्किंग जोन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि आने वाले समय में सुलतानपुर शहर उत्तर प्रदेश के लिए मिशाल बनेगा। उन्होंने कहा तीन महीने में बनकर तैयार होने वाले पार्किंग जोन से शहर को जाम की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी। जल्द ही शहर को सीसीटीवी व ट्रैफिक लाइट की भी सौगात मिलेगी।


शहर के वेंडिंग जोन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल सांसद मेनका गांधी।

### चुनाव बाद एफएम रेडियो स्टेशन की होगी शुरुआत

उन्होंने कि लोकसभा चुनाव बाद एफएम रेडियो स्टेशन का विधिवत शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने बताया कादीपुर विधानसभा में नवोदय विद्यालय तैयार हो गया है। जल्द ही बच्चों का प्रवेश शुरू हो जाएगा। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह, विधायक विनोद सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल, बार एसोसिएशन के महासचिव आर्तमणि मिश्रा, मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी, पूर्व नगर अध्यक्ष विनोद पांडेय, नगर अध्यक्ष आकाश जायसवाल, ब्लाक प्रमुख शिव कुमार सिंह, चन्दर प्रताप सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, स्थानीय सभासद रमेश सिंह टिन्नू, संजय सोमवंशी आदि मौजूद रहे।

# मौरंग की जगह मिट्टी देखकर भड़के विधायक

- नाला निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत डीएम से करने के बाद बुलाई पुलिस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग एनएच 56 पर बंधुआकला रेलवे स्टेशन के सामने हो रहे नाला निर्माण में अनियमितता देखकर इसौली विधायक ताहिर खां भड़क गए। उन्होंने डीएम से शिकायत के बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपस्थित कर्मचारियों से पूछताछ की।

राजमार्ग पर बन्धुआकला रेलवे स्टेशन के सामने लगभग दो सौ मीटर नाला बनाने का काम काफी समय से अधूरा पड़ा था। इस बात को इसौली विधायक ताहिर खां विधानसभा में भी उठा चुके थे। नाला बनाने का कार्य एनएचएआई द्वारा किया जा रहा है। नाला निर्माण में हो रही अनियमितता की शिकायत पर इसौली विधायक ताहिर खां शनिवार दोपहर को बंधुआकला पहुंचे। वहां आरसीसी बन रहे नाले के लिए मिक्सर मशीन में मोरंग की जगह मिट्टी देख विधायक भड़क गए। उन्होंने इसकी शिकायत डीएम व एसडीएम से कर बंधुआकला पुलिस को भी सूचना दी। विधायक ताहिर खां ने बताया कि मिक्सर मशीन में गिट्टी भी क्वालिटी ठीक नहीं थी। मोरंग की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा था। सीमेंट भी रद्दी किस्म की थी। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्टाचार को लेकर हम विभागीय मंत्री सहित प्रमुख सचिव से वार्ता कर कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड कराएंगे। इस राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन दिल्ली, कलकत्ता सहित कई शहरों के लिए लाखों लोग सफर करते हैं।

बंधुआकला थानाध्यक्ष रवींद्र सिंह ने बताया कि विधायक की शिकायत पर मौके पर जाकर उपस्थित कर्मचारियों से इस्टीमेट व प्रयोग हो रहे मटेरियल के बारे में जानकारी ली गयी। मिक्स मटेरियल को विभागीय जांच के लिए भेजा जायेगा।


मानकविहीन हो रहे नाला निर्माण पर भड़के विधायक, बुलाई पुलिस। अमृत विचार

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर पकड़ा गया गोवंशों से लदा ट्रक

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** गोवंश पर हो रहे लगातार उत्पीड़न व तस्करी का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

शनिवार सुबह जिले से होकर गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर 114 किमी पर धनपतगंज थाना क्षेत्र में गो वंशो से भरी एक ट्रक खराब हो गई। ट्रक के खराब होने की सूचना गौ सेवा करने वाले राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के पदाधिकारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 20 जीवित गोवंश बरामद कर ट्रक का चालान कर दिया। मामला बढ़ता देख मौके से ट्रक ड्राइवर व कंडक्टर गाड़ी का नंबर प्लेट भी निकाल ले गये। मौके पर पहुंचे धनपतगंज थाना प्रभारी पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर क्षेत्र के आसपास एक गौवंशों से भरे ट्रक के खड़े होने की सूचना मिली जिस पर पुलिस ने मामले की गहनता से तहकीकात किया। गोवंश से लदे ट्रक की पड़ताल करने के बाद 22 गोवंश बरामद कर लिया। बरामद गोवंश में दो मृत शेष 20 गोवंश को गौशाला भेज दिया गया है। धनपतगंज थाना प्रभारी पंडित त्रिपाठी ने बताया कि 20गो वंशो को गो आश्रय भेजते हुए मृत हुए गो वंश को दफन कराया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सार-संक्षेप


शपथ ग्रहण के बाद मौजूद माध्यमिक शिक्षक संघ के नवनियुक्त पदाधिकारी।

### नई शिक्षा नीति से सुधार को सरकार संकल्पितः चेयरमैन

▸▸ माशिसं की नवगठित प्रादेशिक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ की नवगठित प्रादेशिक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर रहे। अध्यक्षता आरपी सिंह ने किया। शपथ ग्रहण करने वालों में प्रांतीय अध्यक्ष सभापति तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिह, प्रांतीय महामंत्री डा. अरविंद कुमार सिंह, प्रांतीय कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पांडेय, महिला उपाध्यक्ष सुषमा त्रिपाठी, रीना सिंह, प्रांतीय उपाध्यक्ष बच्चू लाल भारतीय आदि रहे। मुख्य अतिथि चेयरमैन प्रवीन अग्रवाल ने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति के जरिए शिक्षा में सुधार के लिए कृतसंकल्प है। शपथ ग्रहण समारोह में बजरंगी सिंह, डा. जयंत सिंह, राम कुमार, जय प्रकाश शर्मा, अनिल कुमार सिंह, कंचन वर्मा, पूर्णिमा चतुर्वेदी और रेनू आदि मौजूद रहे।

### शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** शनिवार को गोसाईगंज में थाना समाधान दिवस का आयोजन नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा की मौजूदगी में किया गया। यहां पुलिस से संबंधित एक और राजस्व से संबंधित 15 शिकायतें प्राप्त हुई। कुल 16 शिकायतों में से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा ने कहा कि शासन के मंशानुरूप सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समय भीतर रहते निस्तारण किया जाए। जिससे पीड़ित को एक ही मामले को लेकर बार-बार थाना व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। समय रहते कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए।

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** कोतवाली देहात पुलिस ने मुकदमे में वांछित चल रहे नगर कोतवाली के प्यारे पट्टी निवासी रहमान को भुलकी चौराहे से दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। कोतवाल श्याम सुंदर ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया था। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई। वहीं, जयसिंहपुर पुलिस मुकदमे में वांछित चल रहे मुरार का पुरवा (कारेबन) निवासी अनिल यादव को गांव की पुलिया से पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफल रही। पकड़े गए अभियुक्त के पास एक हज़ार की नगदी बरामद हुई। उपनिरीक्षक हीरालाल यादव ने बताया कि अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया था। जहां से जेल भेजने की कार्यवाही की गई है। वहीं, थाना लम्भुआ से 10, थाना हलियापुर से 1, थाना धम्मौर से 4, थाना कूरेभार से 2, थाना धनपतगंज से 3 कुल 20 अभियुक्तों का शांति भंग में चालान हुआ।

### रंजिश में दो युवकों को पीटा, रेफर

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार।** पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों की जमकर पिटाई की गई। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शनिवार को दोस्तपुर थाने के धनऊपुर गांव के विनय कुमार शुक्ल चार पहिया वाहन से कादीपुर से प्रियम शुक्ल के साथ अपने घर जा रहे थे। कादीपुर कोतवाली के बुढ़ाना गांव में स्थित नहर के पास सामने से आ रही चार पहिया वाहन से उतरे 6-7 लोगों ने विनय कुमार के वाहन को रोककर लाठी डंडे से मारने पीटने लगे। जिससे विनय एवं प्रियम गंभीर रूप से घायल हो गए एवं विपक्षियों ने विनय के चार पहिया वाहन के शीशे को तोड़ डाला। आरोप है कि विपक्षीगण तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलों को सीएचसी कादीपुर लाया गया। जहां से उन्हें जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पीड़ित विनय कुमार शुक्ल की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने उनके गांव के ही लालू उर्फ शिवाकांत शुक्ला सहित छह अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

### गांवों में जाकर युवाओं के बीच चौपाल लगाएंगी भाजयुमो

**सुलतानपुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा ने अपने युवा टीम को बड़ी जिम्मेदारी दी है। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने युवा चौपाल करने का निर्देश दिया है। युवा चौपाल के माध्यम से युवा मतदाताओं को पार्टी जोड़ा जाएगा। 25 फरवरी से पांच मार्च तक लगातार गांव-गांव जाकर 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं को जोड़कर बूथ स्तर तक मजबूती देने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य का नेतृत्व करने वाले भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह ने बताया कि सभी मंडलों में तैयारी कर ली गई है। प्रत्येक विधानसभा स्तर व मण्डल स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं। चौपाल के माध्यम से सरकार द्वारा चल रहे योजनाओं को युवाओं तक पहुंचाना पार्टी का मुख्य लक्ष्य है।

# अभी खेतों मे खड़ा है गन्ना मिल बंद करने की नोटिस

▸▸ चीनी मिल प्रशासन की कार्यशैली से किसान परेशान

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** किसानों का गन्ना खेत में खड़ा है और चीनी मिल प्रशासन ने मिल बंद करने की पहली नोटिस जारी कर दी है। ऐसे में गन्ना किसान चीनी मिल प्रशासन की कार्यशैली से परेशान हैं।

वर्तमान समय में शादियों का सीजन जोरों पर है। ऐसे में चीनी मिल में पर्याप्त मात्रा में गन्ने की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इस बीच मिल प्रशासन ने वर्तमान पेराई सत्र को बंद करने को लेकर पहली नोटिस जारी कर दी है। गुरुवार को जारी नोटिस में कहा गया है कि गन्ना आपूर्ति की शून्यता के कारण बाहरी केंद्रों पर 26 फरवरी और मिलगेट को 2 मार्च को बंद करने का प्रस्ताव है। महादेवपुर गांव के गन्ना किसान दीपनारायण वर्मा का कहना है कि जिन किसानों के पास गन्ना है, उनके पास पर्ची नहीं है। शिकायत के बावजूद मिल प्रशासन मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। किसान घेर्राऊ वर्मा, राम सुमेर वर्मा, शिव नायक शर्मा, राम नायक सिंह, शिवपूजन वर्मा आदि का कहना है कि अब तीस प्रतिशत गन्ना खेतों में खड़ा है। ऐसे में नोटिस जारी करना बेमानी है।

# समाजसेवियों ने की विक्षिप्त की सेवा

**गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बाबूगंज बाजार में एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति कुछ दिनों से घूम रहा था। जिसने गंदे कपड़े पहन रखे थे। उसकी दाढ़ी और बाल बढ़े हुए थे। शनिवार दोपहर को कटका क्लब के महामंत्री सूरज विश्वास की नजर उस पर पड़ी तो वह उसको नाई के पास लेकर गए। उसको गन्दा देखकर कोई नाई बाल काटने को तैयार नहीं हुआ। जिस पर संस्था के पदाधिकारियों के साथ मिलकर सूरज ने मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति का बाल काटा, नहलाया और उसको कपड़ा पहनाया फिर भोजन कराया। जिसकी लोग सराहना कर रहे है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, मोनू यादव, बृजेन्द्र मिश्र, सरफराज ने सहयोग किया।

# 13 अंक के साथ टीम बी विजेता

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** राणा प्रताप पीजी कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग की ओर से प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

इस मौके पर विभागाध्यक्ष डा. शिल्पी सिंह ने कहा कि प्रश्नोत्तर प्रविधि शिक्षा के क्षेत्र में अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखती है। इस प्रविधि के जन्मदाता प्रसिद्ध विद्वान सुकरात थे। अतः इस प्रविधि को सोकरेटिक मेथड भी कहा जाता है। विद्यार्थियों की समझ की जांच करने और उन्हें मौजूदा कार्य में व्यस्त रखने के लिए प्रश्न पूछना आवश्यक है। शिक्षक एक बौद्धिक रूप से प्रेरक कक्षा वातावरण बनाता है और बनाए रखता है। उस वातावरण में छात्र के मूल्य को स्वीकार करता है। बौद्धिक रूप से खुले, सुरक्षित और मांग वाले सीखने के माहौल में, छात्रों को चुनौती मिलेगी, फिर भी वे अपने साथियों के सामने ईमानदारी से और पूरी तरह से सवालों के जवाब देने में सहज होंगे। इस प्रश्नोत्तरी में बी ए द्वितीय, चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रश्नोत्तरी में टीम बी ने 13 अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस टीम में नैना, संजना गीता, रोली, प्रीति, आरती, शालू, संजना, शिवानी गौतम थी। टीम ए ने 7 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस टीम में देवेंद्र, नीलाक्षी, सर्वेश, शिल्पी, राखी और स्नेहा शामिल थी।


राणा प्रताप महाविद्यालय में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं।

**नशे पर लगाम** — नशे की गिरफ्त में आ रही युवा पीढ़ी, स्मैक के साथ आरोपितों को आए दिन पकड़ रही पुलिस

# जनपद में तेजी से बढ़ रही स्मैक के नशेड़ियों की तादाद

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार।** जिले में स्मैक, गांजा, अवैध शराब आदि जैसे मादक पदार्थों का कारोबार अच्छी तरह से फल-फूल रहा है। जिले में ऐसा कोई थाना क्षेत्र नहीं है, जहां के युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में न हो। मौजूदा समय में युवा पीढ़ी नशा करने के लिए स्मैक, गांजा, शराब जैसे मादक पदार्थों का सेवन कर अपने शौक को पूरा करने में लगा पुलिस की निष्क्रियता के चलते क्षेत्र स्मैक की बड़ी खेप आ गई हैं। दिखावे के लिए आए दिन पुलिस प्रशासन नशे के कारोबारियों पर शिकंजा कसती रहती है।

स्मैक का नशा बहुत ही तेजी के साथ किशोर व युवा पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। शराब जहां सरकार लोगों को स्वयं उपलब्ध करवा रही है, वहीं दूसरी ओर स्मैक का नशा भी बहुत ही तेजी के साथ किशोर व युवा पीढ़ी को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। शराब के नशे से एक बार तो लोगों को दूर किया जा सकता हैं, लेकिन स्मैक जैसे खतरनाक नशे की गिरफ्त में फंसे युवाओं को इससे बाहर निकालना बहुत ही कठिन है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि शराब का नशा करने वाला व्यक्ति अपनी हरकतों के कारण सबकी नजरों में आ जाता है, लेकिन स्मैक जैसा नशा करने वाले शुरुआत में एक सामान्य व्यक्ति की तरह व्यवहार करते हैं, उनके नशे की गिरफ्त में होने के बारे में बहुत आसानी से उनके घर वालों को भी पता नहीं चल पता है। जब तक इस बारे में पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है।



### मुखबिर के सहारे कारोबारियों तक पहुंचती है पुलिस

स्मैक के बढ़ते कारोबार पर जब पुलिस की किरकिरी होने लगती है तो मुखबिर खास को सक्रिय कर दिया जाता है मुखबिर खास की सूचना पर ही पुलिस स्मैक कारोबारियों को पकड़ पाती है। तीन दिन पहले गोसाईगंज पुलिस 160 ग्राम स्मैक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। इसके पहले भी गोसाईगंज पुलिस मुखबिर की सूचना पर दो तीन स्मैक कारोबारी को गिरफ्तारी करने में सफलता हासिल की है। उसी के दूसरे दिन कोतवाली देहात पुलिस ने 115 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था। स्मैक कारोबारियों को स्मैक कहा से कैसे मिलती है अभी तक पुलिस जान नहीं पायी या फिर जानने का प्रयास नहीं कर रही है। लोगो के लिए यह बड़ा सवाल बना हुआ है।

### अवैध शराब के कारोबार को भी लगे पंख

सूत्रों का कहना है कि अवैध शराब विक्रेता छोटे-मोटे किराना दुकान, पान की गुमटी, चाय-नाश्ते की दुकानों में रख कर शराब बेचा करते हैं। उक्त दुकानदारों को शासकीय शराब ठेकेदार द्वारा शराब उपलब्ध कराया जाता है ताकि शराब को ज्यादा से ज्यादा बेच कर अधिक से अधिक मुनाफा कमाया जा सके। पुलिस प्रशासन आबकारी महकमा छोटे-मोटे अवैध शराब कारोबारियों को पकड़ कर जहां वाहवाही लूटने में लगी हुई है। वहीं बड़े बड़े स्मैक तस्कर, अवैध शराब विक्रेता को हाथ लगाने से पीछे क्यों हट जाती हैं। एएसपी अरुण चंद्र ने बताया कि लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिले में इस अवैध कारोबार को जड़ से खत्म किया जाएगा।

# धन के अभाव में नहीं शुरू हो पा रहा आईसीयू, बर्न वार्ड व ट्रामा सेंटर

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सरकार के बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने का दावा संसाधन के अभाव में खोखला साबित हो रहा है। 226 करोड़ की लागत से माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज का प्रशासनिक और 300 बेड का अस्पताल भवन खड़ा हो गया। लेकिन आठ करोड़ रुपये के अभाव में संचालन अटक हुआ है। आठ करोड़ मिले तो आईसीयू, बर्न वार्ड, ट्रामा सेंटर, बेड की व्यवस्था हो सके। जबकि, भवन को हैंडओवर हुए एक वर्ष का वक्त गुजर चुका है। धन के लिए 11 बार पत्राचार भी हो चुका है।

अस्पताल का संचालन न होने से प्रतिदिन हादसा, बर्न और हार्टअटैक के 10-12 मरीजों को इलाज संभव होते हुए भी रेफर कर दिया जाता है। इसमें कई बार मरीजों के जान पर बन आती है। अगर संसाधन हो और अस्पताल संचालित होता तो शायद मरीजों को रेफर नहीं होना पड़ता। जल्द ही संचालन की बात कही गई है।

**इंतजार**

- माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज में संबंधित विभागों के संचालन के लिए बनकर तैयार है बिल्डिंग
- जरूरी संसाधन जुटाने के लिए आठ करोड़ रुपए की दरकार

जिले की लगभग 28 लाख आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए 226 करोड़ की लागत से माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई। इसमें प्रशासनिक भवन के साथ 300 बेड का अस्पताल शामिल है। मेडिकल कॉलेज संचालन जैसे ओपीडी और ओटी की व्यवस्था जिला अस्पताल के पुराने भवन में चल रही है। 300 बेड के अस्पताल का भवन एक साल पहले तैयार हो गया है। वायरिंग, पानी और हर बेड पर ऑक्सीजन पहुंचे, इसके लिए पाइप लाइन ऑक्सीजन की व्यवस्था से लैस करके छोड़ दिया गया। अस्पताल संचालन के लिए बेड, ओटी के लिए मशीन और संसाधन जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए शासन की ओर से दूसरा बजट देना है। 300 बेड के अस्पताल के संचालन में उपयोग होने वाले संसाधन की खरीद के लिए लगभग आठ करोड़ की अनुमानित लगात की जरूरत है। आठ करोड़ नहीं मिलने के कारण अस्पताल का संचालन अटका हुआ। इसकी वजह से गंभीर रोगियों को गोरखपुर, लखनऊ और निजी अस्पतालों में जाना पड़ रहा है। जहां समय और धन की बर्बादी के साथ ही जान पर भी बन आ रही है। जिम्मेदार पत्राचार करने और धन मिलते ही संचालन करने का दम भर रहे हैं। 300 बेड के संचालन के लिए अबतक 11 बार शासन और अन्य जगहों पर पत्राचार हो चुका है। इसमें जिलाधिकारी की ओर से सांसद की ओर से और 11 दिन पहले प्राचार्य ने फिर संसाधन की खरीद और संचालन के लिए आठ करोड़ की डिमांड के लिए पत्राचार किया है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से हर माह में पत्राचार किया जा रहा है। लेकिन धन मुहैया कराने के संबंध में जवाब नहीं मिला है।


ट्रामा सेंटर, बर्न और आईसीयू के लिए बनकर तैयार बिल्डिंग। अमृत विचार

### हादसे के शिकार मरीज हर दिन किए जा रहे रेफर

ट्रामा सेंटर और आईसीयू नए अस्पताल में संचालित होना है। ट्रामा सेंटर न होने के कारण हर दिन हादसे के शिकार पांच से सात मरीज इसलिए रेफर कर दिए जाते हैं कि सर्जरी करने और उन्हें रखने के लिए आईसीयू की सुविधा नहीं है। इसी प्रकार हार्टअटैक दो से तीन रोगियों रेफर किया जाता है। क्योंकि उन्हें भी आईसीयू की जरूरत पड़ती है। इसके लिए अन्य गंभीर बीमारी के शिकार मरीज, जिन्हें आईसीयू और वेंटीलेटर की जरूरत है, उन्हें रेफर कर दिया जाता है। 24 घंटे में कम से कम 10-12 मरीज रेफर किए जाते हैं। वह भी संसाधन न होने का कारण। क्योंकि इलाज संभव होते हुए भी सुविधा न होने के कारण डॉक्टर उन्हें हायर सेंटर भेज रहे हैं।

> 300 बेड के अस्पताल की बिल्डिंग एक साल पहले ही हैंडओवर हो चुका है। बेड सहित अस्पताल में संचालन में काम आने वाले सुविधाओं के न होने के कारण संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। लगभग आठ करोड़ की जरूरत है। इसके लिए कई बार पत्राचार किया जा चुका है। 10 दिन पहले भी बजट के लिए पत्राचार किया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही बजट मिल जाएगा।
>
> -डॉ. एके झा, प्राचार्य, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज

## एक नजर

### स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों पर किया मंथन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के तहत स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 की तैयारियों के लिए नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल की अध्यक्षता, दीपक अग्रवाल एवं एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर ईवर इनवायरों की उपस्थिति में नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय के आईईसी टीम को सम्बोधित किया गया। ईवर इनवायरों की टीम द्वारा ग्रीन क्लाईमेट फण्ड से जनजागरूकता का कार्य कराये जाने हेतु अपनी प्रस्तुति दी गयी। इस प्रस्तुति के द्वारा महानगर में स्त्रोत से किस प्रकार अलग-अलग कचरा प्राप्त किया जाए और जनता को इस सम्बन्ध में किस प्रकार मानसिक रूप से तैयार किया जाए, के सम्बन्ध में कार्य किया जाएगा। इसके लिए नगर निगम, की टीम को आवश्यक जानकारी देते हुए प्रशिक्षित किया जाएगा कि किस प्रकार जनता के व्यवहार परिवर्तन के लिए उन्हे प्रेरित किया जाए। बताया गया कि माह दिसम्बर 2024 से बायो सीएनजी प्लान्ट कार्य करना प्रारम्भ कर देगा, जिसके लिए कचरे को अलग-अलग प्राप्त करना आवश्यक है।

### समाधान दिवस पर सुनी गईं फरियादियों की समस्याएं

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** अमृत विचार थाना समाधान दिवस पर रोहित उपाध्याय एवं चकबंदी अधिकारी रियाज द्वारा समस्याएं सुनी गई, जिसमे कुल चार लिखित समस्याएं आई उसमे से एक का निस्तारण किया गया।

### भाजपा का जनसम्पर्क अभियान आज से

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी 25 फ़रवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी सम्पर्क अभियान के जरिये जनसम्पर्क अभियान चलाएगा केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धिएं बताकर लाभार्थियों से मिस्ड काल कराकर नरेंद्र मोदी के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। उक्त विचार कठेला मंडल द्वारा आयोजित लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए जगदम्बिका पाल ने व्यक्त की। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि जब नरेंद्र मोदी व योगी के नेतृत्व में विकास की नई धारा बह रही हो सुरक्षा क़ानून व्यवस्था के जरिये प्रदेश और देश में आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार किया जा रहा उससे आम जनमानस में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। जनता एक बार पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएगी।

# अवैध ढंग से चलते मिले चार निजी अस्पताल, मांगा जवाब

## डिप्टी सीएमओ ने बर्डपुर में औचक निरीक्षण किया

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डिप्टी सीएमओ ने मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर स्थित हास्पिटल और क्लिनिकों की आस्मिक जांच की। जांच के दौरान चार अस्पताल में बिना कागजात के संचालित पाये गये। उन सभी अस्पतालों को नोटिस देते हुए दो दिन में जवाब देने का निर्देश दिया। निर्देश में हिदायत दी गई है कि सही और समय से जवाब नहीं मिलने पर सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

जनपद में फर्जी अस्पताल और जांच केंद्र हर चौराहे पर संचालित हो रहे हैं। अवैध रूप से संचालित होने वाले अस्पतालों में अक्सर लोगों की जान जाने और गलत इलाज करने की शिकायत होती है। बिना कागजात के चलने वाले अस्पतालों पर कार्रवाई करने के लिए शनिवार को डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय गुप्ता मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर में निरीक्षण करने पहुंच गए। एक-एक करके चार हास्पिटल और क्लिनिक मोगीश हॉस्पिटल एंड पॉलीक्लीनिक, अल्बा हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, सिफा हॉस्पिटल, नव जीवन हॉस्पिटल ऑर्थो एंड मैटरनिटी सेंटर बिना कागजात के संचालित पाया गया। इसके साथ ही अन्य कमियां नजर आईं। इसके बाद अस्पताल को बंद कराते हुए नोटिस दिया गया। दो दिन में नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताते चलें कि जिले में आये दिन अस्पतालों की चेकिंग होती है। इनमें से नियम विरूद्ध संचलित अस्पतालों को नोटिस भी दी जाती है। मगर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई न होने से अवैध अस्पतालों के संचालकों पर कोई असर नहीं पड़ता और उनकी तादाद दिनों दिन बढ़ती जाती है।




> निरीक्षण के दौरान चार अस्पताल बिना कागजात के संचालित पाये गये हैं। उन सभी को नोटिस दिया गया है। नोटिस का सही और समय से जवाब नहीं मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> -डॉ. संजय गुप्ता, डिप्टी सीएमओ

## भाजपा ने अभियान की समीक्षा की

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** भाजपा मण्डल की कार्यशाला बैठक ब्लाक सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में गांव चलो अभियान की समीक्षा हुई और आगामी कार्यक्रम लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने बताया कि लाभार्थी सम्पर्क अभियान 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगा। जिसमें कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर जाकर उनका फीडबैक लेंगे और प्रधानमंत्री से जुड़ने के लिए दिए गए नम्बर पर मिस्ड काल कराएंगे। नगर पंचायत उसका बाजार के वार्ड नंबर 11 इन्द्रा नगर के सभासद उपेन्द्र नाथ दूबे ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष राकेश कुमार आर्य व संचालन मण्डल महामंत्री बंशीधर पाण्डेय ने की। बैठक में मण्डल प्रभारी राजू शाही, नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि व विधानसभा संयोजक हेमन्त कुमार जायसवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अरूण मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



### विधायक ने छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्ट फोन, सही उपयोग करने की दी सलाह

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के सिलोखरा स्थित तौफीक मेमोरियल डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को विधायक सैय्यदा खातून ने 186 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। उन्होंने कहा कि आज के हाईटेक जमाने में पठन-पाठन में स्मार्टफोन काफी सहायक साबित हो रहा है। अब पठन-पाठन का तरीका पूरी तरह वैज्ञानिक पद्धति से हो रहा है। जिसमें टेक्नालाजी का विशेष महत्व है। ऐसे में टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल कर इसका प्रयोग अपना भविष्य संवारने में लगाएं और इसके दुरुपयोग से बचें। इस मौके पर तहसीलदार डा. संतराज सिंह, प्राचार्य जहीर मलिक, संजय कुमार, डॉ. साजिद गुफरान, सुहैल फारुकी, रितेश कुमार वर्मा, राकेश कुमार चौबे, नीलम यादव आदि मौजूद रहे।

### महिलाएं अपने अधिकारों को लेकर हों जागरूक

**सिद्धार्थ नगर, अमृत विचार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मधुकरपुर मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में रेनू मिश्रा ब्लाक प्रमुख सदर महिला थानाध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रहलाद पांडे की उपस्थिति में सर्वप्रथम मां सरस्वती के आशीर्वाद के साथ मातृशक्ति सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर रेनू मिश्रा ब्लाक प्रमुख के द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में विचार प्रस्तुत किया गया। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। महिला थानाध्यक्ष शाइस्ता परवीन महिला द्वारा बेटियो को शिक्षित करने के लिए मातृशक्ति को जागरूक किया गया। जिसमें बेटियां शिक्षा प्राप्त करके अपने सपनों को पूरा करके देश का नाम रोशन करें।

# मानवता को समर्पित था संत रविदास का जीवन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शोहरतगढ़ विधानसभा के पलिया टेकधर में संत रविदास जयंती पर पीडीए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पंचायत को संबोधित करते हुए समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्र मशाल ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन मानवता के लिए समर्पित था। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी संत रविदास के विचारधारा को आगे बढ़ा रही है। उनका सूत्रवाक्य मन चंगा तो कठौती में गंगा को जीवन में उतारने की आवश्यकता है। इस अवसर पर संत रविदास के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने संत रविदास की रचनाओं को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयंत्री प्रसाद, छेदी भगत, अम्मर उम्मा, प्रदीप, नूर मोहम्मद, विनय कुमार, अभिनय कुमार, खदेरू, हरिदास, चैतू, रामकरन, विष्णु कुमार, प्रदीप कुमार, धीरज राज, अभिषेक कुमार, मंजय, रामसेवक, दिलीप, सुनील कुमार, घिसयावन, जगदीश वरुण, सीताराम भगत की उपस्थिति रही।


संत रविदास की जयंती मनाते सपा नेता व ग्रामीण। अमृत विचार

# पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर छात्र संगठन में खुशी

गोरखपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त होने के बाद छात्र संगठन दिशा के कार्यकर्ताओं ने पन्त पार्क में जमा होकर खुशी मनाई। साथ कहा कि हर युवा के लिए रोज़गार की गारण्टी का कानूनी हक़ मिलने तक आन्दोलन को जारी रखेंगे। कार्यकर्ताओं ने आन्दोलनरत छात्रों बधाई दी और आगे के संघर्ष को तैयार रहने का आह्वान किया।

दिशा छात्र संगठन की अंजलि ने कहा कि आख़िरकार हमारी एकजुटता और संघर्ष के आगे सरकार को घुटने टेकने ही पड़े। लेकिन हमें समझना होगा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होना एक आंशिक जीत है दूरगामी लक्ष्य तो यही हो सकता है की हर काम करने योग्य युवा को रोजगार की गारंटी हो। जब तक यह हक कानूनी तौर पर हमें मिल नहीं जाता तब तक खुले या छिपे रूप में परीक्षाओं में धांधली, लफड़ा लगा ही रहेगा।

## सार-संक्षेप

### समाचार पत्र विक्रेता संघ की बैठक संपन्न


नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

**गोरखपुर अमृत विचार।** समाचार पत्र विक्रेता संघ की बैठक संघ के कार्यालय हुमायुपुर उतरी तरंग रोड पर वार्षिक चुनाव पित्तामबर प्रजापति के अध्यक्षता मे संपंन हुआ। जिसमें संघ अध्यक्ष राम श्रेष्ठ पासवान उर्फ राम सिंह तथा राज कुमार गुप्ता महामंत्री निंविरोध चुना गया। राम श्रेष्ठ पासवान उर्फ राम सिंह अध्यक्ष व उपाधयक्ष लाल जी पासवान महामंत्री राज कुमार गुप्ता कोषाधयक्ष पित्तामबर प्रजापति प्रचार मंत्री दिलीप कुमार संगठन मंत्री मनोज कुमार यादव संतोष पासवान को चुना गया। कार्यकारणी सदस्त श्रवण कुमार दुर्गेश प्रजापति पवन कुमार अमित कुमार विजय कुमार थापा आशीष कुमार गुप्ता सोहन लाल पवन कनौजिया अमित गुप्ता ठाकूर प्रसाद सौरभ जायसवाल संतोष वर्मा उत्तम शाह नृसिह मिश्रा प्रदीप मझवार अशोक जायसवाल विजय पासवान मनीष गुप्ता मनोनित हुए।

### जन्मदिन पार्टी के लिए मोबाइल लूटे, तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस तीन मोबाइल लुटेरो को चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया। जन्मदिन मनाने के लिए मोबाइल लूट करने वाले तीन शातिर मोबाइल लुटेरे को कैंट पुलिस ने चार मोबाइल एक बिना नंबर प्लेट पल्सर के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस लाइन व्हाइट हाउस सभागार में सहायक पुलिस अधीक्षक /सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। पकड़े गए अभियुक्त शुभम गुप्ता (19), दीपू सोनकर (19) और करण सोनकर (20) हैं जो चकरा अव्वल बर्गो अमरूदतानी थाना राजघाट के निवासी हैं। शुभम गुप्ता का 17 फरवरी को जन्मदिन था। जिस पर पार्टी के लिए 16 फरवरी को मोबाइल लूट की तीन घटनाओं को अंजाम दिया था।


गिरफ्तार आरोपी व प्रेस वार्ता में जानकारी देतीं सीओ कैंट अंशिका वर्मा।

### नान इंटरलाकिंग कार्य के चलते संचालन रहेगा परिवर्तित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल अन्तर्गत अनूपपुर-न्यू कटनी जं. के मध्य शहडोल स्टेशन पर तीसरी लाइन की कमीशिनिंग के परिप्रेक्ष्य में प्री-नान इंटरलाकिंग/नान इंटरलाकिंग कार्य किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन किया जायेगा। 29 फरवरी, 4 एवं 7 मार्च को 12535 लखनऊ जं. -रायपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 01, 05 एवं 08 मार्च को 12536 रायपुर-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। जबकि बरौनी से 27 फरवरी से 08 मार्च तक 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट के रास्ते चलाई जायेगी। 28 फरवरी से 09 मार्च तक चलने वाली 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बालाघाट-नैनपुर-जबलपुर-कटनी के रास्ते चलाई जायेगी।

### प्लेटफार्म पर मरम्मत कार्य के चलते संचालन प्रभावित

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के काठगोदाम स्टेशन पर प्लेटफार्म लाइन संख्या 1 एवं 7 के मरम्मत कार्य के परिप्रेक्ष्य में 10 दिनों का ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेट/शार्ट ओरिजनेट किया जायेगा। जिसके चलते इस रूट की ट्रेनों का संचालन 12 मार्च तक प्रभावित रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### छात्राओं ने आकाशवाणी में दी प्रस्तुति

**गोरखपुर, अमृत विचार।** भारत सरकार के विजन 'नया भारत' को ध्यान में रखकर भारतीय रेल पर आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को देखते हुये रेलवे स्टेशनों पर विश्वस्तरीय यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उनके पुनर्विकास का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे के एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल, गोरखपुर की छात्रायें शनिवार को '2047 का विकसित भारत की विकसित रेल' विषय पर आकाशवानी, गोरखपुर में कार्यक्रम की प्रस्तुती दी। जिसमें शांभवी विश्वकर्मा, प्रियांशी गुप्ता, तन्मयी मिश्रा, प्रिया यादव, अंजली शर्मा, मानसी मिश्रा, गौरी गुप्ता एवं शाहिना खातुन ने कविता पाठ, संस्मरण एवं वाक्य कौशल जैसी विविध विधाओं में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इन छात्राओं की इस उपलब्धी पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. बीर जी श्रीवास्तव ने बधाई एवं शुभकामनाए दी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।


आकाशवाणी गोरखपुर में प्रस्तुत देतीं एन.ई. रेलवे हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राएं। अमृत विचार

**कार्यक्रम** — भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रतिवर्ष कर रहे आयोजन, अब तक 19000 कन्याओं को कर चुके दान

# गरीब कन्याओं के विवाह के लिए वितरित किए पीढ़ा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** शोहरतगढ़ कपिया चौराहे पर पूर्व जिला अध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा द्वारा हिंदू कन्या की शादी हेतु पीढ़ा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 481 गरीब कन्याओं के विवाह के लिए पीढ़ा वितरण किया। लालजी त्रिपाठी उर्फ लाल बाबा के अनुसार वह हर वर्ष पीड़ा वितरण का कार्यक्रम करते हैं। अब तक 19 हजार से अधिक पीढ़ा दान कर चुके हैं।

कार्यक्रम में कपिलवस्तु विधायक श्याम धनी राही, पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, जिला प्रभारी हरिचरण कुशवाहा, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, इटवा नगर पंचायत अध्यक्ष विकास जायसवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह बहुत ही पुनीत कार्य है और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। चिल्हिया मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि हिंदू धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लाल बाबा का यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोदी त्रिपाठी, जिला अध्यक्ष प्रधान संघ पवन मिश्रा, राघवेंद्र मिश्र, जितेंद्र चौधरी, पद्माकर बाबा, राधेश्याम त्रिपाठी, गणेश चौरसिया, राम नारायण, राधेश्याम यादव, सत्य प्रकाश राही, राम शंकर यादव, राम प्रकाश मिश्रा, पूर्व मंडल प्रभारी आर्चिष्मान मिश्र सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य ने किया।


गरीब कन्याओं को पीढ़ा वितरण कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

# भरतमुनि की जयंती पर निकाली रंगयात्रा

गोरखपुर

**अमृत विचार।** संस्कार भारती गोरक्ष प्रांत व गोरखपुर थियेटर एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को गोलघर स्थित चेतना तिराहा पर भरतमुनि की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन कर रंगयात्रा निकाली गई। रंगयात्रा में शहर के युवा रंग कर्मियों के साथ साथ पुराने वरिष्ठ रंगकर्मी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) भारत सरकार के सलाहकार सदस्य अवनीश पी शर्मा भी मौजूद रहे। युवा व वरिष्ठ रंगकर्मियों ने गीत प्रस्तुत करते हुए रंग यात्रा निकाली जो इंदिरा बाल बिहार से होते हुए कचहरी चौराहा गोलघर होते हुए पुनः चेतना चौराहे पर आकर समाप्त हुई।

सांस्कृतिक कर्मियों द्वारा यात्रा में शामिल रंग कर्मियों के ऊपर फूल बरसा कर स्वागत किया। यात्रा के दौरान रंग कर्मियों द्वारा भरतमुनि अमर रहे आदि गगनचुंबी नारों के साथ रास्ते भर गीत गवनई करते हुए रंगयात्रा का शोभा बढ़ाते रहें ।

रंगयात्रा समापन पर सलाहकार सदस्य अवनीश पी शर्मा ने कहा कि केवल मनोरंजन के लिए रंगमंच नहीं होता है, रंगमंच हमें बहुत कुछ सिखा जाती है। समाज को एक सूत्र में बांधने की कला है। यह रंगयात्रा कलाकारों के लिए उत्साह व ऊर्जा का माध्यम बनेगा। प्रांतीय अध्यक्ष डा मिथिलेश ने कहा कि यह आयोजन मात्र रंगकर्मियों का ना होकर समस्त साहित्य एवं संस्कृति कर्मियों का रहा है। डा भारत भूषण ने कहा कि नगर में कला और संस्कृति का अनुकूल माहौल भविष्य में बने इस आशा के साथ यह यात्रा निकाली गई है। गोरखपुर थिएटर एसोसिएशन के सचिव मानवेंद्र त्रिपाठी ने कलाकारों को अब लगातार मंच मिल रहा है जिसकी वजह से उन्हें मुंबई यदि दिल्ली पलायन नहीं करना पड़ता। हर वर्ष कम से कम 20 नाटकों का मंचन किया जाता है जिसमें यहां के युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने की मौका मिलता है। यात्रा का संयोजन प्रांतीय सह महामंत्री प्रेम नाथ ने तथा संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी अजीत प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर अशोक महर्षि, आसिफ जहीर , नारायण पाण्डेय, रीना जायसवाल, डा आशीष, अजय आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### तेंदुए के आमद से ग्रामीणों में दहशत

**महाराजगंज तराई, बलरामपुर।** ग्राम पंचायत भंभरी गांव में प्रधान के घर के पास लगे कमरे में तेंदुआ दिखाई पड़ा। ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है। विकासखंड तुलसीपुर के ग्राम भंभरी के ग्राम प्रधान विनय मिश्रा ने बताया कि घर के पास तालाब है। सुबह लगभग 10 बजे तालाब के पास तेंदुआ दिखाई दिया। तेंदुआ कैमरे में भी कैद हुआ है। हल्ला गुहार करने पर तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया। गांव के पास तेंदुए के आमद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्राम प्रधान विनय मिश्रा, अजय यादव, कमल प्रसाद, घिराऊ वर्मा, वीरेंद्र पाल ने तेंदुए को पकड़ने की मांग वन विभाग के अधिकारियों से की है। बरहवा रेंज के रेंजर अमरजीत प्रसाद ने बताया है कि गांव में वन विभाग की टीम भेजकर ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

### संत रविदास जयंती पर आयोजित हुए कार्यक्रम

**संतकबीरनगर।** संत रविदास की 647वीं जयंती की पूर्व संध्या पर अपने संदेश में चेयरमैन प्रतिनिधि रमेश निषाद ने कहा कि संत रविदास जी आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक थे। उन्होंने अपना जीवन आस्था और भक्ति के साथ मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने संत रविदास की जयंती पर सभी देशवासियों, सभी वर्ग और समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र कुमार, रामलौट सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### छात्रों ने विभिन्न पुष्पों का किया अवलोकन

**बलरामपुर।** वनस्पति विज्ञान विभाग के शैक्षिक भ्रमण के तहत विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन के नेतृत्व में तथा डॉ. मोहम्मद अकमल व डॉ. वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में एमएससी बॉटनी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों ने पचमढ़ी मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थानों पांडव गुफा, ईको पॉइंट प्रियदर्शनी, ग्रीन वैली, ऐतिहासिक गुप्त महादेव के साथ साथ राजेंद्र गिरी उद्यान, चंपक झील और आयुर्वेद उद्योग का भ्रमण किया। शैक्षिक भ्रमण की जानकारी देते हुए विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने बताया कि पचमढ़ी को अपनी जैव विविधता के कारण इसे वानस्पति वैज्ञानिकों के स्वर्ग के नाम से जाना जाता है। ऐतिहासिक पांडव गुफा पचमढ़ी में स्थित है जिसका नाता पांडवों के वनवास से है।

# आहार में शामिल करें मोटा अनाज



पुरस्कृत की गई स्वयं सहायता समूहों की बहनों के साथ विधायक। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रति उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाने और मिलेट्स के बने उत्पाद को प्रसारित-प्रचारित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को मिलेट्स रेसिपी व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शेखर मैरिज हॉल बड़गो खलीलाबाद में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चंद्र चौहान और मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। विधायक अनिल त्रिपाठी ने मौजूद लोगों से अपील किया कि वे अपनी थाली में श्री अन्न को स्थान दें।

# प्रवर्तन कार्य में लाएं तेजी : जिलाधिकारी

बलरामपुर



कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम अरविंद सिंह (दाएं)।

**अमृत विचार।** डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में कर करेत्तर व राजस्व वसूली की बैठक आयोजित हुई। बैठक में डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप व पंजीकरण शुल्क विभाग, आबकारी विभाग, विद्युत विभाग, बैंक, परिवहन विभाग, खनन, बाट-माप, मंडी, वानिकी द्वारा वसूले जा रहे राजस्व की विस्तृत समीक्षा की।

वाणिज्य कर विभाग व स्टांप एवं पंजीकरण शुल्क विभाग द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा की राजस्व की कम वसूली पर तहसीलों के सब रजिस्टर का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाए। एआईजी स्टांप को स्टांप शुल्क चोरी के मामलों में तहसीलों से समन्वय बनाते हुए आरसी जारी कराते हुए वसूली की कार्रवाई में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा की संबंधित सभी विभागों के अधिकारी राजस्व वसूली में तेजी लाते हुए शासन द्वारा दिए गए वार्षिक व माह के लक्ष्य के शतप्रतिशत राजस्व प्राप्त करें। प्रवर्तन कार्य में तेजी लाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम,

**दिशा-निर्देश**

वार्षिक व मासिक लक्ष्य का शतप्रतिशत राजस्व प्राप्त हो

तहसीलदार व नायब तहसीलदार को राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाए जाने, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि के भीतर जारी किए जाने, बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए आरसी जारी किए जाने व आरसी तामिला कराते हुए वसूली की कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम प्रदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रमोद कुमार, समस्त एसडीएम, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आखिरकार तैयार न हो सके रेलवे फ्लाईओवर!

## कल प्रधानमंत्री देश के 1500 फ्लाईओवरों और 544 रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

**उदासीनता का नतीजा**

त्रिपाठी मार्केट, तितौवा, भुवरिया में रेलवे फ्लाईओवर व मीरगंज में अंडरपास की मिली थी स्वीकृति



उद्घाटन के लिए रेलवे स्टेशन की शुरू हुई साफ-सफाई। अमृत विचार

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** जनपद मुख्यालय को दो हिस्सों में बांटने वाली रेलवे लाइन के त्रिपाठी मार्केट और तितौवा रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर निर्माण का मामला खटाई में पड़ता दिख रहा है। क्षेत्रीय सांसद ई. प्रवीण निषाद की जिले में विकास के प्रति उदासीनता और धरातल पर उनकी गैर मौजूदगी के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में संतकबीरनगर जिले को कोई स्थान नहीं मिल सका है।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 फरवरी को देश के 544 रेलवे स्टेशनों के कायाकल्प और 1500 रेलवे फ्लाईओवरों और अण्डरपासों का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन और शिलान्यास करने वाले हैं। जनपद वासियों को लग रहा था कि इन दोनों रेलवे फाटकों के बहु प्रतीक्षित फ्लाईओवरों का शिलान्यास भी आज ही हो जाएगा। लेकिन क्षेत्रीय सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों की लापरवाही और उदासीनता के चलते फ्लाईओवर निर्माण खटाई में पड़ता दिख रहा है। बेहद गंभीर बात तो यह है कि पिछले कई दशकों से प्रस्तावित खलीलाबाद-बलरामपुर रेलवे लाइन और खलीलाबाद रेलवे स्टेशन को जंक्शन बनाने का मामला भी ठंडे बस्ते में चला गया है। प्रधानमंत्री मोदी के हाथों आज इस बड़े प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास सम्भव नहीं हो सकेगा। हालांकि इस रेलवे लाइन के निर्माण की धनराशि जारी हो चुकी है। जिला प्रशासन बड़ी तेजी से जमीनों के अधिग्रहण में जुटा है, लेकर अभी तमाम जमीनों की रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। जिसके चलते इस बड़े प्रोजेक्ट का भी शिलान्यास सम्भव नहीं है।

### 34 जोड़ी मेल और दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का होता है ठहराव

स्टेशन अधीक्षक खलीलाबाद ए.के. गौड़ ने बताया कि खलीलाबाद रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन 34 जोड़ी एक्सप्रेस और दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनों का ठहराव होता है। इन ट्रेनों पर यहां से हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। सुविधाएं बढ़ने से यात्रियों को ट्रेनें पकड़ने और ट्रेनों की प्रतीक्षा करने में सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन के कायाकल्प का कार्य अगले कई महीनों में पूर्ण होगा, लेकिन प्रोजेक्ट का उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों वर्चुअल तरीके से सम्पन्न हो जाएगा। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो की तरफ से भी भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण ओर शहर वासियों की सुविधा के लिए खूबसूरत पार्क का भी निर्माण प्रस्तावित है। साथ ही त्रिपाठी मार्केट और तितौवा रेलवे क्रासिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण भी रेलवे स्टेशन के कायाकल्प योजना में शामिल है। उन्होंने कल आयोजन रेलवे स्टेशन उद्घाटन समारोह की सफलता के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं और आम जनता से आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

**9 करोड़ 99 लाख से खलीलाबाद रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प**

अमृत भारत योजना के तहत खलीलाबाद रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए रेल मंत्रालय ने 9 करोड़ 99 लाख रुपए स्वीकृत किया है। इन पैसों से रेलवे स्टेशन का भव्य प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, स्थानीय कला और संस्कृति को शामिल कर स्टेशन का सुंदरीकरण, प्लेटफार्म का अपग्रेडेशन, परिसर में उत्तम लाइटिंग, कोच गाइडेंस सिस्टम, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, डिजिटल घड़ियां, यात्री उद्घोषणा प्रणाली, सोलर प्वाइंट, वाटर कूलर, एयर कंडीशनर, यात्री सुविधाओं के लिए ग्लोसाइन बोर्ड, एलईडी स्टेशन नाम पट्टिकाएं, यात्री प्रतीक्षालय, अत्याधुनिक शौचालयों का निर्माण के साथ ही 12 फीट चौंडे उपरगामी पुल का निर्माण कराया जाएगा। इनमें से दोनों प्लेटफार्म की तरफ लिफ्ट लगा दी गई है। स्टेशन परिसर में तमाम कार्य तेज गति से जारी हैं। प्लेटफार्म की सीढ़ियों पर रंग बिरंगी खूबसूरत टाइल्स लगाए जा रहे हैं। लिफ्ट लगाने का काम पूर्ण हो चुका है। पुराने शेड हटाकर नए शेए लगाए जा रहे हैं। कूड़ा रखने के लिए खूबसूरत कूड़ेदान, और पेयजल की उत्तम ब्यवस्था कराई जा रही है। बताते चलें कि रेलवे स्टेशन पर लगे वाटर एटीएम संचालित करने वाली एजेंसी का अनुबंध समाप्त हो जाने से वाटर एटीएम बंद पड़ा है। नया अनुबंध होते ही यात्रियों को वाटर एटीएम से पीने का शुद्ध पानी मिलने लगेगा।

# चौपाल से युवा मतदाताओं को दी जाएगी जानकारी



भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** 25 फरवरी से दो मार्च तक 22 मंडलों में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से युवा चौपाल का आयोजन किया जाएगा। युवा चौपाल में युवा मतदाताओं को सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। योजना से वंचित होने वाले लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ युवा मोर्चा के पदाधिकारी दिलाने का प्रयास करेंगे। यह बातें अवध क्षेत्र के सोशल मीडिया के जिला प्रभारी व युवा चौपाल के जिला प्रवासी शिवम सिंह ने प्रेस वार्ता में कही।

जिलाध्यक्ष संदीप वर्मा ने कहा कि 2047 तक आजादी के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। युवा मोर्चा देश के विकसित होने में अपनी पूरी भूमिका निभाएगा। युवा मोर्चा लक्ष्य बनाकर युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करेगा। युवा चौपाल के माध्यम से गांव से जुड़ी समस्याओं को जानने का प्रयास व ग्रामीणों से सुझाव भी लेगा। जिसको सरकार के घोषणा पत्र में शामिल कराए जाने की भी पहल युवा मोर्चा करेगा। इस अवसर पर सोशल मीडिया के जिला प्रभारी अभिषेक सिंह, सोशल मीडिया सह संयोजक युवा मोर्चा यश अग्रवाल, युवा मार्चा महामंत्री अक्षय शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता पर हत्या का आरोप, सड़क जाम

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मेंहदावल थानाक्षेत्र के तुलसीपुर वार्ड निवासी उत्तरा निषाद तुलसीपुर वार्ड से सभासद हैं। उसी वार्ड के गंगाराम निषाद पूर्व प्रधान रह चुके हैं। वर्तमान में गंगाराम निषाद भाजपा पश्चिम मंडल के अध्यक्ष हैं। बीते 25 जनवरी को नगर पंचायत के द्वारा अलाव के लिए लकड़ी गिराई जा रही थी।

इस दौरान मोहल्ले के सभासद उत्तरा निषाद के भाई देवव्रत के साथ भाजपा नेता गंगाराम निषाद ने बुरा व्यवहार किया था। इस बारे में देवव्रत के पिता रामानंद साहनी ने जब गंगाराम निषाद से कारण पूछा तो गंगाराम निषाद और उनके समर्थकों ने उनके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे रामानंद साहनी बुरी तरीके से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें उपचार के लिए मेहदावल सीएचसी ले गए। मौजूद डाक्टरों ने उनकी गम्भीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया था। बीआरडी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान शुक्रवार को दोपहर उनकी मौत हो गई। शनिवार की सुबह गैर इरादातन हत्या का मुकदमा



आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों को समझाते एएसपी शशि शेखर सिंह। अमृत विचार

न दर्ज होने पर और अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण परिजन, सभासद, उनके समर्थक और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नहीं किये जाने तक मृतक के शव का अंतिम संस्कार नहीं करने की घोषणा कर दिया। परिजनों ने भारी भीड़ के साथ मेंहदावल-खलीलाबाद मार्ग को लगभग दस बजे के करीब जाम कर दिया। अधिकारियों ने जब परिजनों को अभियुक्तों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज होने और दो अभियुक्तों के गिरफ्तारी की जानकारी दिया तब जाकर परिजनों का आक्रोश कम हुआ।

प्रदर्शन की खुफिया सूचना पुलिस को समय रहते मिल गई थी। महिला सभासद के पिता की हत्या का मामला था, प्रदर्शन में महिलाओं की भारी मौजूदगी के बावजूद एक भी महिला पुलिस कर्मी को नहीं लगाया गया था। जब मामला अनियंत्रित हो गया तो लगभग 10 बजे पहली महिला पुलिस कर्मी प्रदर्शन स्थल पर पहुंची।

### एसओ मेंहदावल को लेकर ईंट से मारने की हुई कोशिश

जब परिजन रामानंद निषाद के शव को लेकर सड़क जाम करने जा रहे थे, तो एसओ मेंहदावल रोकने लगे और एक परिजनों को ऐसा न करने के लिए कहने लगे। आक्रोशित महिलाओं ने ईंट लेकर एसओ के ऊपर हमला करने की कोशिश किया। हालांकि वहां मौजूद पुलिस कर्मी ब्रजेश सिंह व अमित सिंह ने बीच बचाव किया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र लोगों के सामने हाथ जोड़कर मनुहार करते रहे। अधिकारियों के काफी प्रयास के बाद परिजन मृतक के अंतिम संस्कार के लिए राजी हो गए।

**आक्रोश**

पांच घंटे की मशक्कत के बाद प्रशासन ने कराया अंतिम संस्कार

"आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा बढ़ाई है। शान्तिपूर्ण ढंग से मृतक के शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगा दी गई हैं। शीघ्र ही सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।"
–सत्यजीत गुप्ता, पुलिस अधीक्षक

**जिम्मेदारों ने हर जगह बरती लापरवाही**

इस मामले में मेंहदावल पुलिस ने हर कदम पर लापरवाही बरती। लोकल इंटेलिजेंस यूनिट ने शुक्रवार की देर शाम इसकी सूचना मेंहदावल एसओ आरके मिश्र व सीओ को दी थी। लेकिन उसके बाद एसओ ने यह कर बात को टाल दिया कि कौन सड़क जाम करेगा, किसी की हिम्मत नहीं है।

**आयोजन** नवदंपत्तियों को बर्तन जेवर कपड़ा, कंबल, ब्रीफकेस, डिनर सेट व मोबाइल फोन प्रदान किया गया

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 111 नव दंपतियों ने लिए सात फेरे



विकास खण्ड उतरौला परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह में मौजूद नवविवाहित जोड़े। अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** वैदिक ऋचाएं व कुरान की आयतें एक ही पंडाल में साथ-साथ गूंजी। शनिवार को विकास खंड उतरौला के परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के मांगलिक कार्यक्रम के दौरान रेहरा के 47, गैंड़ास बुजुर्ग के 12, उतरौला विकास खंड के 52 समेत कुल 111 नव दंपतियों ने एक साथ रहने व जीने-मरने की प्रतिज्ञा की। जिसमें 12 मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ। बाजे-गाजे के साथ सभी नव दंपति जोड़ों को मंडप तक लाकर उनका पाणिग्रहण कराया गया।

नवदंपत्तियों को बर्तन जेवर कपड़ा, कंबल, ब्रीफकेस, डिनर सेट व मोबाइल फोन प्रदान किया गया। विधायक प्रतिनिधि व पत्नी सुनीता वर्मा ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रमाण पत्र व उपहार दिया।

प्रमुख प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, नगर पालिकाध्यक्षा प्रतिनिधि अनूप गुप्ता, बीडीओ संजय कुमार, ब्लॉक प्रमुख उतरौला प्रतिनिधि महिपाल चौधरी, जसवंत वर्मा, ज्ञानेंद्र वर्मा मौजूद रहे। वर-वधू पक्ष के स्वजनों व मेहमानों के लिए जलपान व भोजन की व्यवस्था परिसर में ही कराई गई थी। कार्यक्रम के प्रभारी जेई राम सनेही भारती, जयप्रकाश चैरसिया व मनीष कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### सांस्कृतिक गतिविधियों में बेटियों को आगे बढ़ाना जरूरी : संजीव

**बलरामपुर।** विकास भवन सभागार में जिला प्रोबेशन विभाग से आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पेंटिंग व रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीडीओ संजीव मौर्य ने कहा कि शासन का मुख्य उद्देश्य बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इसी के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित करके बेटियों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने के लिए निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने परिषदीय बच्चों द्वारा बनाए गए रंगोली व पेंटिंग प्रतियोगिता की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी। विद्यालय प्रधानाध्यापिका कुसुम कुमारी ने जिला मुख्य विकास अधिकारी से विद्यालय आने के लिए आमंत्रित किया।

## सार-संक्षेप

### डीजल पंप सेट पाकर 464 किसानों के खिले चेहरे



किसानों में डीजल पंप वितरित करते सदर विधायक। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** मनियरा स्थित आनंद रिजॉर्ट पर शनिवार को मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अंतर्गत डीजल पंप सेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सदर विधायक अंकुर तिवारी और मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी ने पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर जिले के 464 लघु व सीमांत किसानों को सिंचाई कार्य के लिए डीजल पंप सेट का वितरण किया। वहीं, डीजल पंप सेट पाकर किसानों के चेहरे पर खुशियां छा गईं। पंपसेट वितरण कार्यक्रम संबोधित करते हुए सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि बिना किसी भेदभाव के लाभार्थियों को केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी ने कहा कि सरकार गरीबों, पिछड़ों और वंचितों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। इस मौके पर विधायक अंकुर राज तिवारी और अनिल त्रिपाठी के साथ जिला विकास अधिकारी एसके केसरवानी ने लाभार्थियों में प्रमाण पत्र भी वितरित किया। इस मौके पर मंटू राय, हरि बक्श सिंह, बागेश तिवारी, अधिशासी अभियंता सुभाष चंद्र, सहायक अभियंता राजेश यादव, अवर अभियंता संघ के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार कनौजिया आदि उपस्थित रहे।

### मस्ती की पाठशाला में एमएलके के छात्रों ने किया प्रतिभाग

**बलरामपुर।** एमएलके पीजी कॉलेज के बीएड विभाग के छात्रों ने प्रयागराज में आयोजित दो दिवसीय मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम में छात्रों की उपलब्धि पर प्राचार्य सहित कई शिक्षकों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रयागराज के सदनलाल सनवलदास खन्ना महाविद्यालय द्वारा बीएड के छात्रों के लिए 22 व 23 फरवरी को मस्ती की पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के मोहित सिंह ने वाद-विवाद में तृतीय, छड़िकाये कार्यक्रम में आकांक्षा वर्मा ने द्वितीय व समूह लोकनृत्य में कल्पना पाण्डेय की टीम को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा पुरस्कार प्राप्त करने पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जेपी पाण्डेय सहित विभागाध्यक्ष प्रो राघवेंद्र सिंह ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### वित्तीय वर्ष की मूल बजट को लेकर जिपं अध्यक्ष ने की बैठक

**बलरामपुर।** जिला पंचायत की विशेष बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला पंचायत बलरामपुर के कम्युनिटी सेंटर सभागार में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, सांसद व विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि, क्षेत्र पंचायत प्रमुखगण व जिला पंचायत सदस्यों की उपस्थिति में बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। जिला पंचायत की विगत बैठक के कार्यवाही की पुष्टि की गई। जिला पंचायत की पुर्नरक्षित आय व्ययक वर्ष 2023 24 में 52,69,79,027 रूपये आय के सापेक्ष 45,53,94,566 रूपये व्यय का प्राविधान किया गया है व आगामी वर्ष हेतु 3,15,84,466 रूपये बचत का प्राविधान किया गया है। तथा मूल बजट आय व्ययक वर्ष 2024 25 में 38,85,34,461 रूपये आय के सापेक्ष 35,19,34,784 रूपये व्यय का प्राविधान किया गया है। आगामी वर्ष हेतु 3,65,99,677 रूपये बचत का प्राविधान किया गया है।

### बयारा में ट्यूबवेल लगाने के विवाद का हुआ पटाक्षेप

**मगहर, संतकबीरनगर।** विकास खण्ड खलीलाबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बयारा में नई ट्यूबवेल लगाने के स्थान को लेकर विवाद अब खत्म होता दिख रहा है। जिला प्रशासन ने ग्रामीणों के विरोध के कारण ट्यूबेल को दूसरी जगह पर लगाने का निर्णय लिया। शुक्रवार को बयारा ग्राम पंचायत के मोहनबरा में नई ट्यूबेल को लगाने के लिए सिंचाई विभाग ने बोरिंग मशीन को भेज दिया है और शीघ्र ही कार्य शुरू हो जाएगा। भाकियू भानू गुट के राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों व संगठन के लोगों ने जिला प्रशासन, सिंचाई विभाग व क्षेत्रीय सांसद ई. प्रवीण निषाद से मिल कर ट्यूबेल को उसी ग्राम सभा के दूसरे गांव मोहनबरा में लगाने के लिए मांग किया था। मामले को लेकर ग्राम प्रधान व ग्रामीण आमने सामने हो गये थे। मामले की गम्भीरता को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा बयारा में बोरिंग का कार्य रोक दिया गया। साथ ही दूसरे स्थान पर इसी ग्राम पंचायत के मोहनबरा गांव में ट्यूबेल को लगवाने का निर्णय लेते हुए सिंचाई विभाग को निर्देशित किया भी किया। उसी क्रम में शुक्रवार को सिंचाई विभाग मोहनबरा गांव में बोरिंग करने वाली मशीन को भेज कर कार्य को शीघ्र शुरू कराने की तैयारी में लग गया है। भाकियू भानू के राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों और क्षेत्रीय सांसद ई. प्रवीण निषाद के सहयोग से जिला प्रशासन को अपना निर्णय व स्थान परिवर्तन करना पड़ा।

### वातावरण में नई चेतना पैदा करता है वसंत : डॉ. सोनी सिंह



वसंतोत्सव मनातीं इनर व्हील की पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** इनर व्हील संतकबीरनगर की पदाधिकारियों ने शनिवार को श्रद्धा भाव के साथ धूम धाम से वसंतोत्सव का पर्व मनाया। पीले परिधानों में इनर व्हील की पदाधिकारियों ने भजन कीर्तन के बीच केक काटकर धूम धाम से वसंतोत्सव मनाया और सभी को शुभकामनाएं दिया। मौजूद पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए लोकप्रिय समाजसेवी और चिकित्सक डॉ. सोनी सिंह ने कहा कि वसंत का पर्व आते ही मौसम सुगंधित और बेहद सुहाना हो जाता है। पेड़ पौधे नए पत्ते धारण कर लेते हैं और फूल खिल उठते हैं। जिसके चलते वातावरण में नई ताजगी पैदा हो जाती है। इस दौरान उन्होंने मौजूद सभी लोगों को उपहार प्रदान कर सभी के सुखद भविष्य की कामना किया। इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष सरिता जैन ने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को वसंतोत्सव की शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर क्लब की सचिव ऋतु जैन, मीनू जैन, परमजीत कौर, उर्मिला श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, सरिता सिंह, श्वेता जैन, सुधा रूंगटा, लीना चिरानिया, ममता श्रीवास्तव, चित्रा श्रीवास्तव, श्वेता पाण्डेय, प्रियंका पाण्डेय, रवनीत कौर सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित होकर वसंत पर्व को धूमधाम से मनाया।

## एक नजर

### एएनटीएफ ने नशे के 31 कारोबारियों को दबोचा

अमृत विचार, लखनऊ : एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने 2024 में अब तक प्रदेश-भर के नशे के 14 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमें दर्ज कर 31 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि 13 वांछितों की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। इनके पास से 1594.97 किलो. मादक पदार्थ बरामद किया गया है। इसकी कीमत 14 करोड़ 63 लाख है। एएनटीएफ आईजी अब्दुल हमीद ने बताया कि इन आरोपियों के पास से 18,066 रुपये नगद, आठ दो पहिया, चार पहिया वाहन 4 और 2 ट्रक बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में अवैध नशे के सौदागरों के कब्जे से 5.31 किलो. मार्फिन, 21.33 किलो. हेरोइन (स्मैक), 115.80 किलो. चरस, 47.35 किलो. अफीम, 6155.87 किलो. (डोडा पोस्ता तृण), 5647.341 किलो. गांजा, 32 दो पहिया, 41 चार पहिया वाहन और 15 ट्रक बरामद किए गए हैं।

# नौकरी देने की नियत ही नहीं थी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**सिपाही भर्ती परीक्षा निरस्त होने पर अखिलेश ने सरकार पर साधा निशाना**

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने के मामले को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश ने कहा सरकार की नौकरी देने की नियत ही नहीं थी। सुरक्षा का दावा करने वाली सरकार इतनी लापरवाह निकली जिसकी वजह से पेपर लीक हुआ है। अगर इनकी नियत साफ होती तो, जिस समय पहला पेपर लीक हुआ था उसी समय सख्ती से कार्रवाई होती तो, इस तरह आज करोड़ों परिवार प्रभावित न होता।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया है, यूपी पुलिस आरक्षी परीक्षा का निरस्त होना युवाओं की जीत है और भाजपा सरकार के प्रपंचों की हार। पहले तो भाजपाई कह रहे थे पेपर लीक ही नहीं हुए तो अब कैसे मान लिया। इसका मतलब अधिकारी और अपराधी मिले हुए थे और सरकार भी पीछे से अपना हाथ उनके सिर पर रखे हुई थी लेकिन तमाम सबूतों के आगे चुनाव में ऐतिहासिक हार से बचने के लिए सरकार झुकने पर मजबूर हुई है। भाजपा सरकार नौकरियों के नाम पर जो खेल बेरोजगार युवक-युवतियों से खेल रही है, उसका सच अब सब समझने लगे हैं।दिखावे के लिए नौकरियां निकालना, अरबों रुपये की फीस ले लेना, पेपर लीक होने देना फिर निरस्त करने का नाटक करना..., ये खेल भाजपा को इस बार बहुत महंगा पड़ेगा। इस बार युवाओं ने ठान लिया है कि न बहकावे में आएंगे न किसी भाजपाई झांसे में। युवा अगले हर चुनाव में भाजपा को बुरी तरह हराएंगे और हमेशा के लिए हटाएंगे।

युवा कह रहे हैं कि फीस के नाम पर जो पैसा लिया गया है कहीं वो भाजपा का चुनावी फंड न बन जाए, इसीलिए अभ्यर्थियों का फार्म जमा रहे लेकिन भाजपा सरकार फीस का पैसा अभी लौटाए और जब कभी दुबारा परीक्षा हो तो ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट से तुरंत फिर से फीस ले ले।

## अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के निर्णय पर जाहिर की खुशी

**अमृत विचार, लखनऊः** पुलिस भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री द्वारा शनिवार को परीक्षा निरस्त करने फैसले पर अभ्यर्थियों ने खुशी जाहिर की। सोशल मीडिया पर भी छात्रों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सीएम योगी के समर्थन में दर्जनों हैशटैग वायरल होने लगे। इनमें #YogiWithYouth ट्रेंड लिस्ट में टॉप पर आ गया। लखनऊ में एक छात्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लाखों छात्रों की बात को सुना है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं। हमारी मांग है कि 6 महीने में सरकार न सिर्फ पारदर्शी तरीके से पुनः परीक्षा आयोजित करे, बल्कि पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा भी दिलाए।

# पेपर लीक नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम: कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को दिया जाए मुआवजाः अंशू**

**अमृत विचारः** प्रदेश कांग्रेस ने सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार का नकल माफिया को संरक्षण का परिणाम है।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी प्रदेश में भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिर्फ मंचों से भाषणों में नकल को रोकने की बात करते रहे। प्रदेश के 50 लाख परिवारों ने अपने पेट काट-काट कर अपने बच्चों को परीक्षा की तैयारी कराई, अपनी आजीविका से पैसे बचाकर कोचिंग कराई, नौजवान सुबह चार बजे उठकर दौड़ लगा रहे थे कि उनको नौकरी मिलेगी, लेकिन प्रदेश सरकार ने नौकरी देने के बजाय प्रदेश में नकल माफिया के राज को बढ़ावा दिया, इसलिए प्रदेश में अधिकांश भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गए। उन्होंने कहा कि भर्ती परीक्षा में शामिल नौजवानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाए, क्योंकि परीक्षा रद होने के कारण उनकी कई प्रकार से क्षति हुई है।

## जातिवादी लोगों से सावधान रहने की जरूरतः मायावती

**अमृत विचार, लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि बहुजन समाज को जातिवादी ताकतों से सावधान रहने की जरूरत है। संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए बसपा प्रमुख ने उनके उपदेशों को अपनाकर जीवन संवारने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि बसपा शासनकाल में भदोही जिले का नाम बदलकर संत रविदासनगर रखा गया, पर तत्कालनीन सपा सरकार ने जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया, पर प्रदेश की भाजपा सरकार ने नाम बहाल नहीं है। यह साबित करता है कि दोनों पार्टियों की सोच एक जैसी जातिवादी है। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपना सारा जीवन इंसानियत का संदेश देने में गुजारा।

# 58 जिलों से रिपोर्ट तलब, एक घंटे पहले वायरल हुई उत्तरकुंजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उत्तरकुंजी व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर की गई थी वायरल
- अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों से सामने आई सच्चाई

**अमृत विचारः** समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद को लेकर यूपीपीएससी ने 58 जिलों के नोडल अफसरों से परीक्षा केंद्रों को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

सूत्रों के अनुसार अभ्यर्थियों की ओर से उपलब्ध कराए गए साक्ष्य से सामने आया है कि दोनों पालियों के प्रश्नपत्रों की उत्तरकुंजी परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल की गई।

प्रथम प्रश्नपत्र की जो उत्तरकुंजी वायरल की गई, उसमें आधे सवालों के वैकल्पिक जवाब सही और आधे गलत हैं। जबकि दूसरी पाली में हिंदी के प्रश्नपत्र में केवल 28 सवालों के वैकल्पिक उत्तर सही हैं और बाकी सवालों के जवाब गलत हैं। सूत्रों के अनुसार अब तक हुई जांच में सामने आए इन तथ्यों के आधार पर माना जा रहा है कि पेपर आउट हुआ होता तो, यह परीक्षा केंद्र के स्तर से हो सकता है।

### धांधली को लेकर छात्रों में आक्रोश जारी

यूपीपीएससी की समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा में धांधली और पेपर लीक का आरोप लगाते हुए हजारों छात्र प्रयागराज में आयोग के गेट पर शुक्रवार से ही आंदोलित है।

# लोकसभा चुनावः प्रदेश में अर्धसैनिक बल की 230 कंपनी होंगी तैनात

## उप्र पुलिस की ओर से अंतिम दौर में है चुनाव को लेकर सुरक्षा तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- डीजीपी ने पुलिस कप्तानों को चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का दिया निर्देश

**अमृत विचारः** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की अगले माह तारीख घोषित किए जाने की संभावना को देखते हुए पुलिस महकमा सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। डीजीपी मुख्यालय इस माह के अंत तक सुरक्षा तैयारी को मुकाम देने में जोर-शोर से लगा हुआ है। सुरक्षा इंतजाम को लेकर फिलहाल जो खांका तैयार किया गया है, उसके हिसाब से उप्र के लिए 230 कंपनी अर्धसैनिक बलों की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र सरकार से मांग की जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को कानून-व्यवस्था की समीक्षा के दौरान सभी पुलिस कप्तानों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश जारी किया। दरअसल, इस माह आखिरी में केंद्रीय चुनाव आयोग की टीम भी आने वाली हैं। वह जिला पुलिस के प्रमुखो और वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक करेगी और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा-व्यवस्था के मसले पर समीक्षा करेगी। लिहाजा डीजीपी कार्यालय पुलिस बल की तैनाती को लेकर अपनी तैयारी कर रहा है। पुलिस मुख्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक चुनाव में करीब दो लाख पुलिसकर्मियों की तैनाती का खांका तैयार किया गया है।

## राजधानी में 129 स्थानों पर ठहरेंगे जवान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ पुलिस ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। शनिवार को जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने मातहतों के संग बैठक कर निर्देशित किया। कहा शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिये फोर्स के ठहरने के लिये 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। कहा इन स्थानों पर बिजली, पानी, शौचालय, रास्ते व अन्य मूलभूत सुविधाएं संबंधित विभाग के अफसरों से समन्वय कर मुकम्मल करायें।

जेसीपी ने दोपहर एक बजे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहा कि मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये अभी से कमर कस लें। मतदान केंद्रों पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल, पीएसी, समेत अन्य फोर्स रहेगा। ऐसे में इनके रात्रि विश्राम के लिये विद्यालय, स्कूल और धर्मशाला समेत 129 स्थान चिन्हित किये गये हैं। इन स्थानों पर पानी, शौचालय, स्नानागार, बिजली की समुचित व्यवस्था की जाये। इसके लिये पुलिस अफसर संबंधित विभागों के अफसरों से समन्वय स्थापित कर इन सुविधाओं को मुकम्मल करायें। खराब रास्तों की मरम्मत करायें। इसके साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर उचित कार्रवाई करें।

# यूपी बोर्ड परीक्षाः शासन स्तर से जांचे गए सात हजार परीक्षा केंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की नकल विहीन परीक्षा कराने को लेकर शनिवार को हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा नहीं होने के बावजूद भी बोर्ड मुख्यालय से प्रदेश भर के जिला विद्यालय निरीक्षकों के ऑनलाइन बैठक हुई। बाराबंकी के राजकीय इंटर कालेज में केंद्र व्यवस्थापक की नियुक्ति की एक शिकायत मिलने पर शासन ने तत्काल संज्ञान में लिया है। कंमाड सेंटर से अब सात हजार परीक्षा केंद्रों की मॉनीटिरिंग की जा चुकी है। वहीं सौ से अधिक परीक्षा केंद्रों की कमियों को कंट्रोल रूम ने सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से पकड़ा और कमियों को दूर कराया।

यूपी बोर्ड के सचिव दिब्यकांत शुक्ला के अनुसार कुछ परीक्षा केंद्रों में स्ट्रांग रूम पर सुरक्षा कर्मियों की लापरवाही दिखी। इसे दूर करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षा केंद्रों की साफ सफाई सही तरीके से हो इसके लिए सख्ती से कहा गया। बोर्ड सचिव ने गूगल मीट में बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### जिलों में गठित है विशेष निगरानी दस्ता

बोर्ड के सचिव ने बताया कि परीक्षा केंद्रों में प्रश्नपत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिलों में विशेष जांच दस्ता गठित किया गया है। इस दस्तें के अफसरों का नाम गोपनीय रखा गया है। यह दस्ता किसी भी समय परीक्षा केंद्रों पर जांच के लिए पहुंचने के लिए अधिकृत है। हालांकि जांच के लिए जाने के पहले जिलाविद्यालय निरीक्षक को इसकी जानकारी दी जाएगी।



शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

### छह डिप्टी एसपी का हुआ स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र शासन ने शनिवार को छह पीपीएस अफसरों का तबादला किया है। 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर के सहायक सेनानायक संजय कुमार सिंह को एडीजी जोन गोरखपुर का स्टाफ अफसर बनाया गया है, जबकि राकेश प्रताप सिंह को पीएसी लखनऊ से एडीजी जोन लखनऊ का स्टाफ अफसर और परमानंद पाण्डेय को पीएसी मिर्जापुर से एडीजी जोन वाराणसी का स्टाफ अफसर के पद पर तैनाती दी गई है। ओजस्वी चावला को डिप्टी एसपी एसटीएफ से एडीजी जोन आगरा का स्टाफ अफसर, कुशल पाल सिंह पीएसी प्रयागराज से एडीजी जोन प्रयागराज का स्टाफ अफसर तथा सूक्ष्म प्रकाश को एलआईयू कानपुर नगर से एडीजी जोन मेरठ का स्टाफ अफसर बनाया गया है।

# सपा ने अपने विधायकों को समझाया वोट देने का तरीका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव को लेकर शनिवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी विधायकों को वोट देने का तरीका बताया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की उपस्थिति में प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर राम गोपाल यादव ने मतदान की बारीकियां समझायीं। 25 फरवरी को विधायकों को डमी मत्र पत्र के जरिये मतदान का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस बीच, समर्थन जुटाने के लिए सपा प्रमुख जनसत्ता पार्टी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री राजा भैया से मुलाकात की।

राज्यसभा की 10 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के आठ व सपा के तीन प्रत्याशी शामिल हैं। सपा प्रमुख की ओर से बुलाई गई बैठक में दो महिला समेत चार विधायक नहीं पहुंचे। इस मौके पर सपा प्रमुख ने सभी विधायकों को एकजुट होकर मतदान करने का निर्देश दिया।

# आकांक्षी नगर योजना पोर्टल शुरू, गाइड लाइन जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर प्रदेश के 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री अर्बन फेलोशिप योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों का शनिवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया। इसका उद्घाटन नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने किया। साथ ही आकांक्षी नगर योजना पोर्टल की शुरुआत की और योजना से संबंधित गाइडलाइंस भी जारी की।

नगरीय निकाय निदेशालय में आयोजित समारोह में मंत्री ने चयनित सीएम फेलोज को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि आकांक्षी नगर योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के 100 निकायों को आकांक्षी नगर के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत इन नगरों में बुनियादी ढांचे का विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार और रोजगार के अवसरों का सृजन किया जाएगा। उन्होंने फेलोज से आग्रह किया कि वे इस योजना को सफल बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

### 38 जिलों के 100 नगरीय निकाय आकांक्षात्मक श्रेणी में

ये फेलोज 20 हजार से 1 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में निर्धारित 32 इंडिकेटर्स के माध्यम से न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे, बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। राज्य सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

# छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

- लोहे की रॉड से छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर किया प्रहार

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार।** घर में सो रहे छोटे भाई ने बड़े भाई को लोहे की रॉड से सिर पर हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पूरा मामला कैंट थाना अंतर्गत अशोक नगर मोहल्ले में शनिवार भोर का है।

जानकारी के मुताबिक कैंट थाना क्षेत्र के अशोकनगर निवासी संदीप मिश्रा के दो बेटे है। बड़ा बेटा शिवम मिश्र (26) और छोटा बेटा सत्यम मिश्र (22) है। शिवम मिश्र एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र है। छोटा बेटा सत्यम एम कॉम कर रहा है। शनिवार की भोर में घर दो अंदर छोटे बेटे सत्यम ने अपने बड़े भाई शिवम के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे उसकी तत्काल मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सत्यम को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी सुनील कनौजिया ने बताया कि आरोपी सत्यम को लगता था कि बड़ा भाई शिवम उससे ईर्ष्या रखने के साथ पसंद नही करता था। घरवाले भी उसे प्यार नहीं करते थे। इसलिए उसने ऐसा कदम उठाया।

### मधुमक्खियों के हमले से कई घायल

रायबरेली, अमृत विचार। शहर के मढ़ी देवी मंदिर में उस वक्त भगदड़ मच गई, जब अचानक मधुमक्खियों ने श्रद्धालुओं पर हमला कर दिया। पूजन-अर्चन कर रहे लोग इधर-उधर भागने लगे। इसमें कई लोग घायल हो गए।

## ताना मारने पर बड़े भाई को पीटकर मार डाला

कार्यालय संवाददाता बाराबंकी

- जहांगीराबाद थाना अंतर्गत पलिया मसूदपुर में हुई वारदात, नशे में धुत थे दोनों भाई, आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार। जहांगीराबाद थाना अंतर्गत पलिया मसूदपुर में युवक ने छोटे भाई को ताना मारा तो उसने बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला। घटना से पूरे गांव में दहशत जैसी स्थिति है। परिवार में कोहराम मच गया। घटना शनिवार दोपहर की है। बताया जाता है कि घटना के वक्त दोनों भाई नशे की हालत में थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पलिया मसूदपुर निवासी स्व. ढोढे बक्सोर के 8 बेटे-बेटियां हैं जिसमें से तीन बेटियों और एक बेटे की शादी हो चुकी है। तीसरे नंबर की बेटी पूनम ने बताया कि उसके भाई राहुल (25) ने अपने सबसे छोटे भाई रचित (20) से दो दिन पहले कहा था कि बिना काम के दिनभर घूमते हो, जेल से छुड़ाने में तमाम पैसा लगा है, अब कोई काम कर पैसा कमा कर दो। बस इतनी सी बात पर शनिवार को रचित ने राहुल पर हमला कर दिया। पीट-पीट कर उसे मार डाला। पूनम के मुताबिक, हत्यारोपी रचित रेप के मामले में 18 माह जेल में रहकर 6 माह पूर्व ही बाहर आया है। जेल से छूटने के दो माह बाद ही उसने राहुल का का दाहिना हाथ हमला कर तोड़ दिया था। बहन के मुताबिक, इसी भाई ने रचित को रुपये देकर जेल से बाहर निकाला था।

# हमारे परिवार को जान का खतरा : जया पाल

संवाददाता, प्रयागराज

- उमेश की पहली बरसी में जुटे भाजपा नेता और सामाजिक संगठन के लोग

**अमृत विचार।** अगर सरकार ने सहारा दिया तो उमेश के सपनों को जरूर पूरा करूंगी। स्वर्गीय उमेश पाल की पहली बरसी पर सुलेम सराय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्नी जया पाल ने खुले मंच से यह बात कही। 24 फरवरी 2023 को बहुत चर्चित उमेशपाल हत्याकांड और दो सरकारी गनर की हत्या के एक साल पूरे होने पर पुरानी यादें एक बार फिर ताजा हो गई। शनिवार को पहली बरसी पर आयोजित की गयी श्रद्धांजलि सभा में तमाम भाजपा नेता और समाजिक संगठनों के लोगों ने पहुंचकर उमेशपाल और दोनो सुरक्षाकर्मी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

परिजनों ने कहा कि उमेश पाल की कमी हमेशा खलेगी। जया पाल ने लोकसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि वह उमेश पाल के पद चिन्हों पर चलना चाहती है और समाज की सेवा करना चाहती है। उन्होंने कहा कि अभी उनके परिवार को जान का खतरा है। क्योंकि अभी भी कई आरोपी बाहर है जो पकड़े नहीं जा सके है।

उनका पकड़ा जाना जरूरी है। उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी अतीक अहमद और उसके गैंग का अंत हो गया है। अतीक गैंग के 300 ज्यादा गुर्गे जेल भी भेजे जा चुके हैं। बता दें कि साल भर पहले 24 फरवरी 2023 को कचहरी से लौटते समय सुलेम सराय में घर के बाहर उमेश पाल की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की सुरक्षा में तैनात दो सरकारी गनर राघवेंद्र सिंह और संदीप निषाद भी मारे गए थे। उमेश पाल बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड के गवाह थे। 13 अप्रैल को झांसी में यूपी एसटीएफ ने एनकाउंटर में अतीक के बेटे असद और शूटर गुलाम को ढेर कर दिया। जबकि 15 अप्रैल को पुलिस कस्टडी में अतीक अहमद और अशरफ की हत्या कर दी गई। वहीं वारदात में शामिल पांच-पांच लाख के इनामी तीन शूटर्स बमबाज गुड्डू मुस्लिम, साबिर और अरमान फरार हैं। अतीक की पत्नी और पचास हजार की इनामी शाइस्ता परवीन भी फरार है।

अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और बहन आयशा नूरी भी वांटेड लिस्ट में है, लेकिन पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड में लगभग एक दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस अदालत में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। ट्रायल कोर्ट जल्द आरोप तय करने वाली है। पुलिस की मजबूत पैरवी के चलते अब तक किसी भी आरोपी की जमानत अर्जी मंजूर नहीं हुई है।

आरोपियों में अतीक अहमद का बहनोई डॉक्टर अखलाक अहमद, मुस्लिम बोर्डिंग हास्टल से गिरफ्तार सदाकत खान, अतीक के वकील खान सौलत हनीफ, वकील विजय मिश्रा और अन्य शामिल हैं। लखनऊ जेल में बंद अतीक अहमद का बड़ा बेटा मोहम्मद उमर और दूसरे नंबर का बेटा अली अहमद भी आरोपी बनाए गए हैं।

# लंबे इंतजार के बाद नई उड़ान भरने को एम्स तैयार, उद्घाटन आज

रायबरेली

**अमृत विचार।** चिकित्सा के क्षेत्र में जिले को मिले सौगात एम्स अब अपने पूरे वेग से चलने को तैयार है। रविवार को प्रधानमंत्री वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। वहीं मुख्यमंत्री समेत कई केंद्रीय और राज्यमंत्री एम्स परिसर में उपस्थित रहेंगे करीब दस साल के लंबे सफर के बाद एम्स अब उस पड़ाव में पहुंच गया है, जहां पर रोगियों को हर सुविधा मुहैया होने लगा है।

चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक सुख सुविधाओं वाले एम्स में बेहतर इलाज के कारण प्रदेश के कई जिलों से रोगी लेकर तीमारदार आने लगे हैं। हाल यह है कि अब तक ओपीडी में साढ़े छह लाख रोगी अपना पंजीकरण कराकर चिकित्सा सुविधा का लाभ ले चुके हैं। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के



प्रथम चरण में आवासीय भवन, छात्रावास और अस्थाई ओपीडी का निर्माण कार्य हुआ। वहीं दूसरे चरण में अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। वर्तमान में एम्स रायबरेली में अस्पताल संग एमबीबीएस और पीजी की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। कोविड काल में एम्स रायबरेली ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया है। वर्तमान में इसका लाभ रायबरेली के अलावा प्रतापगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, कौशाम्बी, फतेहपुर, उन्नाव, कानपुर आदि जनपदों के लोगों को मिल रहा है।

## सार-संक्षेप

### विद्युत विभाग के जेई पर गिरी गाज, एमडी ने किया निलंबित

**प्रयागराज, अमृत विचार।** महाकुंभ की तैयारियों में लापरवाही बरतने वाले जेई को एम डी ने कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया है। हेतापट्टी में अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान 132/33 केवी सब स्टेशन के निर्माण में कई अनियमितता पाए जाने पर यह कार्रवाई की गयी है। महाकुंभ 2025 से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अवर अभियंता पर शनिवार को गाज गिर गयी। कमिश्नर की जांच रिपोर्ट के बाद विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक ने जेई को निलंबित कर दिया। मामला हेतापट्टी से जुड़ा हुआ है। जिसमें विद्युत विभाग की ओर से कराए जा रहे 132/33 केवी विद्युत सब स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण अधिकारियों ने किया था। जिसकी रिपोर्ट जांच के बाद रिपोर्ट कमिश्नर को भेजी गई थी। रिपोर्ट में दर्शाया गया था कि निरीक्षण के दौरान कंक्रीट और ब्रिक मेनरी की गुणवत्ता सही नहीं थी। जिसमें विभागीय रिपोर्ट सामने आने पर पॉवर कार्पोरेशन के एमडी पी गुरु प्रसाद ने अवर अभियंता विद्युत अरुण कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया।

### अयोध्या रवाना हुआ श्रद्धालुओं का जत्था

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** नगर पंचायत कोहड़ौर की सीमा अंतर्गत स्थित टोल प्लाजा से शनिवार को हजारों श्रद्धालुओं का समूह जय श्रीराम के उद्घो के साथ अयोध्या में भगवान श्री राम लला के दर्शन के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, भाजपा के जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, शिव प्रकाश मिश्र, राकेश सिंह, शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह सहित जिले के सभी विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ के पदाधिकारियों के साथ महिला मोर्चा के पदाधिकारियों का भी समूह जय श्री राम का उद्घोष करते हुए रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए रवाना हुआ।

### संदिग्ध हालत में युवक ने खाया जहर, मौत

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे परिजनों ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। गंभीर हालत देखते हुए मौजूद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया है। रिंकू पुत्र रामदास निवासी दोस्तपुर काफी दिनों से बीमार था। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि अकसर कहा करता था कि हम किसी दिन जहर खा लेंगे और उसका कहना सत्य भी हुआ। शनिवार को सुबह उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे सीएचसी ले गए थे। हालत में कोई सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

